WWW.NAVPRADESH.COM
दैनिक नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 10 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

रायपुर, शुक्रवार, 13 दिसंबर 2024 कृष्ण शुक्ल पक्ष- द्वादशी, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-13 अंक- 300 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

पीओके में उठी बगावत की आंधी ने अब तूफान की शक्ल अख्तियार कर ली है। पाकिस्तान के हुक्मरानों की नींद उड़ गई है। तीन दिनों से पीओके में लाखों की भीड़ सड़कों पर उमड़ आई है और पाकिस्तान से आजादी की मांग करते हुए निर्णायक लड़ाई का शंखनाद कर रही है। पीओके से पाकिस्तान जाने वाले रास्ते बंद कर दिये गये है। गिलगिट ब्लूचिस्तान में भी चीन द्वारा बनाये गये हाईवे को बंद कर दिया गया है। लगता है पहले ही मुसीबतों से घिरी शहबाज शरीफ की सरकार पर दुबर पर दो आषाड़ वाली कहावत चरितार्थ होने वाली है।

एक राष्ट्र एक चुनाव विधेयक को केन्द्रीय केबिनेट की मंजूरी

नई दिल्ली (ए.)। संसद के शीतकालीन सत्र के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट की अहम बैठक हुई। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक राष्ट्र एक चुनाव विधेयक को मंजूरी दे दी। अब केंद्र सरकार शीतकालीन सत्र में इसे सदन में पेश कर सकती है। इससे पहले एक देश, एक चुनाव पर बनी कोविंद समिति की रिपोर्ट को 18 सितंबर को केंद्रीय कैबिनेट से मंजूरी मिल गई थी। प्रधानमंत्री मोदी ने सबसे पहले 2019 में 73वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर एक देश एक चुनाव के अपने विचार को आगे बढ़ाया था। उन्होंने कहा था कि देश के एकीकरण की प्रक्रिया हमेशा चलती रहनी चाहिए। 2024 में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर भी प्रधानमंत्री ने इस पर विचार रखा।

क्या है एक देश एक चुनाव की बहस?- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2019 के स्वतंत्रता दिवस पर एक देश एक चुनाव का जिक्र किया था। तब से अब तक कई मौकों पर भाजपा की ओर एक देश एक चुनाव की बात की जाती रही है। ये विचार इस पर आधारित है कि देश में लोकसभा और सभी राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हों। अभी लोकसभा यानी आम चुनाव और विधानसभा चुनाव पांच साल के अंतराल में होते हैं। इसकी व्यवस्था भारतीय संविधान में की गई है। अलग-अलग राज्यों की विधानसभा का कार्यकाल अलग-अलग समय पर पूरा होता है, उसी के हिसाब से उस राज्य ■ शेष पृष्ठ 6 पर

विपक्ष ने किया तीखा विरोध

सरकार ने देश में राजनीतिक सुधार की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण निर्णय करते हुए एक देश-एक चुनाव संबंधी विधेयक को मंजूरी दे दी है। कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल इस विधेयक को अलोकतांत्रिक और काला कानून बताते हुए सरकार पर हमलावर हो गये हैं। सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मंत्रिमंडल की गुरुवार को हुई बैठक में इससे संबंधित विधेयक को मंजूरी दी गयी। सूत्रों के अनुसार यह महत्वपूर्ण निर्णय इस संबंध में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित समिति की सिफारिशों के आधार पर किया गया है। कांग्रेस के प्रवक्ता जयराम रमेश ने इस विधेयक का विरोध करते हुए कहा कि ■ शेष पृष्ठ 6 पर

रायपुर जिले की जनपद और ग्राम पंचायतों में आरक्षण की तारीख तय

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारी तेज हो गई है। इस कड़ी में रायपुर जिले के जिला, जनपद और ग्राम पंचायतों में आरक्षण की तारीख तय हो चुकी है। रायपुर कलेक्टर गौरव कुमार सिंह ने सभी पंचायत जनप्रतिनिधियों के आरक्षण के लिए 17 और 19 दिसंबर तय कर दी है।

एनआईए के देशभर में 19 स्थानों पर छापे

श्रीनगर (वार्ता)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) की साजिशों से जुड़े एक मामले में चार राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में 19 स्थानों पर छापे मार रही है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एनआईए की दिल्ली इकाई में इस साल दर्ज एक मामले में ये छापे मारे जा रहे हैं। एजेंसी ने आज कहा, एनआईए आरसी-13/2024/एनआईए/डीएलआई के तहत जम्मू-कश्मीर के चार राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में 19 स्थानों पर छापे मार रही है।

राज्यसभा आज 11 बजे तक स्थगित

नयी दिल्ली (वार्ता)। राज्यसभा में गुरुवार को विपक्ष के सदस्यों द्वारा भोजनावकाश के बाद किये गये हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही शुक्रवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। सभापति जगदीप धनखड़ ने भोजनावकाश के बाद कार्यवाही शुरू करने की कोशिश की। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओब्रायन को व्यवस्था का प्रश्न उठाने के लिए कहा, लेकिन ब्रायन ने बंगालदेश के मुद्दे पर कुछ कहने की कोशिश तभी सभापति ने कहा कि तृणमूल सदस्य की बात को रिकार्ड में दर्ज किये जाने से मना कर दिया।

सबसे युवा विश्व शतरंज चैंपियन बने गुकेश

नई दिल्ली(ए.)। भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने गुरुवार को विश्व शतरंज चैंपियनशिप के 14वें और अंतिम दौर में चीन के डिंग लिरेन को हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। लिरेन को हराकर वह सबसे युवा विश्व शतरंज चैंपियन बन गए। 18 वर्ष की उम्र में उन्होंने इतिहास रच दिया। 6.5 अंकों के साथ खेल की शुरुआत हुई थी। अंतिम मैच भी ड्रॉ की तरफ बढ़ता दिख रहा था कि तभी लिरेन की एक गलती उनके लिए भारी पड़ गई और गुकेश को जीत दिला गई।

कांग्रेस ने लोकसभा में जारी किया व्हिप

नयी दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस ने शुक्रवार तथा शनिवार को संविधान पर हो रही विशेष चर्चा के लिए लोकसभा सदस्यों के लिए व्हिप जारी करके सभी सदस्यों को संसद में मौजूद रहने के लिए कहा है। लोकसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक के सुरेश ने गुरुवार को व्हिप जारी करते हुए कहा कि लोकसभा में 1& तथा 14 दिसम्बर को अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा होनी है और पार्टी के सभी सदस्यों को इस दौरान सदन में मौजूद रहना है। उन्होंने कहा, दोनों दिन सदस्यों को सुबह 11 बजे सदन में पहुंचना है और इस मुद्दे पर हर हाल में पार्टी के स्टैंड के समर्थन के लिए सदन के स्थगित होने तक मौजूद रहना है।

पोटा केबिन की एक और छात्रा की मौत

बीजापुर/नवप्रदेश। जिले के नैमड़ में संचालित होने वाले पोटाकेबिन छात्रावास में पढऩे वाली एक 15 वर्षीय छात्रा की उपचार से पहले मौत हो गई। जिसके बाद गुरुवार की सुबह उसके शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौप दिया गया। बीजापुर जिले के नैमेड़ में संचालित होने वाले पोटाकेबिन छात्रावास में पढऩे वाली एक 15 वर्षीय छात्रा की उपचार से पहले मौत हो गई। जिसके बाद गुरुवार की सुबह उसके शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौप दिया गया।

मुख्यमंत्री साय ने सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर जनता के नाम दिया संदेश

हम सफलता के साथ लगातार आगे बढ़ रहे : मुख्यमंत्री साय

■ **हमारी सरकार का पहला साल आप सभी की सहभागिता और विश्वास के साथ विकास के लिए रहा समर्पित**

रायपुर /नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर राज्य की जनता के नाम अपने संदेश में कहा है कि 13 दिसम्बर को हमारी सरकार का पहला साल पूरा हो रहा है। हमारा यह पहला साल आप सभी की सहभागिता और विश्वास के साथ विकास के लिए समर्पित रहा। बीते 12 महीनों में छत्तीसगढ़ प्रदेश ने विकास के नये आयाम स्थापित किए हैं। विकसित भारत के निर्माण के लिए विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के अपने संकल्प को पूरा करने की दिशा में हम सफलता के साथ लगातार आगे बढ़े हैं। इस दौरान हमने प्रदेश के सभी वर्गों के कल्याण के लिए काम किया और उपलब्धियां हासिल की, हमारी प्राथमिकता में वे लोग रहे जो सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े हुए हैं।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने हमें अंत्योदय का संदेश दिया है। इसी के अनुरूप हमने प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक विकास को पहुंचाने के लिए लगातार काम किया है। हमने राज्य के जनजातीय समाज के गौरव को फिर से ऊंचाई पर स्थापित करने में सफलता प्राप्त की है। उनकी आय और रोजगार में वृद्धि के लिए अनेक कदम उठाए गए। तेन्दूपत्ता संग्रहण दर 4 हजार रुपए मानक बोरा से बढ़ाकर 5 हजार 500 रुपए मानक बोरा कर दी गई, जनजातीय क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नई उद्योग नीति में पर्यटन को शामिल किया गया। उन्होंने कहा कि हमारी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मुख्यमंत्री ने प्रस्तुत किया एक वर्ष की उपलब्धियों का रिपोर्ट कार्ड

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने मंत्रिमण्डल के सदस्यों के साथ न्यू सर्किट हाउस सिविल लाईन में राज्य सरकार के एक वर्ष पूरे होने पर प्रेस कान्फ्रेंस को सम्बोधित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री साय ने महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसानों और तेंदूपत्ता संग्राहक हितग्राहियों को संबोधित पत्र विष्णु की पाती, मुख्यमंत्री साय के चुनिंदा भाषणों के चुनिंदा अंश पर आधारित उद्गार विजन और विचार, प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के अनुभव को दर्शाती पुस्तिका खुशियों का आशियाना, महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों के अनुभवों को दर्शाती पुस्तिका खुशियों का नोटिफिकेशन, राज्य शासन के विजन को दर्शाती सेवा ही सर्वोपरि, छत्तीसगढ़ सरकार की विगत एक वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित सुशासन का ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मुठभेड़; 7 नक्सली ढेर

जगदलपुर /नवप्रदेश। बस्तर में एक बार फिर सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। अबूझमाड़ क्षेत्र में जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है, जिसमें 7 वर्दीधारी नक्सली ढेर हुए हैं। सर्चिंग में सभी के शव बरामद कर लिए गए हैं। अभी भी रुक-रुक कर फायरिंग हो रही है। सुरक्षा बलों का सर्च अभियान भी जारी है।

सुबह तीन बजे से संयुक्त सुरक्षा बलों की टीम और नक्सलियों के बीच रुक-रुककर मुठभेड़ जारी है। पुलिस नक्सलियों की फायरिंग का मुंहतोड़ जवाब दे रही है। बताया जा रहा है कि नक्सल विरोधी सर्च अभियान में नारायणपुर, दंतेवाड़ा, जगदलपुर, कोंडागांव जिले की डीआरजी के साथ एसटीएफ-सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी दक्षिण अबूझमाड़ क्षेत्र में रवाना हुई थी। जहां गुरुवार की सुबह तीन बजे से संयुक्त सुरक्षा बलों की टीम और नक्सलियों के बीच रुक-रुक कर मुठभेड़ चल रही है। वहीं, नक्सलियों के द्वारा की जा रही गोलीबारी का पुलिस जवानों के द्वारा मुंहतोड़ जवाब दिया जा रहा है। नारायणपुर जिले के दक्षिण अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच गुरुवार को गोलीबारी हो रही है। बस्तर आईजी सुंदरराज ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जवानों की बहादुरी को सलाम : मुख्यमंत्री साय

नारायणपुर-दंतेवाड़ा जिले के दक्षिण अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षाबलों के साथ हुए मुठभेड़ में 7 नक्सलियों के मारे गए हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने

सोशल मीडिया प्लेटफार्म में जानकारी साझा करते हुए इसे सुलक्षाबलों की बड़ी सफलता करार देते हुए जवानों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर किए अपने पोस्ट में कहा कि इस अभियान में शामिल सभई सुरक्षा अधिकारियों, जवानों की बहादुरी को सलाम करता हूं, बधाई देता हूं। नक्सलवाद के खात्मे तक हमारी यह लड़ाई जारी रहेगी।

महादेव सट्टा ऐप : अवैध सट्टे के नेटवर्क के जरिए ऐप का जाल तेजी से फैला

10 आरोपियों की न्यायिक रिमांड 1 फरवरी तक बढ़ी

रायपुर /नवप्रदेश। प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को महादेव सट्टा मामले के 10 आरोपियों की न्यायिक रिमांड खत्म होने के बाद कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने सुनवाई के बाद सभी 10 आरोपियों को 1 फरवरी, 2025 तक के लिए न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित महादेव घोटाले मामले में गिरफ्तार आरोपियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

आरोपियों की पेशी

महादेव घोटाले मामले में गिरफ्तार आरोपी गिरीश तलरेजा, नितिन टिंबरेवाल, सतीश चंद्राकर, चंद्रभूषण वर्मा, भीम सिंह यादव, सूरज चौखानी, नीतीश दीवान, असीम दास, अमित अग्रवाल, सुनील दमानी को ईडी की विशेष कोर्ट में पेश किया गया।

महादेव सट्टा ऐप?: महादेव सट्टा ऐप सट्टे के लिए बनाया गया है। इस पर यूजर पोकर, कार्ड गेम, चांस गेम नाम के लाइव गेम खेलते हैं। ऐप के जरिए क्रिकेट, बैडमिंटन, टेनिस, फुटबॉल और चुनाव जैसे खेलों में भी अवैध सट्टा लगाया जाता है। अवैध सट्टे के नेटवर्क के जरिए ऐप का जाल तेजी से फैला। सबसे ज्यादा खाते छत्तीसगढ़ में खोले गए।

राजनांदगांव में सीबीआई की दबिश, आरती वासनिक से जुड़ा है मामला

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित पीएससी घोटाला मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो का ताबड़तोड़ एक्शन जारी है। सूत्रों के मुताबिक, सीबीआई ने आज राजनांदगांव में पूर्व परीक्षा नियंत्रक रही आरती वासनिक से जुड़े एक शख्स के घर पर छापा मारा है और उन्हें पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। सीबीआई सूत्रों के अनुसार जांच एजेंसी ने 4 दिन पहले आरती वासनिक के राजनांदगांव स्थित घर पर दबिश दी थी। उस दौरान सीबीआई को कुछ ठोस सबूत मिले। उन्हीं साक्ष्य के आधार आज राजनांदगांव में यह कार्रवाई की गई। इस मामले में सीबीआई ने पूर्व चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी और उद्योगपति श्रवण गोयल को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है, और फिलहाल उनसे पूछताछ जारी है। दोनों ही न्यायिक रिमांड पर जेल में बंद हैं। गौरतलब है कि कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार में साल 2019 से 2022 तक सीजीपीएससी परीक्षा के तहत भर्तियां हुई थीं। इसमें कैंडिडेट्स के सिलेक्शन प्रोसेस को लेकर विवाद बना। जिसके बाद ईओडब्ल्यू और अर्जुंदा पुलिस ने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आईपीएस जीपी सिंह बहाल, गृह मंत्रालय ने जारी किया आदेश

रायपुर/नवप्रदेश। 1994 बैच के छत्तीसगढ़ कैडर के आईपीएस गुरजिंदर पाल सिंह (जीपी सिंह) को 20 जुलाई 2023 गृह मंत्रालय के आदेश के तहत सेवानिवृत्त किया गया था। जिसे आईपीएस ने कैट में चुनौती दी। 20 जुलाई 2023 को पारित निलंबन आदेश को खारिज करते हुए उसी दिनांक से पद पर बहाल किया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 12 दिसंबर को आदेश जारी कर आईपीएस जीपी सिंह को पुनः सेवा में बहाल कर दिया है। केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण द्वारा पारित आदेश के मद्देनजर गृह मंत्रालय ने आदेश जारी किया है। कैट ने 10 अप्रैल 2024 गृह मंत्रालय का आदेश रद्द करते हुए उन्हें सेवा में बहाल करने और सभी लाभ देने के निर्देश दिए। गृह मंत्रालय ने कैट के आदेश को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी, लेकिन हाईकोर्ट ने 23 अगस्त को याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद गृह मंत्रालय ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर की, जिसे 10 दिसंबर 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने भी खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के फैसले और अन्य कानूनी राय को ध्यान में रखते ■ शेष पृष्ठ 6 पर

केन्द्रीय मंत्री जेपी नड्डा आज राजधानी रायपुर में

रायपुर /नवप्रदेश। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा 13 दिसम्बर को एक दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर आ रहे हैं। वे छत्तीसगढ़ सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर स्थानीय साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित जनादेश परब कार्यक्रम में शामिल होंगे। केन्द्रीय मंत्री नड्डा दोपहर 3 बजे स्वामी विवेकानंद विमानतल पहुंचेंगे और वहां से सीधे साइंस कॉलेज मैदान जाएंगे, जहां वे जनादेश परब कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम के पश्चात शाम 4.55 बजे कुशाभाऊ ठाकरे परिसर पहुंचेंगे। केन्द्रीय मंत्री नड्डा शाम 6.40 बजे पूर्व राज्यसभा सदस्य स्वर्गीय गोपाल व्यास के निवास जाएंगे। इसके बाद वे 7.40 बजे स्वामी विवेकानंद विमानतल पहुंचेंगे और दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

विधायक देवेंद्र यादव की जमानत याचिका पर सुनवाई, फैसला सुरक्षित

बिलासपुर/नवप्रदेश। बलौदाबाजार हिंसा मामले में आरोपी भिलाई विधायक देवेंद्र यादव की जमानत अर्जी पर हाईकोर्ट में गुरुवार को जस्टिस एनके व्यास की सिंगल बेंच ने सभी पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रखा है।

मामले में कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव पर भीड़ को उकसाने का आरोप है।

बलौदाबाजार जिले में 10 जून को हुई आगजनी की घटना में कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव को मुख्य आरोपी बनाया गया है। इनके खिलाफ बलौदाबाजार पुलिस ने 449 पेज का विस्तृत अभियोग पत्र तैयार कर न्यायालय में पेश किया था।अभियोग पत्र में देवेंद्र यादव पर हिंसा, दंगा फैलाने, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और अन्य गंभीर आरोप लगाए गए हैं। मामले में उनको बलौदाबाजार पुलिस ने 17 अगस्त को भिलाई स्थित निवास से गिरफ्तार किया था।

गरमा-गरम

कलाकार का दर्द ... यास्मीन सिंह के बाद संस्कृति अधिकारी और विधायक मदद के लिए पहुंचे

प्रख्यात नृत्यांगना यास्मिन सिंह ने तीजन बाई को दिए एक लाख

रायपुर /नवप्रदेश। प्रख्यात नृत्यांगना यास्मिन सिंह ने पद्मश्री पंडवानी गायिका तीजन बाई के लिए अपनी ओर से एक लाख रुपए की आर्थिक मदद की है। अपने व्यक्तिगत खाते से यास्मिनसिंह ने यह राशि प्रदान की है। उन्होंने प्रख्यात पंडवानी गायिका तीजन बाई के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। गौरतलब है कि तीजन बाई के पारिवारिक सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार नृत्यांगना यास्मिन सिंह ने तीजन बाई की बहू से बातचीत कर उनका हालचाल जाना और उनके स्वास्थगत विषय के लिए जरूरत पडऩे पर उनसे पुनः संपर्क करने कहा है। यास्मिन सिंह के बाद पद्मविभूषण तीजन बाई की सरकार ने सुध ली है। खराब स्वास्थ्य और पेंशन को लेकर आ रही परेशानी की खबर सामने आने के बाद संस्कृति विभाग और विधायक रिकेश सेन और कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी की मदद पहुंची है।

सहारा बनीं डॉ. यास्मीन सिंह : पंडवानी लोक गायिका तीजन बाई 2 साल से लकवाग्रस्त हैं। तीजन बाई ने राज्य के संस्कृति विभाग को पत्र लिखकर 88 हजार रुपए की आर्थिक सहायता और पेंशन के लिए आवेदन किया था, लेकिन उन्हें कोई मदद नहीं मिली। इसके बाद नृत्यांगना डॉ. यास्मीन सिंह ने उनकी मदद की।

पंडवानी लोक गायिका तीजन बाई की आर्थिक मदद के लिए अडानीग्रुप के प्रेसिडेंट अमन सिंह की पत्नी और जानी मानी नृत्यांगना डॉ. यास्मीन सिंह आगे आई हैं। डॉ. यास्मीन छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम रमन सिंह के प्रमुख सचिव रहे अमन सिंह की पत्नी हैं। गौरतलब है कि महाकाव्य महाभारत से पांडवों की कहानियों को पारंपरिक कथा गायन शैली में गाने वाली तीजन बाई 2 साल से लकवाग्रस्त हैं।

पंडवानी की सशक्त और भावपूर्ण प्रस्तुतियों के लिए मशहूर पद्मश्री, पद्मभूषण और पद्म विभूषण से सम्मानित अंतरराष्ट्रीय कलाकार तीजन बाई इन दिनों दर्द के भयंकर दौर से गुजर रही हैं। उनकी आर्थिक स्थिति भी खराब हो गई है और उनका स्वास्थ्य भी लगातार गिरता जा रहा है। उन्हें पिछले 8 महीने से पेंशन तक नहीं मिल रही है। तीजन बाई ने प्रदेश के संस्कृति विभाग को खुद पत्र लिखकर 88 हजार रुपए की सहायता राशि और पेंशन के लिए आवेदन किया था, लेकिन अभी तक उन्हें दोनों में से किसी भी तरह की सहायता नहीं मिली है।

डॉ. यास्मीन सिंह ने की मदद

यास्मीन सिंह को जैसे ही तीजन बाई के बारे में जानकारी मिली वैसे ही उन्होंने तीजन बाई के इलाज के लिए 1 लाख रुपए की मदद कर डाली । बता दें कि यास्मीन भी एक कथक नृत्यांगना हैं जो एक कलाकार के दर्द को समझती हैं। यास्मीन सिंह ने ग्वालियर के राजा मान सिंह तोमर संगीत विश्वविद्यालय से कथक में डॉक्टरेट की उपाधि हासिल की। उन्होंने खैरागढ़ के इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय से कथक में मास्टर डिग्री हासिल की थी।

सेवा को मिशन मानती हैं यास्मीन

यास्मीन सिंह का करियर उल्लेखनीय रहा है, जिसमें उन्होंने प्रशासक, विचारक और समर्पित सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में विभिन्न भूमिकाएं निभाई हैं। एक निपुण कथक कलाकार होने के अलावा, उनकी शैक्षणिक पृष्ठभूमि भी मजबूत है। उनके पास कथक में पीएचडी, इतिहास और सामाजिक कार्य में ट्रिपल एमए (मास्टर ऑफ आट्र्स) और इतिहास में एम.फिल है। छत्तीसगढ़ सरकार के स्व'छ भारत मिशन के निदेशक के रूप में उनकी दीर्घकालिक भूमिका में यास्मीन सिंह की नेतृत्व क्षमता स्पष्ट है।

विष्णु के सुशासन से सँवर रहा छत्तीसगढ़
सुशासन और विश्वास के
जनादेश के
1 वर्ष
भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं
केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री
श्री जेपी नड्डा जी
का छत्तीसगढ़ की पावन धरा पर
हार्दिक अभिनंदन...
जनादेश
परब
विशाल जनसभा
दोपहर 02:00 बजे
साइंस कॉलेज मैदान, रायपुर
श्री जेपी नड्डा जी
के करकमलों द्वारा
स्मृति मंदिर
का
लोकार्पण
सायं 04:30 बजे
भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय
कुशाभाऊ ठाकरे परिसर, रायपुर, छत्तीसगढ़
भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़

सुशासन का 1 साल
छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल
25 रजत जयंती वर्ष छत्तीसगढ़
जनादेश परब
पर प्रदेश की जनता का
कोटि-कोटि आभार...
13 दिसम्बर 2024
श्री जगत प्रकाश नड्डा
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण,
रसायन एवं उर्वरक मंत्री, भारत सरकार
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
हमसे जुड़ने के लिए
QR स्कैन करें
हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे
ChhattisgarhCMO
DPRChhattisgarh
www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
संवाद - 42399

सुविचार

अपने जख्म सबको न दिखाओ। सबके घर में मरहम नहीं होता अलबत्ता सबके घर में नमक जरूर होता है। - अज्ञात

गतिरोध के लिए जिम्मेदार कौन

ससंद का शीतकालीन सत्र पिछले अन्य सत्रों की तरह ही हंगामों की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। पिछले 12 दिनों से संसद में काम नहीं हो रहा है। लोकसभा और राज्यसभा दोनों में ही सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप प्रत्यारोप लगाये जाने के कारण संसद में सिर्फ हंगामा हो रहा है जिसके चलते बार बार सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ रही है। सत्ता पक्ष और विपक्ष इस गतिरोध के लिए एक दूसरे को जिम्मेदार ठहरा रहे है। सत्ता पक्ष के नेताओं का कहना है कि वे सदन को चलाना चाहते है लेकिन विपक्ष हंगामा खड़ा करके संसद की कार्यवाही को बाधित कर रहा है। वहीं विपक्ष के नेताओं का कहना है कि विपक्ष भी संसद चलाना चाहता है लेकिन सत्ता पक्ष उनकी आवाज को दबाना चाहता है। इसलिए हंगामा हो रहा है। विपक्ष के नेता राहुल गांधी का कहना है कि सत्ता पक्ष की जिम्मेदारी है कि वह सदन को सुचारू रूप से चलाये। लेकिन सत्ता पक्ष सदन चलाने का इच्छुक नहीं है। कांग्रेस की सांसद प्रियंका गांधी ने भी यही बात कही है उनका आरोप है कि सत्ता पक्ष को सदन चलाना ही नहीं आता। समझ में नहीं आता कि जब सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही संसद की कार्यवाही जारी रखने के पक्ष में है तो फिर सदन में गतिरोध कौन पैदा कर रहा है। गौरतलब है कि संसद का शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले हुई सर्वदलीय बैठक में यह तय किया गया था कि संसद में प्रश्नकाल और शून्यकाल चलाया जायेगा। क्योंकि प्रश्नकाल और शून्यकाल के दौरान सांसद अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को रखते है और सरकार का ध्यान आकर्षित करते है किन्तु संसद में प्रश्नकाल और शून्यकाल भी नहीं हो रहे है। जिसकी वजह से जनता से जुड़े मुद्दे सदन में नहीं उठ पा रहे है। ऐसे में सांसदों को अपने क्षेत्र के मतदाताओं के सामने शर्मिंदगी उठानी होगी। खासतौर पर उन नये सांसदों को जो पहली बार सदन में आये है। वे खुद को असहाय महसूस कर रहे है। संसद के मौजूदा सत्र के खत्म होने में अब दस दिन ही रह गये है। और इन बचे दिनों में भी इसी तरह हंगामा होता रहा तो कई महत्वपूर्ण विधेयक अधर में लटक कर रह जाएंगे। संसद की कार्यवाही में प्रति मिनट ढाई लाख रूपये का खर्च आता है इस हिसाब से अब तक करोड़ों रूपये पानी में बह गये है। यह पैसा आम जनता के गाढ़े खून पसीने की कमाई है और उसी जनता के मुद्दे ससंद में उठ नहीं पा रहे है। यह कतई उचित नहीं है। संसद का गतिरोध टूटना चाहिए और इसके लिए सत्ता और विपक्ष दोनों को ही अपनी हटधर्मिता छोड़नी चाहिए। यह ठीक है कि सदन को चलाना सत्ता पक्ष की जिम्मेदारी है लेकिन विपक्ष को भी अपनी जिम्मेदारी का ऐहसास होना चाहिए। यदि विपक्ष का मकसद सिर्फ हंगामा खड़ा करना है तो ऐसी स्थिति में संसद भला कैसे चल पायेगी। माननीय सांसदों को यह सोचना चाहिए कि जिस जनता ने उन्हें चुनकर संसद में भेजा है उससे जुड़े मुद्दा को संसद में उठाना और जनता की समस्याओं का समाधान करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। और वे अपनी यह जिम्मेदारी तभी उठा पाएंगे जब सदन चलेगा। यदि सदन इसी तरह अखाड़ा बनकर रह जायेगा तो इन माननीयों को जनता के सवालों का सामना करना पड़ेगा। बेहतर होगा कि सांसद अपनी जिम्मेदारी समझे और सदन को सुचारू रूप से चलाने के लिए इस गतिरोध को तत्काल तोड़े।

अविश्वास प्रस्ताव के नाम पर नौटंकी

राज्यसभा के सभापति उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के खिलाफ विपक्ष के आठ सांसदों ने अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया है। अब इसी नोटिस के नाम पर राज्यसभा में हंगामा हो रहा है। विपक्ष को यह अधिकार है कि यदि सभापति उनके साथ भेदभाव करते है तो वे सभापति के खिलाफ अविश्वास व्यक्त करें। किन्तु इसके भी नियम कायदे है। नियमानुसार सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के लिए चौथा दिन पहले नोटिस दिया जाता है। जबकि अब संसद के शीतकालीन सत्र को समाप्त होने में सिर्फ दस दिन ही बाकी रह गये है। ऐसी स्थिति में सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस देने का कोई तुक नहीं है। वैसे भी अविश्वास प्रस्ताव के लिए राज्यसभा में 116 सांसदों का समर्थन जरूरी है। जबकि विपक्ष के सांसदों की संख्या 80 है। लोकसभा में भी नंबर गेम में विपक्ष सत्ता पक्ष से पीछे है। ऐसे में अविश्वास प्रस्ताव का गिरना लाजमी है। इन सब तथ्यों से वाकिफ होते हुए भी विपक्ष ने राज्यसभा के सभापति के खिलाफ जो अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया है वह राजनीतिक नौटंकी के अलावा कुछ भी नहीं है। विपक्ष के नेता सभापति जगदीप धनखड़ पर विपक्ष की अनदेखी करने का आरोप लगा रहे है। यही नहीं बल्कि यह कह रहे है कि वे स्कूल के हैड मास्टर की तरह व्यवहार करते है। ऐसा आरोप लगाने वाले विपक्ष के नेता पहले अपने गिरेबां में झांक ले कि वे सदन में कैसा व्यवहार करते है। सदन के चेयर को चियर गर्ल कहते हैं। संसद परिसर में सभापति की मिमिक्री करते है और उसका वीडियो बनाकर वायरल करते है। राज्यसभा में विपक्षी सांसदों ने जो हंगामा किया और सदन की मर्यादा तोड़ी उसके लिए जब सभापति ने उन्हें पिछले सत्र के दौरान निलंबित किया तो भी उनपर तरह-तरह के आरोप लगाये गये थे। अब सभापति के खिलाफ अविश्वास व्यक्त कर उनपर दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है जो विफल होगी। अविश्वास प्रस्ताव मंजूर ही नहीं हो पायेगा। बेहतर होगा कि विपक्ष इस तरह की नौटंकी करना बंद करे।

प्रेरक प्रसंग

संत का स्वागत-सत्कार देख, उन्हें बड़ी उत्सुकता हुई, पूछा तो पता चला कि संत ने मौन रहकर गहन तपस्या की है और बहुत सी सिद्धियों के स्वामी भी हैं। बस, फिर क्या था, मूर्खा ने सोचा कि सम्मान प्राप्त करने का सबसे सुगम उपाय यही है। चारों ने एक दीया लिया और जंगल में एक अंधेरी गुफा ढूंढ़कर उसमें जा बैठे। निर्णय किया कि मौन रहेंगे तो देखा-देखी सिद्धियां हमारे पास दौड़ी चली आएंगी, फिर सम्मान मिलने में क्या देरी है। थोड़ा वक्त ही गुजरा था कि दीये की लौ लपलपाने लगी। उनमें से एक बोला-

"अरे कोई दीये में तेल तो डालो।" दूसरा तुरंत बोला - "बेवकूफ! बातें थोड़ी करनी थीं।" तीसरा कहने लगा- "तुम दोनों मंदबुद्धि हो। मेरी तरह चुप नहीं बैठ सकते ?"

चौथा भी कहा शांत रहने वाला था, वह बोला- "सबके सब बोल रहे हो, सिर्फ मैं हूँ कि चुप बैठा हूँ।" मूढ़ ऐसे ही अनर्थ के प्रपंचों में समय गंवाते हैं; जबकि बुद्धिमान विवेक का उपयोग कर, जीवन को समर्थ व सुदृढ़ बनाते हैं।

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:00, सूर्यास्त : 17:41, चन्द्रोदय : 14:58, चन्द्रास्त : 28:58, अयन दक्षिणायन, ऋतु : हेमंत, शक सम्वत : 1946 (क्रोधी), *विक्रम सम्वत: 2081 (कालयुक्त) पिंगल, संवत्सर: क्रोधी, संवत्सर :(उत्तर) कालयुक्त, युगाब्द : (कलि संवत) 5126, मास : मार्गशीर्ष, पक्ष : शुक्ल, तिथि : त्रयोदशी, नक्षत्र : भरणी, योग : शिव, प्रथम करण : बव (11:48 तक),द्वितीय करण : बालव (22:26 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : वृश्चिक, चंद्र : मेष (11:47 से), मंगल : कर्क (उदित, पूर्व, वक्री), बुध : वृश्चिक (उदित, पश्चिम, वक्री), गुरु : वृष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : मकर (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:59 से 12:42, राहुकाल : 10:30 से 12:00, यमगण्ड : 07:00 से 08:20, दुर्मुहूर्त : 10:33 से 11:16,अमृत काल : 27:26 से 28:54, सर्वार्थ सिद्धि योग : 06:59 से 09:52, विजय मुहूर्त : 14:08 से 14:51, गोधूलि मुहूर्त : 17:40 से 18:07, सायाह्न सन्ध्या : 17:43 से 19:02, निशिता मुहूर्त : 23:55 से 24:48, ब्रह्म मुहूर्त : 29:13 से 30:06,राहुवास : दक्षिण, होमाहुति : शनि, दिशा शूल : दक्षिण, अग्निवास : पाताल (22:26 से पृथ्वी), चन्द्रवास : पूर्व, शिववास : कैलाश पर (22:26 से नंदी पर)।

चन्द्र शेखर गंगराड़े
पूर्व प्रमुख सचिव छत्तीसगढ़ विधानसभा

मुख्यमंत्री जी की सहजता, सरलता का एक और उदाहरण हाल ही में देखने को मिला, जब महतारी वंदन योजना की राशि हितग्राहियों के खाते में ट्रांसफर की जा रही थी तो एक आम महिला जो उनसे मिलने आई थी, उससे ही उन्होंने राशि ट्रांसफर करवा कर, एक आम महिला को सम्मान दिया.

विष्णु के सुशासन का एक वर्ष पूर्ण होने के साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य को बने 24 वर्ष पूर्ण हो गए हैं और राज्य 25वें वर्ष में प्रवेश कर, रजत जयंती वर्ष में प्रवेश कर रहा है और उसकी औपचारिक शुरूआत पूर्व प्रधानमंत्री स्व.श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मदिन 25 दिसंबर के दिन से हो रही है, जिसे छत्तीसगढ़ राज्य सहित संपूर्ण देश में सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है, से हो रही है. माननीय मुख्यमंत्री जी ने शपथ ग्रहण के साथ ही मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए पहल प्रारंभ कर दी.

छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव के सुशासन का एक वर्ष

चतुर्थ विधान सभा के आम चुनाव में जब कांग्रेस पार्टी को अप्रत्याशित बहुमत मिला और भूपेश बघेल मुख्यमंत्री बने, तब भूपेश है तो भरोसा है के नारे के साथ, कांग्रेस पार्टी पंचम् विधान सभा के आम चुनाव में उतरी थी लेकिन छत्तीसगढ़ की जनता ने भूपेश है तो भरोसा है के नारे पर भरोसा न कर, मोदी की गारंटी पर विश्वास व्यक्त किया और प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी जिसके मुखिया के रूप में पार्टी ने सहज, सरल, सौम्य व्यक्तित्व के धनी विष्णु देव साय को मुख्यमंत्री के रूप में नियुक्त किया। इस प्रकार छत्तीसगढ़ में मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन का युग प्रारंभ हुआ और डबल इंजन की सरकार के साथ छत्तीसगढ़ ने विकास की पटरी पर तेजी से दौड़ना प्रारंभ किया।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के एक वर्ष के कार्यकाल में उल्लेखनीय उपलब्धियों की यदि यहां चर्चा की जाये तो इस एक वर्ष में उनके द्वारा लिए गए निर्णयों का दूरगामी असर छत्तीसगढ़ के विकास पर आगामी दो-तीन वर्षों में परिलक्षित होगा लेकिन मुख्यमंत्री का जो व्यक्तित्व है जो उनकी सादगी, सहजता, सरलता, सौम्यता है, उससे उनकी प्रशासनिक कुशलता का परिचय मिलता है. बड़ी ही सहजता से कठोर निर्णय लेने से भी वे नहीं चूकते। नक्सल अभियान में जो सफलता विगत एक वर्ष में हासिल हुई है, वह इसका जीवंत उदाहरण है और जिस प्रकार नक्सलियों से मुठभेड़ में नक्सली मारे जा रहे हैं, उससे ऐसा प्रतीत होता है कि प्रदेश शीघ्र ही नक्सलमुक्त होने की दिशा में अग्रसर है. साथ ही नक्सली क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए उन्होंने नियद नेल्लानार योजना की शुरूआत की है और प्रशासन इस योजना पर प्राथमिकता से कार्य कर रहा है। साथ ही नक्सली समस्या के उन्मूलन के लिए, नक्सलियों को आत्मसमर्पण करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है.

मुख्यमंत्री की सहजता, सरलता का एक और उदाहरण हाल ही में देखने को मिला, जब महतारी वंदन योजना की राशि हितग्राहियों के खाते में ट्रांसफर की जा रही थी तो एक आम महिला जो उनसे मिलने आई थी, उससे ही उन्होंने राशि ट्रांसफर करवा कर, एक आम महिला को सम्मान दिया.

विष्णु के सुशासन का एक वर्ष पूर्ण होने के साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य को बने 24 वर्ष पूर्ण हो गए हैं और राज्य 25वें वर्ष में प्रवेश कर, रजत जयंती वर्ष में प्रवेश कर रहा है और उसकी औपचारिक शुरूआत पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मदिन 25 दिसंबर के दिन से हो रही है, जिसे छत्तीसगढ़ राज्य सहित संपूर्ण देश में सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है, से हो रही है. मुख्यमंत्री ने शपथ ग्रहण के साथ ही मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए पहल प्रारंभ कर दी।

इस अवधि में उन्होंने शराब माफिया पर नकेल कसते हुए शराब के व्यवसाय में बिचौलिया की इंट्री खत्म कर दी और सीधे शराब निर्माता कंपनियों से शराब क्रय की नीति लागू की जिससे राज्य के राजस्व में वृद्धि होगी, साथ ही धान की मीलिंग में जो दिक्क़तें थी, उसे दूर करते हुए मीलिंग चार्ज को कम कर दिया, जिससे प्रदेश के राजस्व की बचत भी हो रही है।

इस एक वर्ष के कार्यकाल में विष्णु देव साय की सरकार का एक और महत्वपूर्ण कदम, संपत्ति के क्रय-विक्रय की प्रक्रिया में सुधार और सिस्टम में पारदर्शिता लाना है और इसके साथ ही मध्यम वर्ग को लाभ पहुंचाने की दृष्टि से गवर्नमेंट गाईड लाईन दर पर ही मकानों के क्रय विक्रय पर रजिस्ट्री शुल्क लेने का निर्णय लिया गया, जिससे ऐसे मध्यमवर्गीय परिवार, जिनके पास स्वयं की बचत नहीं होती थी और वास्तविक विक्रय मूल्य की राशि पर बैंक से ऋण लेना पड़ता था, उन्हें काफी राहत मिलेगी.

विष्णु के सुशासन की मॉनीटरिंग के लिए भी एक पृथक से सुशासन विभाग बनाया गया है, ताकि शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जा सके।

हाल ही में उनकी एक दूरदर्शी सोच के कारण जशपुर जिले का एक महत्वपूर्ण दर्शनीय स्थल पर्यटन के मानचित्र में तेजी से उभरा है. प्रदेश के मधेश्वर पर्वत को पर्यटन के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की पहचान प्राप्त हुई है. मधेश्वर को सबसे बड़ा प्राकृतिक शिवलिंग माना जाता है।

इस प्रकार इस एक वर्ष में मुख्यमंत्री ने अपने सहज, सरल स्वभाव के कारण न केवल छत्तीसगढ़ के विकास को गति दी है, वहीं जनसामान्य की समस्याओं के निराकरण के लिए जनदर्शन के माध्यम से उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण का प्रयास भी किया गया है, जिससे जनमानस के मन में न केवल उनके प्रति सम्मान का भाव जागृत हुआ है बल्कि उनके सुशासन के प्रति भी आम जन में विश्वास की भावना परलक्षित हो रही है। 13 दिसम्बर को मुख्यमंत्री का एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कृपया उक्त आलेख आपके समाचार पत्र में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता।1920 में 13 दिसंबर के दिन ही नीदरलैंड के हेग में लीग ऑफ नेशनस का अंतरराष्ट्रीय न्यायालय स्थापित किया गया था। 1921 में आज ही के दिन बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी का उद्घाटन 'प्रिंस ऑफ वेल्स' ने किया था। 1955 में 13 दिसंबर के दिन ही भारत और सोवियत संघ ने पंचशील प्रकाशन को स्वीकार किया था। 1961 में आज ही के दिन मंसूर अली ख़ान पटौदी ने अपना टेस्ट मैच करियर दिल्ली में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू किया था। 1974 में 13 दिसंबर के दिन ही माल्टा गणतंत्र बना था। 1981 में आज ही के दिन पोलैंड में सेना द्वारा सत्ता पर कब्ज़ा किया गया था। 1989 में 13 दिसंबर के दिन ही गृह मंत्री मुफ़्ती मोहम्मद सईद की बेटी को आतंकियों से छुड़ाने के बदले पांच आतंकवादियों को जेल से छोड़ा गया था। 1996 में आज ही के दिन कोफी अन्नान संयुक्त राष्ट्र के महासचिव चुने गए थे। 2001 में 13 दिसंबर को ही दिल्ली स्थित भारतीय संसद पर आतंकी हमला हुआ था। 2001 में आज ही के दिन इस्त्रायल ने यासिर अराफात से संपर्क तोड़े थे।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

पहन कर रँग

पहन कर रँग मौसम के गुलाबों सी महकती हूँ। झटकती जुल्फसे बादल मैं सावन सी बरसती हूँ,खिली ज्यों धूप बासन्ती पिया पहलू में आ तेरे, लगा कर प्रीति का काजल मैं कोयल सी चहकती हूँ। - **किरण मिश्रा**

एक हलचल

एक हलचल है मेरे सीने में दर्द पल - पल है मेरे सीने में प्यार का फूल खिल नहीं पाया कैसा मरुथल है मेरे सीने में मौत का इंतिज़ार करता हूँ इश्क़ का फल है मेरे सीने में बेवफ़ा तोड़कर गया है दिल प्यार घायल है मेरे सीने में कोई मंज़र हसीं नहीं अंदर कैसा जंगल है मेरे सीने में उनकी नज़रों के तीर ऐसे चले ज़ख़्म बोझल है मेरे सीने में क्यूँ ये करता है चाँद की चाहत दिल जो पागल है मेरे सीने में इश्क़ का ये कमाल है 'ऐनुल' उनका आँचल है मेरे सीने में - **'ऐनुल' बरौलवी**

खास पाती | रात कभी सोती नहीं जागती

रात कभी सोती नहीं जागती रहती है सुबह होने तक धूप दोहपर में कभी अलसाती नहीं बस चमकती रहती है नई नवेली दुल्हन की तरह फिर भावनाएँ ही क्यों कभी अलसाती हैं कभी अँगड़ाई लेती हैं और कभी थक कर सो जाती हैं सितारों की ख़ामोश चादर ओढ़ कर कहीं इनका प्रेम से कोई संबंध तो नहीं है न मांझी, न नैया और न ही नदी की धारा मेरे सवाल का जवाब दे सकी और मैं लौट आया नदी और समय के किनारे पर कुछ अनमना सा , कुछ गुमसुम सा अनुत्तरित प्रश्नों को आकाश की ओर उछालकर - **रामकिशोर उपाध्याय**

कब कहा मै ने चांद सूरज चाहिए

कब कहा मै ने चांद सूरज चाहिए। आसमां बस मुझे मुट्ठी भर चाहिए।। ये बीमारी दवाओं से मिटती नहीं। अब दुआओं में ही कुछ असर चाहिए।। और खूबी कोई मुझमें हो या न हो। जीतने का दिलों को हुनर चाहिए।। आग दोनो तरफही बराबर तो हो। जो लगी है इधर भी उधर चाहिए।। उनका दीदार हो नींद उड़ जाए फिर। ख्वाब इतना नहीं थोड़ा कम चाहिए।। वफ़ा से मांग है ये "कमल" मेरी। हो ठिकाना कहीं उम्र भर चाहिए।। आज का दिन हम सबके लिए मंगलमय हो। - **कमलकांत डोंगरे**

आँखें ढूँढती रही बस इधर-उधर

आँखें ढूँढती रही बस इधर-उधर निर्जन से संसार में आशियाँ आशियाँ जालीनुमा सा ऊँची-ऊँची दीवारें खिड़कियों से झाँक रही घुटन घुटन पीड़ा भरी तन मन की सिसकियां बस कहे तड़प तड़प जमीं की घर-परिवार की बंद सपनों की गठरी लादकर लादकर एक उम्मीद बस चलता चल बढ़ता रहेगा साथ-साथ कारवां - **सपना चन्द्रा**

गांव में रातें बड़ी होती हैं और

गांव में रातें बड़ी होती हैं और होता है ÷बड़ा सुकून÷ भी किंतु जैसे-जैसे हम बड़े होने लगते हैं भागने लगते हैं नगरों और फिर महानगरों की तरफ फलस्वरूप बौना होने लगता है हमारा कद और छोटी होने लगती हैं हमारी रातें क्रमशः साथ ही छोटा होने लगता है हमारा सुकून भी - **ममता अमर**

मत कहो खुशियों की हवा है इश्क़

मत कहो खुशियों की हवा है इश्क़, मैं कहूँ ज़ख्मों की दुआ है इश्क़। दुनिया वालों से ना डरा है इश्क़, जान का रोग औ बला है इश्क़। मेरी महबूबा दुश्मनों की बेटी ,रिशतों को फिर सुधारता है इश्क़। अर्श को ना उतारो धरती पर,दुनिया का बोझ ढो रहा है इश्क़। गांव में बूढ़ी माँ को न छोड़ो फिर, माँ की सेवा से जुड़ा है इश्क़। इश्क़ तो दानी देन है ईश्वर का, मोक्ष पाने का रास्ता है इश्क़। कश्ती -ए--इश्क़ की बुराई ये, अपनों के द्वारा डूबता है इश्क़। - **डॉ संजय दानी**

प्रातः क्षणिका भाव भरी ज्यों चूल्हे पर

प्रातः क्षणिका भाव भरी ज्यों चूल्हे पर चाय चढ़ी हिरण चाव के साध कर प्रकृति संग होड़ करुँगी झपकी से झकझोरते संकल्प शुक की पांति नयनो ने इस खिड़की से करी यात्रा बकुल की भांति टेर टेर कर मोरों ने किया प्रातः का जाप चिडियों ने चीची ध्वनि से किया सुरों से मंत्र आलाप कलकल स्फटिक धारा गंग की शीत ऋतु में निर्मल दिखे मीन उसमे चंचल गति से पवन से भी तेज लगे दिन शुभ्र उज्ज्वल सा अभ्र साफस्पष्ट नया सजा बन ठन कर पहने सूट सा सूर्य आया घोड़ी चढ़ा द्वार तिलक करने को देहरी धूप इसे लीप रही है लिए माला श्वेत मोती की लता पुष्प की मटक रही है!

- **मेनका त्रिपाठी**

QUIZ TIME

1) विश्व में पर्यावरण जागरूकता की शुरुआत किसने की थी?

2) भारतीय रेलवे ने सर्वप्रथम कब और किस ट्रेन में तत्काल आरक्षण सेवा प्रारम्भ किया था?

3) राष्ट्रीय भूविज्ञान डेटा रिपोजिटरी पोर्टल की किसने लांच किया?

4) फारसी वर्णमाला में कितने अक्षर होते है?

5) हाल ही में खोज गए पेंटोइया टैगोरी बैक्टीरिया का नाम किस महापुरुष के नाम पर रखा गया है?



Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) विलियम हैवेट (2) 20 दिसम्बर 1997 और दिल्ली-अमृतसर शताब्दी एक्सप्रेस (3) प्रल्हाद जोशी (4) 31 (5) रवीन्द्रनाथ टैगोर

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य
वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर
देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन आपके लिए परस्पर सहयोग की भावना बनाए रखने के लिए रहेगा।

वृषः आज का दिन आपके लिए किसी नए वाहन की प्राप्ति के लिए रहेगा। आपको एक के बाद एक शुभ सूचना सुनने को मिलती रहेगी।

मिथुन : आज का दिन आपके लिए वाणी और व्यवहार पर संयम रखने के लिए रहेगा। आपको किसी की कोई बात बुरी लगने से आपका मन परेशान रहेगा।

कर्कः आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा। किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी।

सिंह : आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। ऑनलाइन काम कर रहे लोगों को थोड़ा सावधान रहने की आवश्यकता है।

कन्या : आज का दिन आपके लिए प्रसन्नता दिलाने वाला रहेगा। आपके जीवनसाथी आपके कामों में आपका पूरा साथ देंगे।

तुला : आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों में आगे बढ़ने के लिए रहेगा।

वृश्चिक : आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपके मन में यदि किसी बात को लेकर संशय बना हुआ है, तो आप उस काम में बिल्कुल आगे न बढ़ें।

धनु : आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको अपने किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी।

मकरः आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आप किसी को धन उधार देने से बचें।

कुंभः आज का दिन आपके लिए किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा रहेगा।

मीन : आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आपके अंदर एक्स्ट्रा एनर्जी रहने के कारण आप कामों को करने में काफी जल्दबाजी दिखाएंगे।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकूल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

ऊपर से नीचे

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 263 का हल

ज	ल		आ	वा	जा	ही		
मा		खू	ब		दू	र	स्थ	
ना	दा	न		सा	ग		ल	क्ष्य
	न	ख		त	र	ल		
	बी	रा	न			च	ट	क
	र	ब		आ	ज	क	ल	
			आ	ग		दा	ना	
	अ	ग	र	म	ग	र		क्रो
भा	भी		ती	न			व	ध

न्यूज गैलरी

सुशांत बोस कालीबाड़ी समिति के उपाध्यक्ष बने

रायपुर/नवप्रदेश। बंगाली कालीबाड़ी समिति के उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने पर समाजसेवी सुशांत बोस का आज भाजपा नेता राजकुमार राठी ,किशोर नायक ,सुब्रत घोष ,उमेश मालेवर ,भंवरलाल सेन ,राजेश जीवनणी द्वारा आतिशबाजी कर फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। राठी ने कहा कि समाज सेवा में हमेशा आगे रहने वाले सुशांत बोस बंगाली कालीबाड़ी समिति में उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने पर समाज के हित में अनेक उल्लेखनीय कार्य करेंगे, इस बात का हम सबको पूरा विश्वास है।

सर्वे के लिए 3.60 लाख मंजूर

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन ने बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के विकासखंड शंकरगढ़ की उदरसरई मध्यम जलाशय परियोजना के सर्वेक्षण कार्य के लिए 3 करोड़ 60 लाख 59 हजार रूपए स्वीकृत किए है। जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन से जलाशय परियोजना का सर्वे कार्य कराने के लिए मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार जल संसाधन विभाग अम्बिकापुर को प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है।

नेशनल लोक अदालत 14 को

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के वार्षिक कलेण्डर के अनुसार 14 दिसंबर को को पूरे देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में राजीनामा योग्य लंबित मामला, भाड़ा नियंत्रण, चेक बाउन्स, आबकारी विधि, सिविल विधि, यातायात संबंधी, परिवार न्यायालय, विद्युत, दूरसंचार, नगर निगम, जलकर, भूमिकर, श्रम विधि, आपराधिक विधि के मामलों का निराकरण राजीनामा के माध्यम से किया जाता है। जिला रायपुर तथा जिला गरियाबंद, तहसील देवभोग, तिल्दा, एवं राजिम तथा नवीन तहसील आरंग में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 दिसम्बर शनिवार को एक साथ किया जायेगा। नेशनल लोक अदालत की तैयारी के संबंध में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर बीपी वर्मा ने न्यायाधीशगण की बैठक ली।

निगम ने श्रीराम सेवा सदन पर 10 हजार का लगाया जुर्माना

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के आदेशानुसार एवं अपर आयुक्त यू. एस. अग्रवाल एवं जोन 7 जोन कमिश्नर श्रीमती प्रीति सिंह के निर्देशानुसार नगर निगम जोन 7 नगर निवेश विभाग की टीम द्वारा उप अभियंता सुश्री रुचिका मिश्रा सहित सम्बंधित अधिकारियों की उपस्थिति में निगम जोन 7 क्षेत्र के तहत कोटा मार्ग में क्रेस्ट ग्रीन के पास शासकीय सम्पति का विरुपण करने पर विद्युत पोलों में प्रचार विज्ञापन लगाए जाने पर सम्बंधित श्रीराम सेवा सदन गर्ल्स हॉस्टल महोबा बाजार के संचालक को नोटिस देते हुए सम्पति का विरुपण किये जाने पर 10 हजार रूपये का जुर्माना किया है।

लंबित पेंशन प्रकरणों पर कमिश्नर ने जताई नाराजगी

पेंशन प्रकरणों का निराकरण डीडीओ की जिम्मेदारी : संभागायुक्त

- शिक्षा विभाग के अधिकारियों को लगाई फटकार
- अनुपस्थित अधिकारियों को नोटिस देने के निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। संभागायुक्त महादेव कावरे ने विभिन्न विभागों में बड़ी संख्या में लंबित पेंशन प्रकरणों पर आज विभागीय अधिकारियों और आहरण संवितरण अधिकारियों के प्रति गहरी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने पिछली समीक्षा बैठक के निर्देशों अनुसार लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण में अपेक्षित प्रगति नहीं लाने पर स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों के प्रति गहरी नाराजगी व्यक्त की और अगले महीनें तक प्रगति दिखाने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। संभागायुक्त ने आज की समीक्षा बैठक में अनुपस्थित विभागीय अधिकारियों को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है। कावरे ने जल संसाधन, लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, स्कूल शिक्षा, आबकारी, राज्य कर, सामाज कल्याण, कृषि आदि विभागों के संभाग स्तरीय अधिकारियों के साथ विभागों में लंबित पेंशन प्रकरणों पर कार्रवाई की गहन समीक्षा की। उन्होंने शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरणों को उनकी सेवा निवृत्ति से छह महीने पहले तैयार कर कोष लेखा पेंशन कार्यालय को भेजने के निर्देश भी दिए ताकि प्रकरणों में सामान्य आपत्तियों जैसे नाम सुधार, दस्तावेज अपलोड करने जैसी आपत्तियों का समय पर निराकरण हो सके। श्री कावरे ने सभी अधिकारियों और आहरण संवितरण अधिकारियों को अपने स्तर पर निराकरण कर पेंशन प्रकरणों के निपटारें में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में सख्ती दिखाते हुए कहा कि शासकीय सेवा से रिटायर होने वाले सेवक को पेंशन का समय पर सही भुगतान आहरण संवितरण अधिकारियों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी। प्रकरण के संबंध में किसी भी त्रुटि सुधार के लिए समय पर कार्रवाई कर पेंशन प्रकरण का निराकरण सुनिश्चित करें। संभागायुक्त ने पुरानी पेंशन योजना लागू होने के बाद लंबित ईडब्ल्यूआर प्रकरणों पर भी त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश बैठक में दिए है।

बैठक में संभागायुक्त ने जल संसाधन विभाग, लोक निर्माण विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग और स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में पेंशन प्रकरणों के लंबे समय से निराकरण नहीं होने पर अधिकारियों के प्रति गहरी नाराज़गी जताई।

लंबित पेंशन प्रकरणों पर तेजी से कार्रवाई करें

बैठक में संभागायुक्त ने जल संसाधन विभाग, लोक निर्माण विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग और स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में पेंशन प्रकरणों के लंबे समय से निराकरण नहीं होने पर अधिकारियों के प्रति गहरी नाराज़गी जताई। कावरे ने लंबे समय से लंबित पेंशन प्रकरणों पर तेजी से कार्रवाई कर अगले महीने की समीक्षा बैठक में प्रगति दिखाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को कहा कि प्रगति नहीं होने पर अधिकारियों सहित आहरण संवितरण अधिकारियों पर भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कावरे ने बताया कि जिन कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति होने वाली है, उनके दस्तावेजों या कार्मिक संपदा रिकार्ड में सुधार आहरण संवितरण अधिकारी के स्तर पर किया जा सकता है। ऐसे सभी शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरण छह महीने पहले ही तैयार कर कोष लेखा पेंशन कार्यालय को भेजे जाये ताकि समय पर त्रुटि सुधार किया जा सके और सेवानिवृत्ति के बाद कर्मचारी को बार-बार दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़े।

प्रतिभागियों को प्रभावशाली और टिकाऊ समाधानों की ओर ले जाने के लिए प्रेरित करें

एमिटी विवि में स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन का 7वां संस्करण शुरू

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने एक वर्चुअल समारोह में स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन (एसआईएच) 2024 के 7वें संस्करण का उद्घाटन किया, जिसमें नवाचार के माध्यम से वैश्विक चुनौतियों का सामना करने में भारत की बढ़ती भूमिका पर जोर दिया गया। देश भर के 51 केंद्रों में प्रतिभागियों से बात करते हुए, प्रधान ने युवा नवोन्मेषकों को उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने और 3 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था को साकार करने की दिशा में योगदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने एसआईएच को ज्ञान-संचालित अर्थव्यवस्था का एक मॉडल बताते हुए प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वे सरकारों, उद्योगों और समाज के सामने आने वाली महत्वपूर्ण चुनौतियों को हल करने के लिए साल भर खुद को समर्पित करें।

शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार ने आत्मनिर्भर भारत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने में एसआईएच के महत्व पर भी प्रकाश डाला उन्होंने इस आयोजन को नवाचार, विचार और समस्या समाधान का उत्सव बताया, जो राष्ट्र निर्माण की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर एआईसीटीई के अध्यक्ष डॉ. ञ्न.त. सीतारामन गोदरेज अप्लायंसेज में एवीपी और इनोवेशन के प्रमुख संत रंजन और शिक्षा मंत्रालय के सचिव संजय कुमार उपस्थित थे। उन्होंने प्रतिभागियों को अपनी रचनात्मकता को प्रभावशाली और टिकाऊ समाधानों की ओर ले जाने के लिए प्रेरित किया। एस. आई. एच. 2024 ग्रैंड फिनाले के लिए 51 नोडल केंद्रों में से एक एमिटी यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ ने उत्साह और भव्यता के साथ कार्यक्रम की मेजबानी की। मुख्य अतिथि टी. एन. सिंह, उप महानिदेशक और राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र, छत्तीसगढ़ ने स्थानीय कार्यवाही का उद्घाटन किया। दर्शकों को संबोधित करते हुए, सिंह ने 2017 में अपनी स्थापना के बाद से हैकाथॉन के तेजी से विकास पर जोर दिया, इस वर्ष 7,500 विचारों के साथ 7,000 प्रतिभागियों से प्रभावशाली 54,000 प्रस्तुतियों तक।

चाकूबाजी, अवैध कारोबार के खबरों की बाढ़

भाजपा सरकार के 1 साल में छग बदहाल हो गया : बैज

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार के 1 साल में छत्तीसगढ़ बदहाल हो गया। 1 साल कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। छत्तीसगढ़ अपराधगढ़ बन गया है, आए दिन हत्या, लूट, डकैती, गैंगवॉर, गोलीबारी, चाकूबाजी, नशाखोरी अवैध कारोबार के खबरों की बाढ़ आ गयी है। कलेक्टर, एसपी कार्यालय तक जलाए जा रहे हैं। भयमुक्त वातावरण देने में यह सरकार पूरी तरह नाकाम रही है। जनता का आक्रोश चरम पर है, भीड़ अधिकारियों को दौड़ने लगी। मोदी की गारंटी हुई फेल, अनियमित कर्मचारियों को 100 दिन में नियमित करने का वादा था, उल्टे विद्या मितान, अतिथि शिक्षक, संविदा कर्मचारी नौकरी से निकाले जा रहे हैं। एक लाख पदों पर नियमित सरकारी भर्ती का वादा जुमला निकला।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि शिक्षकों के 33000 पदों पर सीधी भर्ती को बाधित कर दिया गया है। भर्ती परीक्षा में पारदर्शिता का वादा झूठा, इंस्पेक्टर भर्ती में बिना अंक सूची जारी किए भर्ती सूची जारी, पीएससी परीक्षा में इंटरव्यू में दिए गए अंकों को लेकर सवाल।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि किसानों के साथ वादाखिलाफी की गई, 21 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से धान खरीदी कहीं पर नहीं हो रही। अधिकतम खरीदी 20 क्विंटल 40 किलो, फर्जी अनावरी रिपोर्ट जारी कर किसानों से ठगी की जा रही है। टोकन, बारदाना से लेकर तौलाई में गड़बड़ की शिकायत पूरे प्रदेश में है। 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से एकमुश्त भुगतान किसी को नहीं मिल रहा है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में धान खरीदी का नगद भुगतान केंद्र खोलने का वादा भी जुमला निकला। पिछले खरीफ़ सीजन के राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किश्त हड़प लिए। भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना बंद कर दिया गया।

रामलला की माता का मंचन सिम्स ऑडिटोरियम में 15 को

रायपुर/नवप्रदेश। भारत के हिंदू जनमानस में भगवान राम के प्रति भक्ति व आस्था का सागर हजारों साल से हिलोरें ले रहा है । अयोध्या नरेश राजा दशरथ के ज्येष्ठ पुत्र श्री राम में बचपन से ही माता-पिता की भक्ति के प्रसंग हमें पौराणिक ग्रंथों में पढ़ने मिलते हैं ।श्री राम के बाल काल से लेकर मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में लंका विजय तक की जीवन यात्रा अद्भुत रही है,श्री राम की माता कौशल्या उनकी जन्मदात्री थी। वनवास के समय अपने पिता राजा दशरथ की आज्ञा को शिरोधार्य कर उन्होंने विनम्रता पूर्वक पत्नी सीता और भाई लक्ष्मण के साथ वन गमन किया। इस समय राजा दशरथ की रानी कैकई व उनकी दासी मंथ्रा के कहने पर ही श्रीराम को वनवास हुआ था। ऐसी घटनाओं के संदर्भों के साथ एक प्रसिद्ध संगीत वाटिका रामलला की माता का मंचन किया जाएगा जो 15 दिसंबर 2024 को आर्ट आफ लिविंग द्वारा सिम्स ऑडिटोरियम में रखा जाएगा ।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार
मा.क्र./अ-03/वर्ष 2024-25
एद्त द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुयश बिल्डकॉन पार्टनर (1) सजल जैन पिता देवेन्द्र जैन पता-पोटिया रोड बोरसी, (2) पार्टनर विश्वास कुमार गुप्ता पिता स्व. अशोक गुप्ता आपापुरा शनिचरी बाजार दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के नाम पर ग्राम रिसाली प.ह.न. 49 रा.नि.म. रिसाली में स्थित भूमि खसरा नंबर 202/1, 202/7, 209 एवं 211 रकबा कमशः 0.880, 0.880, 0.890 एवं 0.220 हे. भूमि दर्ज है। जिसमें से खसरा नं. 202/1 में से 0.0702 हे0 202/7 में से 0.070 हे. तथा खसरा नं. 209 में से 0.0547 हे. एवं 211 में से 0.0165 हे0 भूमि को रोड रास्ते के रूप में त्यजन करने का आवेदन प्रस्तुत किया गया। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।
अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 26/12/2024 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकतें है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।
आज दिनांक 11/12/2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।
मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार
मा.क्र./अ-03/वर्ष 2024-25
एद्त द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुनील कुमार जैन पिता श्री मोहनलाल जैन श्रीश्रीमाल साकिन आपापुरा भोईपारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के नाम पर ग्राम रिसाली प.ह.न. 49 रा.नि.म. रिसाली में स्थित भूमि खसरा नंबर 202/3, 202/5 एवं 212 रकबा कमशः 0.205, 0.880 हे. एवं 0.240 हे. भूमि दर्ज है। जिसमें से खसरा नं. 202/3 में से 0.0667 हे मे से 202/5 में से 0.070 हे. तथा खसरा नं. 212 में से 0.0141 हे. भूमि को रोड रास्ते के रूप में त्यजन करने का आवेदन प्रस्तुत किया गया। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।
अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 26/12/2024 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकतें है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।
आज दिनांक 10/12/2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।
मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार
मा.क्र./अ-03/वर्ष 2024-25
एद्त द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक पवन कुमार जैन पिता श्री सुनील कुमार जैन साकिन आपापुरा भोईपारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के नाम पर ग्राम रिसाली प.ह.न. 49 रा.नि.म. रिसाली में स्थित भूमि खसरा नंबर 202/4, 202/6 रकबा कमशः 0.880 हे. 0.870 हे. जिसमें से खसरा नं. 202/4 में से 0.0733 हे व 202/6 में से 0.0855 हे. भूमि को रोड रास्ते के रूप में त्यजन करने का आवेदन प्रस्तुत किया गया। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।
अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 26/12/2024 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकतें है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।
आज दिनांक 10/12/2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।
मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राजमणि दुबे पिता रामआसरे दुबे, जी.ई. रोड टाटा लाइन शिवाजी मार्केट वार्ड न 26 कैम्प 2 व्ही टी सी भिलाई 1 पोस्ट भिलाई 1 जिला दुर्ग 490001 (छत्तीसगढ़) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम राजमणि दुबे पिता राम आसरे दुबे रख लिया हूँ। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय,अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम राजमणि दुबे पिता राम आसरे दुबे,से ही जाना पहचाना जावे।
शपथकर्ता — राजमणि दुबे, पिता राम आसरे दुबे, जी.ई.रोड़ टाटा लाइन शिवाजी मार्केट वार्ड न 26 कैम्प 2 व्ही.टी.सी भिलाई 1 पोस्ट भिलाई 1 जिला दुर्ग 490001(छत्तीसगढ़)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र
रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट — पक्षकार का नाम: श्री जी रमेश — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202412100400142/अ-2/ वर्ष 24-25
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री जी. रमेश आ. श्री जी.जी नायर निवासी भिलाई नगर तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 49 तह. व जिला दुर्ग	223/9	0.01 हें 450 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह उद्घोषणा आज दिनांक 09/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र
रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट — पक्षकार का नाम: श्रीमती सुषमा सिंह — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202412100400141/अ-2/ वर्ष 24-25
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती सुषमा सिंह पति श्री रमेश सिंह निवासी इस्पात नगर रिसाली भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 49 तह. व जिला दुर्ग	257/431	0.0056 हें 606 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह उद्घोषणा आज दिनांक 09/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र
रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट — पक्षकार का नाम: श्री रमेश कुमार विश्वकर्मा — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202412100400140/अ-2/ वर्ष 24-25
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका रमेश कुमार विश्वकर्मा आ. श्री गंगाप्रसाद विश्वकर्मा सिंह निवासी इस्पात नगर रिसाली भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम डुमरडीह प.ह.न. 51 तह. व जिला दुर्ग	592/12	0.0212 हें 2286 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह उद्घोषणा आज दिनांक 09/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

आम-सूचना
मैं अपने पक्षकार, डेविड कुमार आ. सुभाष चंद पिपरिया, निवासी- मकान न-हाउस नं AH 03 7th Batalion, SAF Line, कातुलबोर्ड, भिलाई तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) से प्राप्त अधिकार से सर्व साधारण को सूचित करता हूँ कि, मेरे पक्षकार के पुत्र के समस्त दस्तावेजों में उसके पुत्र का नाम दीपक पिपरिया दर्ज है जिसे परिवर्तित कर मेरा पक्षकार अपने पुत्र का नया नाम दिव्यांश पिपरिया करना चाहता है, जिसे सुधार कर, परिवर्तित कर अपने समस्त दस्तावेजों में अपने पुत्र का नया दिव्यांश पिपरिया आ. डेविड कुमार को शासकीय राजपत्र में प्रकाशित करना चाहता है।
अत: प्रकाशन उपरांत मेरे पक्षकार के पुत्र के समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में उसे दिव्यांश पिपरिया आ. डेविड कुमार के नाम से लिखा-पढा व जाना पहचाना जाये।
संजीव मिश्रा, अधिवक्ता- जिला न्यायालय, तह. व जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़), मो. 9827494229

नाम-परिवर्तन
मैं शपथकर्ता भीमेन्द्र कुमार दिल्लीवार पिता कृष्ण कुमार दिल्लीवार आयु 30 वर्ष, निवासी- पुराना पोस्ट ऑफिस के पीछे वाली गली केलाबाडी दुर्ग जिला दुर्ग छ. ग. निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ कि यह कि, मैं उपरोक्त दशाये पते पर निवास करता हूँ। यह कि मेरे शालेय प्रमाण-पत्र वह पांचवी आठवी, दसवी एवं बारहवी एवं दाखिला खारिज में मेरा घारेतू नाम भार्गव दिल्लीवार दर्ज हो गया है। यह कि, मेरै सही व वास्तविक नाम मेरै आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजा मैं मेरा नाम भीमेन्द्र कुमार दिल्लीवार आ. कृष्ण कुमार दिल्लीवार दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है। यह कि, उक्त शपथ-पत्र भार्गव दिल्लीवार के स्थान पर भीमेन्द्र कुमार दिल्लीवार दर्ज कर गजट में प्रकाशान करने के समर्थन मैं यह शपथ-पत्र प्रस्तुत है।
शपथकर्ता — भीमेन्द्र कुमार दिल्लीवार, पिता कृष्ण कुमार दिल्लीवार, निवासी- पुराना पोस्ट ऑफिस के पीछे वाली गली केलाबाडी तह. व जिला दुर्ग छ.ग.

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र/202412103000025 /अ-6/ वर्ष 2024-25
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिवकुमार कोसरे पिता स्व. गजराज कोसरे उम्र 54 वर्ष जाति- सतनामी पता- वार्ड नं. 51, स्कूल चौक बोरसी तह0 व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि मौजा हनोदा प.ह.नं. 53 स्थित भूमि खसरा नंबर 586/6 रकबा 0.4000 हे. भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख मे भूमिस्वामी गजराज पिता स्व. रमऊ के नाम पर दर्ज है। पिता गजराज पिता स्व. रमऊ की मृत्यु दिनांक 23/03/2002 को हो चुकी है मृतक भूस्वामी के मृत्यु हो जाने से उनके विधिक वारिसान 1. श्रीमती सूरजा बाई (पत्नि) 2. शिवकुमार कोसरे (पुत्र), युवराज कोसरे (पुत्र), विमला गायकवाड़ (पुत्री) का नाम दर्ज किये जाने फौती नामांतरण आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29/12/24 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 11.12.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के न्यायालय में मामला
क्रमांक: 202412100700030/अ-6/सन्- 2024-25
मामले की श्रेणी-राजस्व
दुर्ग प.ह.न. 0.0019 हे.
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार- जसवीर कौर/ अनावेदक पक्षकार- गुरमीत कौर ध.प. सरदार मेवा सिंह
ईश्तहार
एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका जसवीर कौर पिता स्व. मेवा सिंह निवासी पचरीपारा, वार्ड नं.-25, यादव छात्रावास के पास दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला द्वर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1372/8, 1372/37, 1372/59, 1086/31, 1101/201 रकबा क्रमशः 0.0100, 0.0100, 0.0670, 0.0100, 0.0120 हे. भूमि जो कि वसीयतकर्ती श्रीमती गुरमीत कौर ध.प. स्व. मेवा सिंह के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार वसीयतकर्ती श्रीमती गुरमीत कौर ध.प. स्व. मेवा सिंह के द्वारा आवेदिका के पक्ष में दिनांक 05/04/2022 को पंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। वसीयतकर्ती की मृत्यु हो जाने पर पंजीकृत वसीयतनामा के आधार आवेदिका के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 26/12/2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09/12/2024 को जारी किया जाता है।
मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार
पंजी. नं. 202408100600062 /अ-2/ वर्ष 2024-25
एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती रानी देवांगन पिता/पति श्री तुलाराम देवांगन निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी अमलेश्वर तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा ग्राम अमलेश्वर प.ह.न. 03 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 759/4 रकबा 0.0083 हें/ भूमि पर आवासीय प्रयोजन में डायवर्सन कराने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया है।
अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 16.12.2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 09/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।
मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार
पंजी. नं. 202408100600061 /अ-2/ वर्ष 2024-25
एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका तुलाराम देवांगन पिता/पति श्री रामभरोसा देवांगन अन्य 01 निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी अमलेश्वर तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा ग्राम अमलेश्वर प.ह.न. 03 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 759/3 रकबा 0.0086 हें/ भूमि पर आवासीय प्रयोजन में डायवर्सन कराने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया है।
अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 16.12.2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 09/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।
मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक कुम्हारी, भिलाई-3 जिला-दुर्ग
-: आम-सूचना :-
विषय : सीमांकन बाबत्।
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तहसीलदार भिलाई-3 के आवेदन क्रमांक दिनांक 12.12.2024 के पालन में ग्राम परसदा प.ह.न. 12 के भूमिस्वामी प्राइमवल डेवलपर्स प्रायवेट लिमिटेड अनिल साखडिया पिता मदनलाल निवासी रायपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम परसदा स्थित भूमि खसरा नं. 1014/1, 1015/1, 1019, 1025, 1037, 1038, 1039, 1014/2, 1015/2, 1020, 1022, 1024, 1028, 1029, 1040, 1044, 1045, 1047, 1048,1728,1035,1041 रकबा 0.0120, 0.160, 0.100, 0.0440, 0.080, 0.080, 0.080, 0.080, 0.130, 0.140, 0.100, 0.010, 0.170, 0.110, 0.010, 0.120, 0.010, 0.010, 0.020, 0.020, 1.090, 0.020, 0.020 जिसकी सीमा उत्तर में, दक्षिण में, पूर्व में, पश्चिम में है। का सीमांकन दिनांक 23.12.2024 को पूर्वान्ह/अपरान्ह 12 बजे किया जावेगा।
कोई भी व्यक्ति जो उक्त खसरा नंबर की भूमि में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष हित रखते हो तो अपने स्वत्व अर्जन के वैध दस्तावेज नक्शा, खसरा, ले-आउट तथा रजिस्ट्री प्रतिलिपी सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। तत्पश्चात आपत्ति मान्य नही होगी।
मुहर — राजस्व निरीक्षक, कुम्हारी जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र
रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट — पक्षकार का नाम: शेष नारायण शर्मा — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202412100400114/अ-2/ वर्ष 24-25
एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका शेष नारायण शर्मा आ. स्व. राम सहाय निवासी दुर्ग तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कसारीडीह प.ह.न. 20 तह. व जिला दुर्ग	38/43	0.024 हें 2576 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह उद्घोषणा आज दिनांक 06/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

94 विद्युत बिल बकायादार उपभोक्ताओं की लाइन कटी

कंपनी के अधिकारियों ने 1 ही दिन में वसूला 10 लाख

भाटापारा/नवप्रदेश। लंबे समय से विद्युत का उपयोग कर विद्युत बिल की अदायगी ना करने वाले 94 बकायादारों की लाइन को विद्युत विभाग की टीम द्वारा काट दिया गया है वही 64 बकायादारों से 10 लाख से ज्यादा की वसूली की है। विद्युत विभाग शहर में कार्यरत सहायक अभियंता वासुदेव साहू ने आम लोगो से अपने अपने विद्युत बकाया बिलों का भुगतान कर लाइन विक्छेद की कार्यवाही से बचने की अपील की है साथ ही उन्होंने बताया कि कंपनी के निर्देश पर विभाग का यह अभियान शहर में आगे भी लगातार चलता रहेगा।

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड भाटापारा के कार्यपालन अभियंता व्ही,के, राठिया के द्वारा कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर शहर में विद्युत बकायादारों से वसूली करने और भुगतान ना करने वालो के खिलाफ लाइन विक्छेद की कार्यवाही का निर्देश देते हुए शहर के प्रमुख बड़े 158 बकायादारों की तरफ बाकी 30 लाख 49 हजार 571 रुपयों की वसूली हेतु पूरे शहर को सहायक अभियंता वासुदेव साहू के नेतृत्व में 11 अधिकारियों के मध्य बांटा गया। जोन में शामिल विद्युत विभाग के अधिकारियों की टीम ने कुल 94 लोगों की लाइट कनेक्शन को विद्युत बिल का बकाया जमा नहीं करने पर काट दिया जिनके तरफ कुल 2047431 रुपए बकाया था तथा वे लोग काफी लंबे समय से बिजली का उपयोग कर उसका भुगतान नहीं कर रहे थे।

पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास में स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन

नगरी/नवप्रदेश। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के मार्गदर्शन राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अन्तर्गत मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में नवाचार किया जा रहा है। इसके तहत आज शासकीय पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास नगरी में छात्रावास अधीक्षक, अधीक्षिकओं का किशोर मानसिक स्वास्थ्य के संबंध में विभिन्न गतिविधीयों, पोस्टर एवं अन्य खेल गतिविधियों के जरिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इनमें भावना चक्र, सांप सिढ़ी का खेल, मैच बाक्स, भावनाओं को पहचानना, एकाग्रता को बढाने हेतु विभिन्न खेल इत्यादि शामिल हैं।

शाला प्रबंधन एवं विकास समिति व पालकगण की मासिक बैठक

नगरी/नवप्रदेश। शासकीय प्राथमिक शाला, टेंगना में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति व पालकगण की मासिक बैठक का आयोजन किया गया । जिसमें अर्धवार्षिक परीक्षा,आय व्यय, बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता आदि पर प्रधान पाठक ममता प्रजापति द्वारा चर्चा कर जानकारी प्रदान किया गया एवं वार्षिक खेल उत्सव मनाया जाने पर सहमति बना । शिक्षक संतोष कुमार बांधव ने नवभारत उल्लास साक्षरता अभियान के बारे में शिक्षार्थियों को विस्तृत जानकारी प्रदान कर शैक्षणिक सामग्रियों का वितरण भी किया गया । नव भारत उल्लास साक्षरता अभियान से जुड़कर अध्यापन कार्य में सहयोग व शिक्षण केंद्र में निरंतर आने हेतु आह्वान किया गया । जाति प्रमाण पत्र प्रभारी बांधव सर द्वारा जिला कलेक्टर नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र योजना के तहत विकासखंड शिक्षा अधिकारी नगरी कार्यालय में जाति प्रमाण पत्र निःशुल्क बनवाकर बैठक में वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्राम पटेल चंद्रभान कश्यप, खम्मन लाल मरकाम,सुभाष चंद्र, देवबती साहु ,सतबाई, लिलेश्वरी मरकाम, मंगतीन नेताम, सुमन लता, रीना जलधर, सीमा कश्यप , वालेंटियर तोमेश्वर ध्रुव व हरिश्चंद्र साहु एवं पालकगण उपस्थित रहे ।

चयनित गांवों में13 दिसंबर को एमएमयू डॉक्टर करेंगे इलाज

सरसींवा/नवप्रदेश। भारत सरकार के महारत्न आरईसी संस्था द्वारा जिले में संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) वाहन से डॉक्टर आपके द्वार की टीम ग्रामीणों के इलाज के लिए 13 दिसंबर को जिले के बरमकेला ब्लॉक के ग्राम बरगांव, सारंगढ़ ब्लॉक के ग्राम तिलाईमुड़ा और भौंरादादर, बिलाईगढ़ ब्लॉक के ग्राम पीपरडुला और जुनवानी में स्वास्थ्य सेवाएं देंगे। प्रत्येक एमएमयू वाहन में चिकित्सक, स्टॉफनर्स, फार्मासिष्ट उपलब्ध रहेंगे। एमएमयू वाहन में वजन, खून की मात्रा हीमोग्लोबिन जांच, बल्ड प्रेशर और श्वांस (ऑक्सीमेट्री) जांच सुविधाओं के साथ निशुल्क दवा वितरण व्यवस्था रहेगी।

भूपेश बघेल को सुशासन की समझ नहीं,वो केवल कुशासन ही जानते है: रामू रोहरा

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री जगदीश (रामू) रोहरा ने भाजपा की प्रदेश सरकार के एक साल के कार्यकाल पर की गई टिप्पणी को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर तीखा हमला बोला और कहा है कि जिस कांग्रेस सरकार के मुखिया के तौर पर बघेल अपने पाँच साल के कार्यकाल में एक बार भी रिपोर्ट कार्ड पेश करने की नैतिक जिम्मेदारी तक निभा नहीं पाए, आज वे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के रिपोर्ट कार्ड पर प्रलाप कर रहे हैं।

राजनांदगांव जिले में 59 हजार 503 किसानों से 2938799.20 क्विंटल धान की खरीदी की गई

- **अब तक किसानों को 677 करोड़ 95 लाख 12 हजार रूपए का किया गया भुगतान**

राजनांदगांव/नव प्रदेश । खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान खरीदी महाभियान अंतर्गत शासन द्वारा किसानों के धान की खरीदी की जा रही है। किसानहितैषी सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी की जा रही है। जिले में अब तक 59 हजार 503 किसानों से 2938799.20 क्विंटल धान की खरीदी की गई है और 677 करोड़ 95 लाख 12 हजार रूपए का भुगतान किसानों को किया गया है। जिले में धान उपार्जन केन्द्र से मिलर्स एवं ट्रांसपोटर्स द्वारा धान का उठाव लगातार जारी है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं सतत निगरानी में धान खरीदी का कार्य जारी है। वहीं अवैध धान की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए कोचियों, बिचौलियों पर संयुक्त कार्रवाई जारी है।

धान उपार्जन केन्द्र कन्हारपुरी में किसान श्री शोभाराम साहू ग्राम जंगलेसर से धान की बिक्री करने आए थे। उन्होंने बताया कि उनके पास 25 एकड़ कृषि भूमि है और टोकन हमर हाथ एप के माध्यम से ऑनलाईन टोकन से धान बिक्री करने में किसी भी तरह की दिक्कत नहीं हुई। उन्होंने बताया कि धान उपार्जन केन्द्र कन्हारपुरी में अच्छी सुविधाएं है। ग्राम जंगलेसर से किसान श्री परदेशीराम चंद्राकर धान उपार्जन केन्द्र कन्हारपुरी 63 क्विंटल धान बिक्री के लिए लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि धान उपार्जन केन्द्र कन्हारपुरी में इलेक्ट्रानिक काटा बाट से धान की तौलाई की जा रही है।

राजा राव पठार के वीर मेला में शामिल हुए महंत समेत जिले के क्षेत्रीय विधायकगण

धमतरी/नवप्रदेश । राजा राव पठार के वीर मेला में नेता प्रतिपक्ष शामिल हुए। सिहावा विधायक समेत वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सम्बलपुर में आतिशबाजी कर स्वागत किया । स्वागत के दौरान धमतरी विधायक ओंकार साहू, सिहावा विधायक अम्बिका मरकाम, जिलाध्यक्ष शरद लोहाना, पूर्व विधायक गुरमुख सिंह होरा,पूर्व जिला अध्यक्ष मोहन लालवानी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष निशु चंद्राकर युवा कांग्रेस व एनएसयूआई के कार्यकर्ता उपस्थित रहें । पत्रकारो नें सम्बलपुर में नेता प्रतिपक्ष से आदिवासी समाज की अपनी विशिष्ट पहचान और अपनी अलग धर्म कोड के साथ ही धर्मांतरण की समस्या पर सवाल करते हुए माननीय नेता प्रतिपक्ष जी का राय जाना तब माननीय नेता प्रतिपक्ष नें जातिगत जनगणना पर बात करते हुए कहा जातिगत जनगणना जरुरी हैं ताकि सबको उनके जनसंख्या के अनुसार उनके हक और अधिकार मिले। नेता प्रतिपक्ष के साथ वीर आदिवासी मेला महोत्सव में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व केबिनेट मंत्री अनीला भेड़िया ,धमतरी विधायक ओंकार साहू, सिहावा विधायक अम्बिका मरकाम, गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, बालोद विधायक संगीता सिन्हा, पूर्व विधायक गुरुमुख सिंह होरा , कुनकुरी पूर्व विधायक विनय जैसवाल जी साथ में उपस्थित रहे इस दौरान शहीद वीर नारायण सिंह की जीवनी को स्मरण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी।

प्रथम पेज का शेष

एक राष्ट्र एक चुनाव विधेयक को ...

में विधानसभा चुनाव होते हैं।

हालांकि, कुछ राज्य ऐसे भी हैं, जहां विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ होते हैं। इनमें अरुणाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम जैसे राज्य शामिल हैं। वहीं, राजस्थान, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और मिजोरम जैसे राज्यों के चुनाव लोकसभा चुनाव से ऐन पहले हुए तो लोकसभा चुनाव खत्म होने के छह महीने के भीतर हरियाणा, जम्मू कश्मीर में चुनाव हुए। इसके बाद महाराष्ट्र और झारखंड में चुनाव कराए गए। अब दिल्ली में चुनाव कराने की तैयारी की जा रही है।

विपक्ष ने किया तीखा...

कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे इस विषय पर पहले ही गत 17 जनवरी को दृढता के साथ अपनी बात रख चुके है और इसके बाद कांग्रेस के दृष्टिकोण में कोई बदलाव नहीं आया है।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा है कि केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने अलोकतांत्रिक 'एक देश एक चुनाव विधेयक' को मंजूरी दे दी है। इससे क्षेत्रीय दलों की आवाज दबेगी और संघीय व्यवस्था को हानि होगी तथा राजकाज में बाधाएं उत्पन्न होंगी। उन्होंने सभी राजनैतिक दलों से आह्वान किया है कि पूरी ताकत से इसका विरोध करें।

हम सफलता के साथ लगातार...

नई उद्योग नीति से राज्य के औद्योगिक क्षेत्र में भी विकास की नई संभावनाओं का सृजन हुआ है। यह नीति प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगी। हमने इस नीति को रोजगार परक बनाया है। हमने किसानों से किया गया वादा पूरा करते हुए 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की खरीदी की। प्रदेश की माताओं-बहनों से किए गए वादे को पूरा करते हुए महतारी वंदन योजना शुरू की गई। इसका लाभ 70 लाख माताओं-बहनों को मिल रहा है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि जरूरतमंद परिवारों के लिए 18 लाख प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराने के अपने वादे को पूरा करने के लिए सरकार बनने के दूसरे ही दिन कैबिनेट की बैठक में निर्णय लिया गया। इस निर्णय पर तेजी से अमल करते हुए आवासों के निर्माण के लिए बड़ी राशि भी जारी की गई। इस तरह हमने यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की अधिकांश गारंटियों को एक साल के भीतर ही पूरा कर दिया है।

मुख्यमंत्री ने प्रस्तुत किया एक वर्ष ...

-एक साल, छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने शासन की एक वर्ष की उपलब्धियों के रिपोर्ट कार्ड जनादेश परब रिपोर्ट कार्ड का विमोचन किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री द्वय अरूण साव एवं विजय शर्मा सहित कृषि मंत्री रामविचार नेताम, खाद्य मंत्रीदयालदास बघेल, वनमंत्री केदार कश्यप, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े एवं खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, जनसंपर्क आयुक्त जनसंपर्क रवि मित्तल, संचालक अजय कुमार अग्रवाल उपस्थित थे।

मुठभेड़; 7 नक्सली...

पी ने कहा कि रुक-रुककर गोलीबारी हो रही है और वह जवानों से संपर्क कर रहे हैं।

नारायणपुर, दंतेवाड़ा, जगदलपुर और कोंडागांव की डीआरजी, एसटीएफ और सीआरपीएफ की टीम ने माओवादियों को घेरा हुआ है और इस मुठभेड़ में नक्सलियों को बड़ा नुकसान होने का अनुमान है लेकिन अभी तक कितना नुकसान हुआ है यह अभी स्पष्ट नहीं है।

उल्लेखनीय है कि 15 दिसंबर को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बस्तर का दौरा करने वाले हैं जिसे देखते हुए सुरक्षा बल बहुत सक्रिय है। संख्या में नक्सली मौजूद हैं।

राजनांदगांव में सीबीआई की ...

भ्रष्टाचार और अनियमितता के आरोप में मामला दर्ज किया। रा'य में बीजेपी की सरकार बनने के बाद बीजेपी ने इस मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी थी। तत्कालीन सीजीपीएससी के अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी पर यह आरोप लगे कि उन्होंने गलत तरीके से अपने कई रिश्तेदारों को नौकरी दी। इसकी जांच करने के बाद सीबीआई ने सीजीपीएससी के पूर्व अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी और छत्तीसगढ़ के स्टील कारोबारी श्रवण कुमार गोयल को गिरफ्तार किया था।

आईपीएस जीपी सिंह बहाल, गृह मंत्रालय ...

हुए गृह मंत्रालय ने अब जाकर जीपी सिंह को सेवा में बहाल करने का आदेश दिया है। साथ ही उचित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए आदेश की प्रति छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव को भेज दी गई है।

क्रीड़ा भारती ने प्रोत्साहन योजना का किया स्वागत...

भाटापारा/नवप्रदेश। खेल एव खिलाडियों के विकास के लिए समर्पित संस्था क्रीड़ा भारती ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना लागू करने पर प्रसन्नता व्यक्त किया है। क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना से छत्तीसगढ़ में खेलों के लिए वातावरण बनेगा। आधारभूत संरचनाओं का विकास होगा। सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में खिलाड़ियों को नवीन सुविधा मिलेगी। छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना से खेल क्लब का विकास होगा। खेल पंजीकृत सोसायटी को खेल अनुदान मिलेगा। परंपरागत खेलों का विकास किया जाएगा। आज छत्तीसगढ़ सरकार ने क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना के क्रियान्वयन के लिए कार्ययोजना का अनुमोदन किया। छत्तीसगढ़ क्रीड़ा भारती के अध्यक्ष संजय शर्मा प्रांत सचिव सुमित उपाध्याय प्रदेश उपाध्यक्ष गोपेश्वर कहरा अखिल भारतीय सदस्य नीता डुमरे सहप्रांत मंत्री तारनिस गौतम सुधीर राजपाल तारकेश मिश्रा वीरेंद्र देशमुख हर्षा साहू विनोद नायर , जिला मंत्री बलौदाबाजार आदित्य सिंह ने छत्तीसगढ़ सरकार के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय खेल मंत्री टंक राम वर्मा के प्रति आभार व्यक्त कर प्रसन्नता जाहिर की है।

निधन -पवन कुमार साहू

नगरी/नवप्रदेश। पवन कुमार साहू प्रधान पाठक शासकीय माध्यमिक विद्यालय दुगली का 11 दिसंबर को हॉस्पिटल रायपुर में निधन हो गया है।ये 61 वर्ष के थे। यह उत्तम कुमार साहू के बड़े भैया व टिकेश्वरी साहू,ढालूराम साहू, राधिका साहू के पिताजी थे।आज उनके पैतृक ग्राम जीजांमगांव के शांति घाट में अंतिम संस्कार किया गया जिसमें बड़ी संख्या में परिवार एवं ग्राम के प्रमुख लोग उपस्थित थे।

कार्यालय, नगर पालिक निगम,रायपुर (जोन क्र.5)
ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र.16543 दिनांक 12.12.2024
वार्ड का नाम- 68- खूबचंद बघेल वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-68 ... [illegible]

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर, (जोन क्र.-4)
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा रायपुर

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 16430/ दि.- 11.12.2024
वार्ड का नाम- 57- पं. भगवतीचरण शुक्ल वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 57 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. ... [illegible]

श्री अरुण ध्रुव
जोन कमिश्नर
जोन (4)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सेजबहार रायपुर (छ.ग.)
Email: eocghbzone03@gmail.com

आम-सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि ... [illegible]

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-3, रायपुर

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-4903223
email ID: eocghbzone2@gmail.com

आम-सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि ... [illegible]

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र-2, शंकर नगर, रायपुर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सेजबहार रायपुर (छ.ग.)
Email: eocghbzone03@gmail.com

आम-सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि ... [illegible]

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-3, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर, (जोन क्र.-4)
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा रायपुर

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 16433/ दि. 11.12.2024
वार्ड का नाम- 57- पं. भगवतीचरण शुक्ल वार्ड ... [illegible]

श्री अरुण ध्रुव
जोन कमिश्नर
जोन (4)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पंचायत उतई, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
फोन नंबर 0788-2673701 Email- cmoutai@rediffmail.com
क्रमांक/ 1898/लो.नि.शा./निविदा/न.पं./2024 उतई, दिनांक 12/12/2024

// मैनुअल पद्धति से द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से नगर पंचायत उतई क्षेत्रांतर्गत मूलभूत सुविधा अंतर्गत अधोसंरचना मद अंतर्गत स्वीकृत राशि 137.20 लाख रु. कुल 37 कार्य हेतु दिनांक 27/12/2024 को कार्यालयीन अवधि समय 3.00 बजे तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से तीन लिफाफा पद्धति पर सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

1	निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	-	19/12/24 को शाम 05.00 बजे तक
2	कोरा निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि	-	20/12/24 को शाम 05.00 बजे तक
3	निविदा जमा करने की अंतिम तिथि	-	27/12/24 को दोप. 03.00 बजे तक
4	निविदा खोलने की अंतिम तिथि	-	27/12/24 को शाम 04.00 बजे

निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में समय में लोक निर्माण शाखा से अथवा वेबसाईड www.uad.cg.gov.in पर देखी/प्राप्त की जा सकती है।
''अपने घर, आसपास एवं नगर को स्वच्छ रखें, शौचालय का उपयोग करें''
''जल ही जीवन है''

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत उतई

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, कोण्डागांव जिला-कोण्डागांव (छत्तीसगढ़)
Email-ID-ee-res.kondagaon@nic.in, Ph. No. 07786-296017

मैनुअल पद्धति वर्ष 2024-25 हेतु सूचना क्रमांक-26
निविदा आमंत्रण

क्रमांक/26/व.ले.लि./नि.प्र./ग्रा.या.सेवा/2024-25 कोण्डागांव, दिनांक 11/12/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत 'डी' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु सामग्री प्रदाय हेतु मैन्युअल के अपेडिक्स 2.15 के अनुसार प्रपत्र 'सी' में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र स्पीड पोस्ट अथवा पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में प्राप्त होने की **अंतिम तिथि 19/12/2024 शाम 5.00 बजे तक** :-

स. क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत प्रति कार्य (रुपए लाख में)	रिमार्क (निविदा क्रम)
1	2	3	4
1	समुदाय के लिए खेल मैदान निर्माण कार्य भाग-1 (पेवेलियन, शौचालय, सिटिग गैलरी, आहता नलकूप खनन कार्य) विद्युतीकरण कार्य सहित (शेष कार्य हेतु) संधना, वि.खं. माकड़ी	16.23	सातवां दौर
2.	समुदाय के लिए तटबंध निर्माण (बुढ़ासागर तालाब) (शेष कार्य हेतु) माकड़ी	9.88	सातवां दौर

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट http://res.cg.gov.in दिनांक 11/12/2024 से देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।
3. भुगतान मनरेगा प्रक्रिया के तहत किया जावेगा।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव

जी-242504523/3

कार्यालय नगरपालिका परिषद गोबरा नवापारा, जिला रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 07701-233830, 234830, Email-cmonawapara@gmail.com
क्रमांक /1857/न.पा./2024-25 गोबरा नवापारा, दिनांक 12/12/2024

// संशोधित नीलामी सूचना //

दुकान नीलामी सूचना पत्र क्रमांक 1714/न.पा./2024-25 गोबरा नवापारा दिनांक 21.11.2024 में प्रकाशित समाचार निकाय द्वारा बस स्टैण्ड समीप नवनिर्मित 22 दुकानों की आम नीलामी दिनांक 16.12.2024 दिन सोमवार समय 11.00 बजे से नगर पालिका कार्यालय सभाकक्ष में किया जाना था जिसके स्थान पर निम्नानुसार संशोधन किया जाता है -

1. अमानत राशि नगद/डीडी के रूप में जमा करने का दिनांक 12.12.2024 के स्थान पर दिनांक 16.12.2024 पढ़ा जावे।
2. नीलामी दिनांक 16.12.2024 दिन सोमवार के स्थान पर दिनांक 19.12.2024 दिन गुरूवार को निर्धारित समय एवं निर्धारित स्थान पर किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड

आम सूचना

विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 62 एवं 86 के प्रावधानों एवं छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (बहुवर्षीय टैरिफ सिद्धान्तों के अनुरूप टैरिफ के निर्धारण और टैरिफ एवं प्रभारों से अनुमानित राजस्व के अवधारण हेतु अपनायी जाने वाली कार्य प्रणाली एवं प्रक्रिया तथा निबंधन एवं शर्तें) विनियम, 2021 के प्रावधानों के अनुपालन में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड (सी.एस.पी.जी.सी.एल.) के द्वारा पूँजीगत निवेश योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुमोदन हेतु माननीय छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (सी.एस.ई.आर.सी.) के समक्ष याचिका प्रस्तुत की गई है, जिसे माननीय आयोग द्वारा याचिका क्र.99/2024 के रूप में पंजीकृत किया गया है। याचिका में सी.एस.पी.जी.सी.एल. के पारंपरिक ताप एवं जल विद्युत गृहों हेतु कुल 72 योजनाएँ सम्मिलित है, जिनमें पूर्व स्वीकृत योजनाएं एवं सैद्धांतिक स्वीकृति हेतु प्रस्तुत योजनाएँ शामिल हैं। याचिका में हसदेव ताप विद्युत गृह हेतु स्पेशल अलाउंस, गारे-पेलमा-III कोयला खदान लागत पुनरीक्षण एवं नवा रायपुर में मुख्यालय भवन निर्माण योजना भी सम्मिलित हैं। इसके अतिरिक्त पर्यावरण उत्सर्जन मानकों के अनुपालन सहित समस्त सैद्धांतिक रूप से स्वीकृत प्रणालियों की स्थापना एवं कोरबा पश्चिम स्थित 2X660 मेगावाट परियोजना से संबंधित अद्यतन स्थिति भी प्रस्तुत की गई है।

उपरोक्त याचिका पर सुझाव/आपत्ति इस आम सूचना के प्रकाशन के 21 दिवस के भीतर सचिव, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग, विद्युत नियामक भवन, सिंचाई कॉलोनी, शांति नगर, रायपुर - 492001, ईमेल cserc.sec.cg@nic.in के समक्ष, मुख्य अभियंता (सी.एंड आर.ए.), सी.एस.पी.जी.सी.एल. विद्युत सेवा भवन डंगनियां रायपुर - 492013, ईमेल cecnra@cspc.co.in को प्रतिलिपि के साथ, प्रस्तुत किये जा सकते है।

याचिका की प्रति आयोग की वेबसाइट www.cserc.gov.in एवं सी.एस.पी.जी.सी.एल. की वेबसाइट https://cspgcl.co.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त याचिका की प्रति छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के कार्यालय एवं साथ ही मुख्य अभियंता (सी.एंड आर.ए.), सी.एस.पी.जी.सी.एल. कार्यालय में उपलब्ध है। याचिका की मुद्रित प्रति कार्यालयीन दिवसों में रूपये [illegible]

मुख्य अभियंता (सी. एंड आर.ए.)
सी.एस.पी.जी.सी.एल., रायपुर

मं.-42421/3

■ न्यूज गैलरी

सुशासन दिवस पर किसानों का सम्मान

नगरी/नवप्रदेश। भाजपा सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने पर आदिम जाति सहकारी सेवा समिति मर्या. घटुला पंजी क्र. 278 में सुशासन दिवस के रूप में किसानों का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया । अध्यक्षता खुशी राम नाग लैम्पस अध्यक्ष ने किया उपस्थित अतिथियों के द्वारा भाजपा सरकार के सुशासन व जनहित के कार्य को आमजन ,किसानों को बताया गया की भाजपा सरकार महतारी वन्दन सेलेकर ,किसानों की आय दुगुनी करने के लक्ष्य लेकर चल रही है । अतिथि के रूप में रवि दुबे नगरी मंडल प्रभारी , सरपंच राजू सोम , मंडल अध्यक्ष अकबर कश्यप ,महामंत्री राकेश चौबे , मंडल उपाध्यक्ष मोहन पूजारी , भाजयुमो अध्यक्ष मोनु साहू , पूर्व लैम्प्स अध्यक्ष हेमंत नाग , लैम्प्स प्रबंधक यशु सोनी ,शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष वीरेंद्र मिश्रा ,जीवन साहू ,लतखोरपटेल,लखन नाग , सुरेंद्रनाग, भुनेश्वर साहू, जीवन साहू, उत्तम साहू, अजय नाग,सीता राम साहू , मेहतरु कश्यप ,परमेश्वर साहू , शांतनु यादव ,लैम्प्स कर्मचारी भानेन्द्र सूर्यवंशी , वाशु पटेल , देवा सोम , खिलावन साहू , विष्णु ओरसा , कमलेश यादव , नितिन यादव ,मंच संचालक दिलीप साहू सहित बड़ी संख्या में किसान बंधु सम्मिलित थे ।

खेल हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है: घासी राम साहू

राजनांदगांव/नवप्रदेश। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम किरगाहाटोला में आयोजित संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के शुभारंभ में मुख्य अतिथि के रूप में राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि घासी राम साहू शामिल हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता बच्चों में खेल भावना, टीम वर्क और प्रतिस्पर्धात्मक स्पिरिट को प्रोत्साहित करने का बेहतरीन माध्यम है। खेल हमें सिखाता है कि कैसे टीम के साथ मिलकर काम करना है, कैसे हार को स्वीकार करना है, और कैसे जीत का आनंद लेना है। इस मौके पर हनुमान दास वैष्णव, किरण वैष्णव, संजय सिन्हा,चुरामन साहू, पुरुषोत्तम दास वैष्णव, कुंजल राम चंद्रवंशी, रामविलास बांधे,दिलीप सिन्हा,विमला सिन्हा,कुमार साहू, डॉ.अजेंद्र सिन्हा, राम भरोसा पड़ोती,ओमप्रकाश साहू,प्रितम चंद्रवंशी, पूनम पड़ोती,वीरेंद्र साहू, हिरामन पड़ोती,राम भरोसा, चेतन लाल, कमलेश्वर, पूरन नायक, चुरामन यादव,खेमिन कंवर,कुमारी वैष्णव,पूनम पड़ोती,हुमन लाल पड़ोती,आरती दुबे, रामेंद्र धनपाल,रमेश पड़ोती कुंदन बडोले सहित समस्त शिक्षक शिक्षाकाए सहित ग्रामीण जन आदि मौजूद रहे।

सिकासार बांध के पानी को महासमुंद ले जाने की योजना पर अमितेश शुक्ल का तीखा विरोध, सरकार को चेतावनी

■ **सिकासार बांध पर चढ़ा सियासी पारा : विधायक अमितेश शुक्ला ने दी ये चेतावनी**

गरियाबंद/नवप्रदेश। सिकासार बांध के पानी को महासमुंद जिले में सिंचाई के लिए ले जाने की योजना को लेकर गरियाबंद जिले में राजनीतिक और सामाजिक माहौल गर्म हो गया है। इस मुद्दे पर प्रथम पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री अमितेश शुक्ल ने गरियाबंद जिला मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने साफ कहा कि सिकासार बांध का पानी राजिम क्षेत्र के किसानों के लिए है, इसे दूसरे जिले में ले जाना किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

सिकासार बांध किसानों के हित के लिए बना था

अमितेश शुक्ल ने अपने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, पंडित श्यामाचरण शुक्ल ने राजिम क्षेत्र के किसानों की खुशहाली और उनकी सिंचाई जरूरतों को पूरा करने के लिए सिकासार बांध का निर्माण करवाया था। आज भाजपा सरकार इस बांध के पानी को दूसरे जिले में ले जाने की साजिश कर रही है। इससे राजिम क्षेत्र के किसानों की आजीविका पर गहरा संकट आएगा।

भाजपा सरकार को जगाने का समय आ गया है

शुक्ल ने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा, यह गूंगी और बहरी सरकार किसानों की जरूरतों को अनदेखा कर रही है। मैं भाजपा नेताओं से पूछता हूं कि वे इस सर्वे को रुकवाने के लिए आगे आएंगे या नहीं। यदि सरकार ने इस योजना को बंद नहीं किया, तो हम इसे रोकने के लिए हर संभव आंदोलन करेंगे।

स्थानीय विधायक पर गंभीर आरोप

राजिम विधायक रोहित साहू की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए अमितेश शुक्ल ने कहा, राजिम क्षेत्र के किसानों को अपने विधायक से यह जानने का हक है कि वे इस मुद्दे पर क्या कदम उठाएंगे। उनकी चुप्पी दिखाती है कि उन्हें अपने क्षेत्र के किसानों की कोई चिंता नहीं है। शुक्ल ने मांग की कि विधायक इस योजना पर अपनी स्थिति स्पष्ट करें और इसे तुरंत रुकवाने की पहल करें।

किसानों के खिलाफ खतरनाक योजना

अमितेश शुक्ल ने कहा कि भाजपा सरकार की यह योजना किसानों के खिलाफ अब तक की सबसे खतरनाक साजिश है। उन्होंने कहा, सिकासार बांध का पानी राजिम क्षेत्र के किसानों के लिए जीवनरेखा है। इसे महासमुंद जिले में ले जाने से यहां के किसान पानी की बूंद-बूंद के लिए तरस जाएंगे।

कांग्रेस का ऐलान: हर हाल में रोकेंगे योजना

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान शुक्ल ने कहा कि सिकासार बांध का पानी कहीं और ले जाने का प्रयास किसानों के साथ धोखा है। उन्होंने ऐलान किया कि कांग्रेस इस योजना के खिलाफ सड़कों पर उतरकर संघर्ष करेगी। राजिम क्षेत्र के किसानों की हकदारी को छीनने की कोशिश को हम हर हाल में नाकाम करेंगे।

भविष्य की लड़ाई की तैयारी

शुक्ल ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा, यदि यह योजना आगे बढ़ाई गई, तो इसका जवाब जनता सड़कों पर उतरकर देगी। सिकासार बांध से जुड़े किसानों और स्थानीय लोगों का संघर्ष सिर्फ एक शुरुआत है।

राजनीतिक माहौल गर्म

अमितेश शुक्ल के इस तीखे बयान के बाद क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। जहां राजिम के किसान इस योजना का विरोध कर रहे हैं, वहीं महासमुंद और बागबाहरा क्षेत्र के लोग इसे सिंचाई के लिए राहत मान रहे हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि सरकार इस पर क्या कदम उठाती है और क्षेत्रीय संतुलन कैसे बनाए रखती है। लेकिन स्पष्ट है कि अमितेश शुक्ल और कांग्रेस ने इस मुद्दे को लेकर बड़ा

आगजनी की घटना के आरोपियों को डहरिया ने बता दिया फ्रीडम फाइटर

■ **टंकराम ने कहा ये शहीदों का अपमान**

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने 10 जून को बलौदाबाजार में हुई आगजनी घटना में शामिल सतनामी समाज के लोगों को 'फ्रीडम फाइटर' बताया है। उन्होंने यह भी कहा कि इन लोगों को सम्मान के साथ रिहा किया जाना चाहिए. डहरिया के इस बयान पर मंत्री टंकराम वर्मा ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि शिवकुमार डहरिया का यह बयान देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों का अपमान है। वह अपने राजनीतिक रोटी सेकने इस तरह का बयान दे रहे हैं।

पूर्व मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया का गुरुवार को बड़ा बयान सतनामी समाज को लेकर आया है, जहां उन्होंने बलौदाबाजार में हुए 10 जून की आगजनी घटना में शामिल सतनामी समाज के लोगों को फ्रीडम फाइटर कहा है. वहीं उन्होंने उनके रिहाई पर सम्मान करने की बात कही. उन्होंने यह भी कहा कि सतनामी समाज हमेशा कांग्रेस की समर्थक रही है और इसलिए भाजपा की सरकार सतनामी समाज सहित कांग्रेस जनों को प्रताड़ित कर रही है।

उनके इस बयान पर प्रदेश के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि पूर्व मंत्री शिवकुमार डहरिया का 10 जून को बलौदाबाजार आगजनी घटना में शामिल लोगों को फ्रीडम फाइटर कहना देश की आजादी में कुर्बानी देने वाले वीर शहीदों का अपमान है,

दस्तावेजी साक्ष्य जुटा रहा विपक्ष और सत्ता पक्ष

आधा दर्जन अधिकारियों के खिलाफ शिकायत की तैयारी

खैरागढ़/नवप्रदेश । पालिका के विभिन्न कार्यो मे कथित अनियमितता और नियमों का पालन नही किए जाने के चलते पालिका सीएमओ प्रमोद शुक्ला को निलंबित करने के आदेश राज्य सरकार ने जारी किए है । डोंगरगढ़ नगरपालिका मे पदस्थापना के दौरान उनके साथ अन्य चार अधिकारियों को भी मामले मे दोषी पाते निलंबित किया गया है । उल्लेखनीय है कि खैरागढ़ नगरपालिका मे सीएमओ पदस्थ रहे शुक्ला के खिलाफ यहाँ भी विभिन्न मामलों में शिकायतें की गई है । लेकिन डोंगरगढ़ का मामला उन पर भारी पड़ गया । जिला निर्माण के बाद लगातार अधिकारियों पर भ्रष्टाचार, शासकीय राशि का दुरूपयोग सहित मनमानी के आरोप लग रहे है । यह दूसरा मामला है जब पालिका के सीएमओ पर निलंबन की गाज गिरी है ।

बलिदान दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन

खरोरा/नवप्रदेश। स्व. रामप्रसाद देवांगन शासकीय महाविद्यालय, खरोरा में प्राचार्य डॉ शंपा चौबे के मार्गदर्शनानुसार यूथ रेड क्रॉस, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान दिवस के अवसर पर एच डी एफ सी बैंक रायपुर के प्रायोजकत्व में इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी रायपुर और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खरोरा के सौजन्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे, छत्तीसगढ़ महतारी एवं इस अंचल के प्रथम शहीद वीर नारायण के तैलचित्र पर पुष्पार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। प्राचार्य मैडम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ की माटी को गौरवान्वित करने वाले, शोषण, अत्याचार एवं आजादी की क्रांति का अलख जगाने वाले अमर शहीद वीर नारायण सिंह को नमन, श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके अवदान को रेखांकित किया। और उक्तावसर पर अधिक-से-अधिक रक्तदान करने हेतु छात्र-छात्राओं को उत्साहित किया। इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी के एम एस डब्ल्यू डॉ देवेंद्र दुबे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान से घबराएं नहीं।

इस अवसर पर रंगोली, पोस्टर प्रतिस्पर्धा का आयोजन भी किया गया था। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्राचार्य मैडम ने कार्यक्रम की सफलता हेतु सबको बधाई दी और आगे भी इस तरह के आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने अपील की।

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड

(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) / (छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल की उत्तरवर्ती कंपनी) CIN No. U40108CT2003SGC015822,
कार्यालय – अधीक्षण अभियंता (नगर) वृत्त छ.रा.पा.डि.कं.लि.दुर्ग Email ID – secc.durg@cspc.co.in

क्रमांक / 372000 / क्रय शाखा / निविदा / 4487 — दुर्ग, दिनांक 09.12.2024

निविदा आमंत्रण सूचना (E-Bidding)

अधीक्षण अभियंता (नगर) वृत्त छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग के अधीनस्थ कार्यपालन अभियंता (नगर पश्चिम) संभाग भिलाई के अंतर्गत जुनवानी, नेहरू नगर, मदर टेरेसा नगर, रिसाली एवं वैशाली नगर में कम्प्यूटरीकृत शिकायत केन्द्रों के संचालन हेतु 03 पाली में (प्रतिपाली 01) टेलीफोन अटेंडेन्ट सह सहायक ऑपरेटर (अर्द्धकुशल श्रमिक) एवं आवश्यकतानुसार रिलीवर ऑपरेटर बाह्य स्त्रोत (ठेकेदार के माध्यम) से रखे जाने एक वर्ष के लिए अस्थायी अल्पकालिन अनुबंध हेतु ठेकेदारों से E-Bidding के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र.	निविदा क्रमांक (RFX No)	कार्य का नाम	अनुमानित निविदा मूल्य	निविदा मूल्य (वापसी योग्य नहीं)	बयाना राशि (वापसी योग्य)
01	8100040669	टेलीफोन अटेंडेन्ट सह सहायक ऑपरेटर (अर्द्धकुशल श्रमिक) एवं आवश्यकतानुसार रिलीवर ऑपरेटर बाह्य स्त्रोत (ठेकेदार के माध्यम) से रखे जाने हेतु।	36,82,707.00	5,000.00 (Inclusive GST)	36,900.00

ऑन लाईन निविदा जमा करने की तिथि व समय	30.12.2024	दोप. 12.00 बजे तक
ऑन लाईन निविदा खोलने की तिथि व समय	30.12.2024	दोप. 12.30 बजे

01.इच्छुक ठेकेदार उपरोक्त निविदा छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के ऑनलाईन SAP-SRM पोर्टल के माध्यम से जमा कर सकेंगे तथा निविदा मूल्य एवं बयाना राशि SAP-SRM पोर्टल के माध्यम से Online जमा किया जाना है। निविदा मूल्य एवं बयाना राशि (चालान) PDF Download कर Scan कर टेण्डर Document के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।02.SAP-SRM पोर्टल में भावपत्र भरा जावे।03.निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में अर्हता व कार्यों के संपादन संबंधी विस्तृत जानकारी निविदा प्रपत्र में संलग्न है।04.किसी भी प्रकार की देरी या तकनीकी बाधा के बाबत् कंपनी जिम्मेदार नहीं होगा।05.निविदा उपरोक्त नियत तिथि व समय में E-Bidding के माध्यम से खोला जावेगा।06.प्रतिनिधियों को अपना अधिकृत प्रमाण पत्र On line Scan कर जमा करना आवश्यक है।07.अनुबंध/आदेश की अवधि 01 माह की नोटिस पर किसी भी समय समाप्त की जा सकती है।08.निविदा निरस्त/संशोधन करने का अधिकार कंपनी के पास सुरक्षित होगा।09.ठेकेदार को निविदा से संबंधित संपूर्ण जानकारी निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न प्रोफार्मा में जमा करना अनिवार्य है।

Details of NIT and Tender Documents are available on our website – For external users : https://ebiding.cspcl.co.in:50724/irj/portal helpline no. 0771-2576672 (EITC, CSPDCL). The bidder must have a valid Digital signature and Sap SRM User ID.For e-bidding training is scheduled at EITC (to help bidders for participation through e-bidding), on every working Wednesday from 3.00 PM to 5.00 PM.Java configuration changes are to be done in the exception site list. The process is – open Java by following the path control panel >Java>security Tab> Exception Site list Click on Edit site list " Add the web link " https://cisrp.cspcl.co.in:1443" in exception site list.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाएं — संवाद– 42419 / 3 — अधीक्षण अभियंता (नगर) वृत्त छ.रा.पा.डि.कं.लिमिटेड, दुर्ग

सहसपुर लोहारा में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

■ **शिविर में 502 लोगों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण**

■ **100 गर्भवती महिलाओं ने कराया नि:शुल्क सोनोग्राफी जांच**

कवर्धा/नवप्रदेश । कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहसपुर लोहारा में पहली बार गर्भवती महिलाओं का निशुल्क सोनोग्राफी जांच और मेगा स्वास्थ कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में 502 नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसमें 100 गर्भवती महिलाओं का निःशुल्क सोनोग्राफी जांच किया गया। इस दौरान शिविर में इसमें स्त्री रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, रेडियोलॉजिस्ट, मेडिसिन विशेषज्ञ और दंत रोग विशेषज्ञ ने अपनी सेवाएं दी।

शिविर में सोनोग्राफी के अलावा 80 मेडिसिन से संबंधित रोग का इलाज किया गया। 72 आर्थो से संबंधित रोग का इलाज किया गया। सर्जरी से सम्बन्धित 28, बच्चों से संबंधित मरीज 73 की जांच किया गया। शिविर में अन्य बीपी शुगर और अन्य सामान्य ओपीडी में 147 मरीज का इलाज किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने गर्भवती महिलाओं से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को समझा माताओं से बातचीत कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया। इस प्रकार के शिविर में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने का महत्वपूर्ण माध्यम साबित हो रहे हैं।

स्वच्छता दीदीयों की दो माह के लंबित मानदेय राशि आवंटित करने अरूण साव से की मांग

राजनांदगांव/नवप्रदेश । महापौर हेमा सुदेश देशमुख ने मिशन क्लीन सिटी अंतर्गत निगम सीमा क्षेत्र के एसएलआरएम सेन्टरों में कार्यरत स्वच्छता दीदीयों की दो माह के लंबित मानदेय लगभग 60 लाख रूपये आबंटित करने नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरूण साव से मांग की है।

महापौर श्रीमती देशमुख ने माननीय नगरीय प्रशासन मंत्री श्री साव जी मांग करते हुये कहा कि स्वच्छता दीदीया प्रातः 7 बजे से शाम तक प्रतिदिन घर घर कचरा संग्रहण कर एसएलआरएम सेन्टर में कचरा पृथककरण का कार्य करते है। बाजार क्षेत्रों में रात्रिकालीन कचरा संग्रहण भी किया जाता है। इस प्रकार दीदीयां सुबह से रात तक सप्ताह में सातो दिन अपने दायित्वों का निर्वाहन करती है।

नाम परिवर्तन (शपथ पत्र)

[illegible]

दिनांक 28/11/2024

शपथकर्ता
पूर्व नाम – ललित कुमार
वर्तमान नाम – ललित कुमार टावरी

AFFIDAVIT FOR CHANGE OF NAME

By this deed, I, the undersigned LALIT KUMAR TAWARI, (New name), previously called LALIT KUMAR (old name) [illegible] Agent and resident of Mahatma Gandhi Ward No.4, Gurur, Dist. Balod-491227, Chhattisgarh, solemnly declare–

01. That, for and on behalf of myself, I wholly renounce/ relinquish and abandon the use of my name/surname of LALIT KUMAR and in place thereof, I do hereby assume from this date the name/ surname LALIT KUMAR TAWARI, I may hereafter be called, known and distinguished not be my former name/surname but assumed name/surname of LALIT KUMAR TAWARI.

02. That for the purpose of evidencing such my determination declare that I shall at all times hereafter in all records, deeds and writings and in all proceedings, dealings and transactions, private as well as upon all occasions whatsoever, use and sign the name of LALIT KUMAR TAWARI as my name/ surname in place and in substitution of my former name/surname.

03. That, I expressly authorize and request all persons in general and relatives and friends in particular at all times hereafter to designate and address me by such assumed name/surname of LALIT KUMAR TAWARI.

04. In witness whereof I have hereunto subscribed my former and alleged name/surname of LALIT KUMAR and LALIT KUMAR TAWARI affix my signature and seal, if any on this 28th day of November, 2024.

Signed sealed and delivered by the above name.

Date: 28/11/2024

Former name : LALIT KUMAR

CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION COMPANY LTD.

No.02-08/CW/2024-25/Tr No.-2505,2507-2510/4908 — Raipur Dt- 06-12-2024

NOTICE FOR E-TENDER

1.Online bids are invited through CSPDCL tendering system (SAP SRM) from Eligible Electrical Contractors registered in the O/o CE (PROJECT), CSPDCL, Gudhiyari, Raipur for following works. Registration of electrical contractors is opened & will be allowed for this tender till one day prior to date of opening of the tender.2.The registration of contracter will remain open. For details and further notifications keep visiting http://www. cspdcl.co.in ->project department->ebidding portal.3.Bidders may visit the site www.cspdcl.co.in/project office contractors section to know the qualifying criteria for registration of contractors to be eligible for participating in the tender.4.Bid information must be submitted in the prescribed format only. No deviation shall be permitted.

Sr. No.	Tender No / Rfx no.	Name of work	Tender amount (excl. GST) (in Rs)	Completion period	Eligible class for bidding	Time & Due date of submission
1	Tr.no 2505 RFx-8100040511	Power supply to 1No. 38KW NDL&F connection for "Police Base Camp Katema" at Village- Katema under Pandadah D/c of (O&M)Dn. Khairagarh	5130389.00	04 months	Class I,II,III & III-A	12.00 noon 02.01.2025
2	Tr.no 2507 RFx-8100040651	Providing Addl. 3.15 MVA Power Xmer at 33/11 KV Sankara S/s under Sankara D/c Under Nagri Sub.Dn. of O&M Dn. CSPDCL Dhamtari	2336254.00	03 months	Class I & II	12.00 noon 02.01.2025
3	Tr.no 2508 RFx-8100040652	Erection of new 11 KV line from 33/11 KV S/s Kota under Tulsi D/c. under Tilda Sub Dn. Of EE O&M Dn. Raipur.	5356387.00	03 months	Class I,II & III	12.00 noon 02.01.2025
4	Tr.no 2509 RFx-8100040653	Installation of New 33/11 KV,3.15 MVA S/s BNB School at Tilda under Tilda D/c of (O&M) Dn. Raipur	15954705.00	05 months	Class I	12.00 noon 02.01.2025
5	Tr.no 2510 RFx-8100040654	1250 KVA HT Permanent Conn. Of Chief General Manager Slurry Pipeline Project NMDC LTD Vill.-Nagarnar, Banshi BP No. 1030920 for Water Pump house at vill.-Nagarnar, Block-Jagdalpur, Under-Nagarnar D/c of (O&M) Dn. Jagdalpur	4803642.00	03 months	Class I & II	12.00 noon 02.01.2025

SAVE ELECTRICITY — S.-42423/4 — CHIEF ENGINEER (PROJECT) CSPDCL:RAIPUR

कार्यालय नगर पालिक निगम, जोन क्र. 06, रायपुर (छ.ग.)

–:: निविदा आमंत्रण सूचना ::–

क्रमांक 64/न.पा.नि./जोन क्रमांक - 06/2024-25 — रायपुर, दिनांक 12/12/2024

नगर पालिक निगम, रायपुर जोन क्रमांक 06 द्वारा निम्न कार्य हेतु निर्धारित SOR (निविदा दिनांक तक संशोधित) पर लोक कर्म विभाग से एकीकृत ठेकेदारों (ई-रजिस्ट्रेशन ''डी'' एवं उससे ऊपर) /फर्म एवं संस्था/ एजेंसी से दो लिफाफा पद्धति के अनुसार (लिफाफा 'अ' में निविदा से संबंधित आवश्यक दस्तावेज एवं 'ब' में निविदा प्रपत्र) सील बंद निविदा पृथक- पृथक आमंत्रित की जाती है।

संबंधित कार्य का निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु दिनांक 24/12/2024 तक निर्धारित राशि सहित आवेदन कार्यालयीन अवधि में जमा किया जा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र एवं निविदा हेतु आवश्यक दस्तावेज दिनांक 02/01/2025 तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से सायं 5.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त होना अनिवार्य है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 03/01/2025 को सुबह 11.30 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। निविदा आमंत्रित कार्य का विवरण निम्नानुसार है -

क्र.	कार्य का विवरण	निविदा का प्रकार	मद का नाम	आगणित राशि (लाख में)	अमानती राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	एस.ओ.आर.	समया अवधि
1	श. ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड क्र. 63 अंतर्गत टिकरापारा राजीम सदन सामुदायिक भवन परिसर में शेड एवं नाली निर्माण कार्य।	प्रथम	अधोसंरचना मद	19.65	14800.00	750.00	P.W.D. Building SOR 01.01.2015	3 माह
2.	श. ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड क्र. 63 अंतर्गत टिकरापारा राजीम सदन सामुदायिक भवन परिसर में पेवर ब्लाक फिटिंग कार्य।	प्रथम	अधोसंरचना मद	19.54	14700.00	750.00	P.W.D. Building SOR 01.01.2015	3 माह

कार्य के निविदा हेतु संलग्न की जाने वाली आवश्यक दस्तावेज निम्नानुसार है :-

लिफाफा ''अ'' में :-
(1) आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर के नाम से देय अमानती राशि का एफ.डी.आर. (निविदा खोलने की तिथि तक वैद्य होना चाहिए) मूलप्रति। (2) प्रस्तुत दस्तावेजों की सत्यता एवं काली सूची में न होने बाबत शपथ पत्र संलग्न करें। (3) फर्म/एजेंसी के नाम का वैद्य पंजीयन की प्रति (4) बैंक साल्वेंसी की प्रति (5) जी.एस.टी. पंजीयन की प्रति (6) 3 वर्षो का ITR एवं निविदा तिथि से 3 माह पूर्व का GSTR की प्रति।

लिफाफा ''ब'' में :- (1) निविदा प्रपत्र

शर्ते :- (1) उक्त लिफाफे रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट से स्वीकार की जावेगी। (2) निविदा प्रपत्र प्राप्त करने तिथि में अवकाश होने पर आगामी तिथि को प्राप्त की जा सकती है एवं निविदा जमा करने एवं खोलने के तिथि में अवकाश हो जाने पर आगामी कार्यालयीन दिवस में कार्य संपादित की जावेगी। (3) ठेकेदार/फर्म एवं संस्था के द्वारा अंतिम भुगतान से पूर्व जी.एस.टी. विभाग से बकाया न होने संबंधी प्रमाण पत्र (Tax Clearanca Certificate) अथवा पूर्ण देय कर जमा किए जाने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना होगा। (4) कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त होने पश्चात अनुबंध, कार्यादेश की कार्यावाही की जावेगी।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक 06
नगर पालिक निगम, रायपुर

न्यूज गैलरी

आचार्य व्यक्तित्व विकास वर्ग का आयोजन

खरोरा/नवप्रदेश। स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा में मंगलवार को आचार्य व्यक्तित्व विकास वर्ग-07 रखा गया। इस वर्ग का आयोजन सीमा पंसारी एवं कुमारी डिंपल मानिकपुरी के द्वारा किया गया। इस वर्ग में प्रथम कालांश में दीप प्रज्वलित कर प्रार्थना अभ्यास किया गया । द्वितीय कालांश में भारती- भाषा दिवस के उपलक्ष्य में कवि सुब्रह्मण्यम भारती के जन्म जयंती पर कार्यक्रम रखा गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीताराम यादव (सेवानिवृत शिक्षक), अतिथि महेश कुमार वर्मा जी (सेवानिवृत शिक्षक), चंद्रभूषण धुरंधर केसला, (सेवानिवृत प्रधानाध्यापक)थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अश्वनी पाटकर जी (प्राचार्य)ने किया। भारती- भाषा दिवस पर विद्यालय के भैया खोमेश देवांगन(प्रश्न उत्तर कार्यक्रम), बहन काजल वर्मा(जीवन परिचय),बहन कुशाली कोशरिया (जीवन परिचय) ,बहन जागृति नशीनें (चित्रकला) में भाग लिए ।

भागवताचार्य पंडित रामकृष्ण दास शास्त्री ने किया पौधा रोपण

खरोरा। भागवत के समापन पर भागवताचार्य पंडित रामकृष्ण दास शास्त्री द्वारा अशोक एवं सीता अशोक पौधे का किया गया रोपण।

बेरला में आशीष छाबड़ा ने कार्यकर्ताओं की ली बैठक

बेमेतरा/नवप्रदेश। पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा का नगर पंचायत बेरला में आगमन हुआ। जहां उन्होंने सामुदायिक भवन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक ली। ज्ञात हो कि पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के कार्यकाल में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार में नगर पंचायत बेरला में विभिन्न विकास कार्यों की सौगात मिली थी, जिसे आज भाजपा के द्वारा अपनी उपलब्धि बताकर लोगों को भ्रमित किया जा रहा हैं। इस बैठक में पूर्व विधायक के साथ रामेश्वर देवांगन अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेरला, रास बिहारी कुर्रे अध्यक्ष नगर पंचायत बेरला, भारत भूषण साहू उपाध्यक्ष नगर पंचायत बेरला, राजेश दुबे, सुनील जैन, मोहन हिरवानी, सत्यनारायण साहू, तुमन लाल साहू, अर्जुन देवांगन, प्रवीण दिवाकर, विष्णु हिरवानी, पीआर सिन्हा, मनहरण साहू, विक्की द्विवेदी, संतोष सेन, जितेंद्र जोशी, अमन साहू, संजीत कुमार साहू, गोपाल साहू, नारायण डगरे, मोनल सिन्हा, राकेश सोनी, राजकुमार सेन, गोविंदा राजपूत, उमाशंकर पाटिल, जयप्रकाश बघेल, गंगाराम धीवर, प्रदीप कुमार, चेतन बंजारे, लता सोनवानी, चित्रेखा रीना बघेल, सविता हिरवानी, नेहा सुराणा, किशन साहू, परीक्षित पटेल, गुड्डू सेन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

कलेक्टर शर्मा ने शीत लहर पाला के संबंध में की अपील

बेमेतरा। कलेक्टर रणबीर शर्मा एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बेमेतरा द्वारा आम जनता से अपील की हैं कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं भारत मौसम विज्ञान केन्द्र द्वारा अलर्ट जारी किया गया हैं कि माह दिसंबर से जनवरी के बीच ठंड की व्यापकता और तीक्ष्णता शीतलहर का रूप ले लेती है। इस वर्ष भी दिसम्बर माह से ठंड प्रारंभ हो गई है। नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में निःसहाय, आवासहीन, गरीब, बृद्ध एवं स्कूल जाने वाले विद्यार्थी इत्यादि के ठंड से प्रभावित होने की संभावना हैं। जिस संबंध में बचाव हेतु क्या करे या क्या ना करे का दिशा-निर्देश जारी किये गए हैं। यदि सर्दी से संबंधित कोई प्रभाव शरीर पर दिखाई दे-जैसे नाक, कान, पैर-हाथ की उंगलिया आदि लाल होतो तत्काल अपने नजदीकी शासकीय स्वास्थ्य संस्थान में संपर्क करे। असामान्य तापमान की स्थिति, अत्यधिक कांपना, सुस्ती, कमजोरी, सांस लेने में आदि में परेशानी हो तो तत्काल अपने नजदीकी शासकीय स्वास्थ्य संस्थान में संपर्क करें।

चारों मंडलों की बागडोर युवा नेताओं को सौंपी गई

कुरूद/नवप्रदेश। विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा के संगठनात्मक चुनाव में जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस के नेतृत्व में कुरूद विधानसभा अंतर्गत आने वाले मुख्य मंडल कुरूद सहित भखारा, सिर्री एवं मेघा मंडल में नये अध्यक्ष नियुक्त करने निर्वाचन प्रक्रिया अपनाई गई। और चारों मंडलों की बागडोर युवा नेताओं को सौंपी गई जिसके कारण युवाओं में अतिउत्साह देखा गया।मंडल पदाधिकारियों एवं बूथ अध्यक्षों से रायशुमारी कर सर्वसम्मति से चारों मंडल से एक-एक नाम तय कर निर्वाचन पर्ची चुनाव अधिकारी को सौंप दी गई। नामों की सूची प्रदेश कार्यालय को बंद लिफाफे में भेज दिया गया है जिसकी घोषणा प्रदेश हाईकमान से हरी झंडी मिलने के बाद की जायेगी।

मंगलवार को भाजपा कार्यालय कुरूद में निर्वाचन प्रक्रिया में कुरुद विधानसभा के कुरूद, भखारा, सिर्री एवं मेघा मंडल से पहुंचे करीब 400 पदाधिकारियों एवं बूथ अध्यक्षों ने अपने-अपने मंडल में अध्यक्ष बनाने 3-3 नामों की सूची रख सभी दृष्टिकोण से उपयुक्त नाम पर रायशुमारी की। इसके बाद सर्वसम्मति से चारों मंडल से एक-एक नाम तय कर निर्वाचन प्रक्रिया के तहत पर्ची में नाम दर्ज कर अपने-अपने मंडल के अध्यक्ष चुने।

निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद भाजपा प्रवक्ता एवं विधायक अजय चंद्राकर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा संगठन एक पारिवारिक संगठन है, इसमें संविधान और इसकी धाराएं हैं लेकिन अंतिम समय में आवश्यकता पड़ने पर इसे बदला भी जा सकता है। इसका मतलब यह नहीं कि हम चुनाव में संविधान का पालन और परामर्श नहीं करेंगे। हम बराबर परामर्श करेंगे, सबकी सहमति से ही निर्णय होगा। लेकिन जहां सहमति नहीं होगी, वहां हम सामने वाले से कहेंगे कि आप अभी रुको हम आपके बारे में विचार करेंगे। यहां संगठन के कार्यकर्ता व पदाधिकारी बैठे हैं। आप सबको इस दिशा में नीचे तक संगठन को लेकर जाना है जिसे सहमति बनाकर एक साथ चुन रहे हैं, उसको स्थापित करने और उसका सम्मान करने की जिम्मेदारी भी हम सबकी है। विधायक अजय चंद्राकर के मार्गदर्शन में अपनाई गई निर्वाचन प्रक्रिया में जिलाध्यक्ष श्री बैस ने कुरुद के लिए निर्मल बरडिया, भखारा के लिए दयाराम साहू, सिर्री के लिए नेहरू निषाद एवं मेघा मंडल के लिए विकल गुप्ता को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया था।

चुनाव अधिकारी को बंद लिफाफे में नाम सौंपा गया

पार्टी द्वारा तय गाइडलाइन एवं गुणदोष की कसौटी में कस कर एक- एक नाम पर सबने सहमति दी। इस आधार पर चारों मंडल के लिए सिंगल नाम की सूची तैयार कर प्रदेश संगठन को भेजा गया है। कुरूद विधानसभा क्षेत्र के चारों मंडलों के नए अध्यक्ष में कुरूद की राजनीति के केंद्र कुरूद मंडल से बीते चुनावों में पार्टी प्रत्याशी की जीत के लिए दिन रात एक करने, सदस्यता अभियान में शानदार प्रदर्शन और खुले मंच से लेकर विभिन्न मिडिया प्लेटफार्म में पार्टी पक्ष को मुखरता से रखकर नेताओं के नजरों में चढ़े युवा कृष्णकांत साहू का नाम कुरुद मंडल अध्यक्ष के लिए तय किया गया है। इसी तरह सिर्री मंडल अध्यक्ष के रूप में पंद्रह सालों से गांव के सरपंच रहे मिलनसार शिक्षित युवा जनपद सदस्य लोकेश साहू का नाम फायनल किया गया। मंडल महामंत्री के तौर पर चुनाव और सदस्यता अभियान में भीड़ कर काम करने वाले संतोष सोनी को मेघा मंडल अध्यक्ष के लायक माना गया। इसी तरह एकदम फेस लेकिन उर्जा से भरे लोमश सिन्हा के हाथों में राजनीतिक तौर पर काफी महत्वपूर्ण माने जाने वाले भखारा मंडल की कमान सौंपने की सबने सहमति दे दी है।

विशेष पिछड़े जनजाति बैगाओं को आजीविका, स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं संस्कृति के बारे में विस्तारपूर्वक दी जानकारी

बैगा बाल महोत्सव सुदूर वंनाचल में आयोजित

■ आस्था समिति के द्वारा बोहिल में बैगा बाल महोत्सव का आयोजन

कवर्धा/नव्रपेदश। आस्था समिति द्वारा कबीरधाम जिले की पंडरिया विकासखंड में स्थित मैंकल पर्वत श्रेणी की सुदूर वनांचल विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति क्षेत्र के ग्राम बोहिल ग्राम पंचायत आगरपानी में दोदिवसीय 7 दिसंबर से 8 दिसंबर तक बैगा बाल महोत्सव आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बैगा बच्चों को पर्यावरण, स्वच्छता, स्वास्थ्य, संस्कृति, खेलकूद का गतिविधि, बाल संरक्षण एवं बाल अधिकार पर लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अतिथि गायत्री सिंह डायरेक्टर आरोहण समाज सेवी समिति दुर्ग, गोल्डन फैदर वेलफेयर फाउंडेशन अध्यक्ष सोनाली देशमुख, कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मोईन जाफर सामाजिक कार्यकर्ता पूर्व लोकपाल मनरेगा, क्षमा कश्यप सामाजिक कार्यकर्ता, करुणा कश्यप, लवन सिंह कंवर सहायक प्राध्यापक कन्या महाविद्यालय कौशल साहू एवं यशोधरा, राष्ट्रीय सेवा योजना वॉलिंटियर इंद्राणी, कुसुमलता, कल्याणी, मोनिका, भुनेश्वरी साहू, नंदकुमार चंद्रवंशी संचालक नमिता पब्लिक स्कूल पोड़ी, राष्ट्रीय सेवा योजना शास. हाई. से. स्कूल खैरबनाकला केदार चंद्रवंशी, मनीष साहू विद्युत विभाग इंजीनियर, ओंकार नाथ कुर्रे पीजी कॉलेज कवर्धा, दौलतराम कश्यप अध्यक्ष आस्था समिति, सुकरसिंह बैगा, बैसाखू बैगा, ननकू बैगा, बिजारों, सतलियाबाई, उजियारो बैगा, अगनी, बजरी, घसनी, छिंदिया बाई, गोतर, सहिबिन बैगा, उमाशंकर कश्यप सामाजिक कार्यकर्ता, राजेश गोयल, रामानुज पाली की उपस्थिति में हुआ, जिसमें दौलत राम कश्यप अध्यक्ष आस्था समिति ने बताया कि बैगा बाल महोत्सव 09 वर्ष मनाया जा रहा है। संस्था के गतिविधि एवं विशेष पिछड़े जनजाति बैगाओं को आजीविका, स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं संस्कृति के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया।

कार्यक्रम में गायत्री सिंह ने बताया कि शासन के योजना एवं स्वास्थ्य सेवाएं शासकीय अस्पताल में उपचार कराने जागरूक किया गया। लवन सिंह कंवर सहा. प्राध्यापक शासकीय कन्या महाविद्यालय कबीरधाम के द्वारा बताया गया कि आदिवासी की संस्कृति, रहन-सहन, परंपरा और बच्चों आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। मोईन जाफर हुसैन सामाजिक कार्यकर्ता एवं पूर्व लोकपाल के द्वारा बाल अधिकार एवं बाल संरक्षण के बारे में जानकारी दिया। कार्यक्रम में खाद्यय एवं पोषण प्रदर्शनी लगाया गया। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन उमाशंकर कश्यप सामाजिक कार्यकर्ता सदस्य आस्था समिति के द्वारा किया गया।

अनेक सोसाइटी बंद होने की कगार पर

सोसाइटियों की व्यवस्था को लेकर सरकार पर बरसे : मदन साहू

■ किसान हितों को लेकर कांग्रेस ने ब्लॉक मुख्यालय में किया धरना प्रदर्शन

राजनांदगांव। नव प्रदेश। राज्य सरकार द्वारा सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से समर्थन दर पर किसानों से की जा रही धान खरीदी में अवस्था दुर्व्यवस्था को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मदन साहू के नेतृत्व में डोंगरगांव के अछोली और डोंगरगांव ब्लॉक के अर्जुनी में धरना प्रदर्शन किया गया। डोंगरगढ़ के अछोली सोसाइटी तकरीबन एक सप्ताह से बंद है। इसके अलावा जिले के अनेक सोसाइटी बंद होने की कगार पर है। इससे पहले पीएससी के आह्वान पर उन्होंने विभिन्न सोसाइटियों का निरीक्षण किया। जिसमें किसानों ने उन्हें अनेक समस्याएं बताइए निरीक्षण और आंदोलन के दौरान मदन साहू ने सरकार को जमकर निशाना बनाया। साहू ने कहा कि प्रदेश के किसान भाईयों को धान बेचने हो रही परेशानी तथा सरकार के किसान विरोधी रवैये के विरोध व किसान भाईयों के हित में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने 10 दिसंबर 2024 को प्रदेश के सभी ब्लॉक मुख्यलायों में धरना/प्रदर्शन कर सक्षम अधिकारी को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपे गया। इस अवसर पर डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी, ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, पूर्व अध्यक्ष चूममन साहू, विष्णु लोधी, दशरथ ठाकुर, फिरंगी साहू और डोगरगांव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चेतन साहू, जनपद अध्यक्ष टीकेश साहू, उपाध्यक्ष सुयश नाहट, बलिराम साहू, गणेश साहू, संजय संचेती, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष चुमम्न साहू, डॉ नरेंद्र साहू, पुरुषोत्तम साहू सहित बड़ी संख्या में किसान और कांग्रेस जन उपस्थित थे।

वरिष्ठ नागरिकों को 5 लाख रूपये तक चिकित्सा बीमा

बुजुर्गो का बना आयुष्मान वय वंदना कार्डः अग्रवाल

■ कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में दिये निर्देश

गरियाबंद /नवप्रदेश। देश के 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ दिये जाने हेतु आयुष्मान भारत योजना का दायरा बढ़ाते हुए आयुष्मान वय वंदना कार्ड के माध्यम से उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है। इसके माध्यम से 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को 5 लाख रूपये तक चिकित्सा बीमा प्रदाय किया जा रहा है। इसी तारतम्य में कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज समय-सीमा की समीक्षा बैठक में जिले में आयुष्मान वय वंदना कार्ड निर्माण की समीक्षा करते हुए अभी तक बनाये जा चुके स्वास्थ्य कार्ड की जानकारी ली। उन्होंने जिले के 70 साल के सभी बुजुर्गों को इस सेवा का लाभ दिलाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि उक्त आयु वर्ग के सभी बुजुर्गों का अच्छे से सर्वे कार्य कर स्वास्थ्य कार्ड बनाया जाए। इसके लिए वृहद अभियान चलाकर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। साथ ही गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को इस सेवा का लाभ के बारे में

जानकारी दिया जाए। कलेक्टर ने सभी ग्राम पंचायत सचिवों को उनके गांव में 70 साल से अधिक बुजुर्गो का च्वाईस सेंटर के माध्यम से वय वंदना कार्ड बनाने में सहायता करने के भी निर्देश दिये। कलेक्टर ने बैठक में समय-सीमा में लंबित विभिन्न प्रकरणों की जानकारी ली। उन्होंने विभागवार लंबित प्रकरणों की जानकारी लेकर प्रकरणों के निराकरण के लिए आवश्यक मार्गदर्शन एवं सलाह भी प्रदान किये। उन्होंने कहा कि प्रकरणों को सही समय में तेजी से निराकृत करे, जिससे आमजनों के शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण हो सके। इस दौरान बैठक में सभी एसडीएम, जनपद सीईओ सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद रहे।

2 बालिकाओं को मिलेंगे प्रतिमाह चार हजार रूपये

गरियाबंद /नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के संवेदनशील पहल से ग्राम देवरी की रहने वाली कु. युशिका साहू एवं कु. गीतिका साहू को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित प्रवर्तकता कार्यक्रम योजना का लाभ मिल गया है। इस योजना के तहत दोनों असहाय बालिकाओं के प्राप्त आवेदन का त्वरित निराकरण किया गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी अनिल द्विवेदी द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त दोनों बालिकाओं का गृह अध्ययन जांच कराकर प्रवर्तकता समिति के समक्ष प्रस्तुत कराने पर समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान किया गया।

गीता मानव जीवन को सफल बनाने की कुंजी

नवागढ़। नवप्रदेश। द गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल नवागढ़ में बुधवार को गीता जयंती मनाई गई। पहली बार आयोजित इस आयोजन में शिक्षक रूपेंद्र सिन्हा के मार्गदर्शन और नेतृत्व में सब बच्चों और शिक्षकों ने भाग लेकर गीता के श्लोक और अर्थ सुनाकर सबको सुखद अनुभव कराया। उन्होंने बताया कि हम विद्यार्थियों को भी अपने मन के सभी संशय को दूर कर अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। बच्चे और शिक्षक गीता के किस अध्याय से कौन सा क्रम का श्लोक है यह भी बताया। आंचल जायसवाल, अविना कुर्रे,भूमिका चतुर्वेदी, लता जांगड़े,साक्षी राजपूत,नेहा साहू, पलक सोनकर ,तरुण बंजारे,डोजिन साहू,शिवम यादव,गिरीश यादव ने गीता श्लोक पाठन किया। इस दौरान विद्यालय संचालिका मेघा दीवान, मालती यादव, मंजू सिन्हा, दीपिका शर्मा, छाया निषाद, हेमलता कोशले, प्रमिला साहू, अंजू राय, अनामिका राय, यादेश्वरी सोनकर,दिलेश्वरी गेंद्रे, कुंजराम, गौरव वारे, विनोद यादव उपस्थित रहे।

प्लेसमेंट कर्मियों के बाद नियमित कर्मचारी भी हड़ताल पर

■ हड़ताल के चलते ठप्प हुए कार्य, पसरा रहा सन्नाटा

खैरागढ़। नगरपालिका मे प्लेसमेंट कर्मियों के साथ नियमित कर्मचारियों की हड़ताल से पालिका कार्यालय मे तालाबंदी हो गई । एक मात्र बचे सीएमओ को राज्य सरकार ने मंगलवार को निलंबित कर दिया । इसके बाद पालिका मे बुधवार को कोई कर्मचारी मौजूद नही था । प्लेसमेंट कर्मी चार सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चल रहे है । बुधवार को पालिका के नियमित कर्मचारी भी प्रदेश महासंघ के आव्हान पर छह सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए । हड़ताल के चलते बुधवार को पालिका मे कोई कामकाज नहीं हुआ ।

प्लेसमेंट कर्मियों की सोमवार से जारी हड़ताल के चलते शहर मे पेयजल और साफ सफाई व्यवस्था एक बार फिर ठप्प हो गई है । स्वच्छता कमांडों के भरोसे दो दिन से हो रही सफाई के चलते केवल नालियों की सफाई लेदेकर हो रही है। मुख्य मार्गो, सार्वजनिक जगहो व्यवसायिक इलाकों में सफाई कार्य दो दिन से पूरी तरह ठप्प है । हड़ताल के चलते पालिका मे रोजाना पहुँचने वाले पार्षद और जनप्रतिनिधि भी पालिका नही पहुँचे । जिसके चलते पालिका कार्यालय मे पूरी तरह सन्नाटा पसरा रहा आज से गडबड़ाएगी व्यवस्था शहर में पालिका कर्मचारियों की हड़ताल का व्यापक असर आज से दिखेगा । साफसफाई व्यवस्था पहले से ठप्प पड़ी है । पेयजल सहित बिजली व्यवस्था भी मंगलवार से ही गडबड़ा गई है ।आज इन सेवाओं के बाधित होने से शहर की व्यवस्था लडखड़ाने की आशंका बढ़ गई है ।

इतिहास साक्षी... बच्चों की शिक्षा दीक्षा में माँ की भूमिका विषय पर गोष्ठी आयोजित

महान नारियों की गाथाओं से प्रेरणा लेकर बच्चों का भविष्य संवारेः डा. व्ही. पी.चन्द्रा

नगरी / नवप्रदेश। इतिहास इस बात का साक्षी है कि परिवार प्रथम पाठशाला और माँ प्रथम गुरु होती है। यह स्वयं सिद्ध है। हमारा इतिहास महान नारियों की गाथाओं से भरा हुआ है जिन्होंने अपनी शिक्षा एवम संस्कारों से विषम परिस्थितियों में भी अपने बच्चों को संस्कारवान बनाकर महापुरुषों की श्रेणी में स्थापित किया। रामकृष्ण परम हंस ,भक्त प्रह्लाद, स्वामी विवेकानन्द,वीर शिवाजी और हमारे भूतपूर्व राष्ट्रपति ए पी जे अब्दुल कलाम जैसे महापुरुषों को महान बनाने में उनकी माताओं की

बड़ी भूमिका है। सूचना क्रांति के इस युग में बच्चों को संस्कारित कर उनके भविष्य निर्माण में माँ की भूमिका और भी बढ़ गई है जिसके लिए हर माताओं को उठ खड़े होने की जरूरत है। उक्त बातें सेजेस सिंगपुर में दस गांव की एकत्रित माताओं से वहाँ के प्राचार्य डॉ व्ही पी चन्द्रा ने चर्चा के दौरान कही। बच्चों की शिक्षा दीक्षा में माँ की भूमिका विषय पर आयोजित चर्चा गोष्ठी में दस गांव से बड़ी संख्या में माताएं एकत्रित हुई थीं। इस गोष्ठी में चर्चा का मुख्य केंद्र बिंदु यह था कि यदि माताएँ घर पर बच्चों को संस्कारित करने का जिम्मा उठा लें तो दुनिया की कोई ताकत बच्चों को गलत रास्ते पर नहीं ले जा सकती।

आज हर माता पिता की शिकायत यही है कि बच्चे टी व्ही और मोबाइल के कारण बिगड़ रहे हैं। बच्चों में नैतिक एवम सांस्कारिक मूल्यों की कमी है। वे बड़े बुजुर्गों की बात नहीं मानते। ज्यादातर बच्चे किसी न किसी नशा के शिकार हैं। यही कारण है किआजकल मारपीट,लड़ाई झगड़ा ,चाकूबाजी सहज हो गया है। यह किसी एक स्कूल की नहीं बल्कि पूरे समाज की समस्या बन गई है। इसे माताएं ही रोक सकती है।

रेडक्रॉस सोसायटी जिला प्रबंध समिति का गठन

खैरागढ़ /नवप्रदेश। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की जिला स्तरीय सामान्य सभा की बैठक जिला कार्यालय सभा कक्ष में आयोजित की गई। जिसमें संरक्षक, उपसंरक्षक, आजीवन सदस्य उपस्थित हुए। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा द्वारा रेडक्रॉस सोसायटी की स्थापना उद्देश्य एवं कार्यप्रणाली के विषय में संक्षिप्त जानकारी देते कहा कि भारतीय रेड क्रास सोसायटी एक स्वैच्छिक मानवतावादी संगठन है,जो आपदा/आपातकालीन परिस्थिति में राहत एवं बचाव कार्य के लिए निःस्वार्थ भाव से तत्पर रहते हैं। वही असहाय लोगों की मदद, समुदायों के स्वास्थ्य और देखभाल के लिए भी बढ़ावा देता है। एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू द्वारा प्रबंध समिति के गठन की प्रकिया के विषय में उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया गया। पश्चात प्रबंध समिति के सदस्यों के निर्वाचन की प्रकिया प्रारंभ की गई। जिसमें चेयरमेन के पद पर विकांत सिंह, वाइस चेयरमेन के पद पर निलाम्बर वर्मा, कोषाध्यक्ष के पद पर सुधीर गोलछा एवं राज्य हेतु प्रतिनिधि बिसेसर दास साहू सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचित किए गए। रेडक्रॉस सोसायटी के जिला शाखा अध्यक्ष सह कलेक्टर द्वारा उपाध्यक्ष हेतु भागवतशरण सिंह को मनोनीत किया गया।

■ न्यूज गैलरी

रेल्वे प्रबंधन ने किया अनुबंध

भिलाई-03। निगम के साथ रेलवे प्रबंधन चरौदा ईकाई ने किया अनुबंध। रेलवे आवासीय कालोनी से निकलने वाले कचरे के निष्पादन हेतु बनी आपसी सहमति नगर निगम भिलाई 03 चरौदा कार्यालय के आयुक्त कक्ष में एक अनुबंध निगम प्रशासन एवं रेलवे प्रबंधन चरौदा के बीच किया गया । इस अनुबंध के अंतर्गत रखी गयी शर्ते और प्रबंध के तहत रेलवे प्रशासन अपने रहवासी कालोनी (भिलाई 03 एवं चरौदा) से दैनिक निकलने वाले कचरे को गीला और सूखा अलग-अलग करके निगम के एसएलआरएम सेंटर तक पहुंचायेगा । जिसके पश्चात् निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा कचरे का अंतिम निष्पादन किया जायेगा निगम कमिश्नर डी.एस. राजपूत के साथ रेलवे प्रशासन के उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा द्विपक्षीय वार्ता उपरांत अनुबंध कर भविष्य में मिलकर कार्य करने की सहमति दी गई । इस दौरान निगम के स्वास्थ्य अधिकारी अश्विनी चन्द्राकर के अलावा चरौदा रेलवे मंडल से अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.ए.बी. केरकेटा, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी शुमाशीष सरकार, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी दीपक सोनी एवं कार्यालय अधीक्षक विनोद मंडल मौजूद रहे ।

निगम ने चलाया बेदखली अभियान

भिलाई। निगम क्षेत्र के जोन-2 वैशालीनगर अंतर्गत ग्राम कुरूद शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा की शिकायत प्राप्त हुई थी। आयुक्त द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण पर रोक लगाने के निर्देश दिये थे, कि भिलाई शहर में कहीं भी अवैघ कब्जा न हो। निर्देश के बाद जोन 2 के राजस्व अमले ने कुरूद में शासकीय भूमि पर हुए अवैध कब्जे को बेदखल किया। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने बुधवार को समीक्षा बैठक में निर्देश दिए थे। कि निगम क्षेत्र में होने वाले अवैध कब्जे की मानिटरिंग कर रिक्त करवाएं। जिसके परिपालन में जोन आयुक्त येशा लहरे के निर्देश पर जोन 2 का राजस्व अमला ने बेदखल किया। सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे ने बताया कि कुरूद वार्ड 21 में मानसरोवर मंदिर के सामने मैदान में रहवासियो द्वारा शासकीय भूमि में तार धेरा कर अवैध कब्जा किया गया था, जिसे जेसीबी से हटाया और भूमि को समतल किया। कार्यवाही के दौरान पुषण देशमुख, अरूण सिह, हरि ताम्रकार, गुप्तानंद तिवारी, कृष्ण कुमार सुपैत, मदन मोहन तिवारी, प्रतिक तिवारी, जागेश्वर पटेल, तोडफोड दस्ता के प्रभारी अंजनी सिंह, कन्हैया यादव मौजूद थे।

जनसमस्या निवारण शिविर में 177 आवेदनों का निराकरण, योजनाओं से 42 लाभान्वित

समस्याओं का निराकरण तत्परतापूर्वक हो : विधायक चन्द्राकर

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिले के विकासखण्ड दुर्ग अंतर्गत ग्राम मचान्दुर में आज जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। ग्रामीण जनता की समस्याओं को सुनने-समझने और मौके पर निराकरण के लिए कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में इस शिविर में सभी विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। विधायक ललित चन्द्राकर मुख्य अतिथि के रूप में शिविर में सम्मिलित हुए। उन्होंने सभी विभागों के स्टॉलों में जाकर ग्रामीणों की समस्या संबंधी आवेदनों की जानकारी ली और अधिकारियों को निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। शिविर में विभिन्न विभागों को 218 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 177 आवेदन का मौके पर निराकरण किया गया। लंबित 41 आवेदन के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई है। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित 42 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। शिविर में शिक्षा, कृषि, आदिम जाति कल्याण, क्रेडा, श्रम, खाद्य, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, राजस्व, सहकारिता, पशुधन विकास, वन, मत्स्य पालन तथा पंचायत एवं ग्रामीण विभाग की अधिकारियों ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 05 नव वधुओं की गोदभराई और 05 नवनिहालों का अन्न प्रासन्न रश्म अदायगी की गई। विधायक श्री चन्द्राकर ने अपने करकमलों से नव वधुओं को सुपोषण, आहार का पैकेट और नवनिहालों को खीर से मुंह मीठा करायें। शासन की महत्वकांक्षी योजना महतारी वंदन से लाभान्वित 05 हितग्राही महिलाओं को शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार जल जीवन मिशन अंतर्गत 50 बच्चों को पानी बॉटल वितरण किया गया। शिविर के संबंध में विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जिला के सभी विभाग के प्रमुख अधिकारी शिविर में पहुंचे हैं, आम जनता अधिकारियों से रूबरू चर्चा कर अपनी समस्या संबंधी आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। सरकार की योजनाओं से जनता को लाभान्वित करने ऐसे शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता जनार्दन है और जनता की सेवा करना सरकार का दायित्व है। सरकार अपनी दायित्व विभागीय अधिकारियों के माध्यम से निर्वहन कर रहा है। सरकार समाज के सभी वर्गों के हित में काम कर रही है। सरकार पारदर्शिता के साथ काम कर रही है, ऐसे में अधिकारियों में पारदर्शिता झलकनी चाहिए। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने शिविर के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए शिविर में निराकृत आवेदनों एवं लंबित आवेदनों की जानकारी दी।

आसपास स्वच्छता रहेगी तभी स्वस्थ रहेंगे : ललित

रिसाली। सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर निगम द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत रैली निकालकर आम जनता को स्वच्छता संबंधी जानकारी दी गई। इस दौरान मुख्य अतिथि विधायक ललित चन्द्राकर ने कहा कि जब हम अपने आसपास स्वच्छ रखेंगे, वातावरण में स्वच्छता रहेगी, तभी हम और आस पास के लोग भी स्वस्थ रह सकेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे पीएम व मुख्यमंत्री भी स्वच्छता को लेकर हर मंच में प्रोत्साहित करते है। उन्होंने मां कल्याणी शीतला मंदिर के समीपवर्ती स्थानों की सफाई में अपना योगदान भी दिया। विधायक श्री चन्द्राकर ने आगे कहा कि सरकार महतारी वंदन योजना के अंतर्गत महिलाओं को नियमित रूप से एक हजार, निर्धन एवं जरूरतमंद लोगों को पीएम आवास योजना का लाभ मिल रहा है। 70 वर्ष के वृद्धजनों को स्वास्थ्यगत समस्याओं के निराकरण हेतु आयुष्मान कार्ड से 5 लाख रूपए तक के मुफ्त इलाज किए जाऐंगे।

माता बहादुर कलारिन की प्रतिमा चौपाटी मार्ग में होगी स्थापित, एमआईसी से मिली मंजूरी

पुलगांव में 30 व उरला में 47 एमएलडी एसटीपी होगा स्थापित

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगर निगम के डाटा सेंटर में मेयर इन काउंसिल (एमआईसी) की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में विभिन्न एजेंडा पर चर्चा करते हुए विकास कार्य को स्वीकृति दी गई। डाटा सेंटर में मेयर धीरज बाकलीवाल की अध्यक्षता में एमआईसी की बैठक शुरू हुई। बैठक में महापौर धीरज बाकलीवाल, आयुक्त सुमित अग्रवाल सहित एमआईसी के सभी सदस्य निगम के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहें। सबसे पहले वर्ष 2021 में प्रदूषित जल को शिवनाथ नदी में जाने से रोकने हेतु एसटीपी का निर्माण लगातार शहरी सरकार द्वारा प्रयासरत थे, जिसका आज एमआईसी की बैठक में सर्वसम्मति से निर्माण करवाने का निर्णय लिया गया है।जिसकी निविदा प्रक्रिया हो चुकी है।बता दे कि शहर क्षेत्र अंतर्गत दो स्थानों पुलगांव में 30 एमएलडी एवं उरला में 47 एमएलडी का निर्माण जल्द किया जाएगा। किसकी लागत 144 करोड़ की निविदा की जा चुकी है।इसके अलावा छत्तीसगढ़ कलार समाज की ईष्ट देवी माता बहादुर कलारिन की मूर्ति स्थापना हेतु गौरव पथ मार्ग में उतई रोड सुराना कालेज के सामने, चौपाटी के पास, चर्च की ओर जाने वाली तिगड्डा के पास स्थल चयन किया गया हैं। जिसकी स्वीकृति महापौर परिषद की बैठक में दी गई।

छत्तीसगढ़ कलार समाज की ईष्ट देवी माता बहादुर कलारिन की मूर्ति स्थापना राशि 19.50 लाख का प्राक्कलन को स्वीकृति मिली। वार्ड 1 गयानगर 33 केवी पावर स्टेशन के पास डॉ बीआर अंबेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन निर्माण कार्य को स्वीकृति दी गई। स्वास्थ्य विभाग वाहन/ उपकरण क्रय हेतु। कर्मशाला विभाग,वाहन/उपकरण क्रय हेतु।लोक कर्म विभाग, अटल परिसर निर्माण हेतु प्रत्येक नगर निगम को राशि रु. 50 लाख की प्राविधिक स्वीकृति प्रदान की गई। राजस्व विभाग शहर क्षेत्रांतर्गत वार्डों से जाति प्रमाण पत्र बनाये जाने आवेदको द्वारा 61 आवेदन जमा कराया गया, प्राप्त आवेदनों को वार्ड एआरआई को स्थल पंचनामा सत्यापन एवं दस्तावेजों की जांच हेतु दिया गया था। वार्ड एआरआई द्वारा 09 आवेदनों को पात्र किया गया हैं, जिसमें 52 आवेदन अपात्र किया। 1984 के पूर्व छत्तीसगढ़ राज्य के सीमा क्षेत्र के अंतर्गत निवासरत् होने का स्पष्ट उल्लेख नहीं होने के कारण जाति प्रमाण पत्र बनाये जाने हेतु सूची को पात्र/अपात्र कर समस्त आवेदनों को एमआईसी में रखे जाने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया। नलघर शॉपिग काम्पलेक्स के प्रथम तल एवं द्वितीय तल रिक्त है. जिसे उपरोक्तानुसार स्थानीय लाभ को दृष्टिगत रखते हुए आईआईटी पार्क स्थापना हेतु स्वीकृति एव किराया दर निर्धारण हेतु विभाग द्वारा प्रस्तुत किया हैं। इस दौरान एमआईसी सदस्य अब्दुल गनी, संजय कोहले, दीपक साहू, भोला महोविया, शंकर ठाकुर, हमीद खोखर, जमुना साहू,अनूप चंदानिया, सत्यवती वर्मा, मनदीप सिंह भाटिया, उपायुक्त मोहेंद्र साहू, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, मोहनपुरी गोस्वामी, सहायक अभियंता संजय ठाकुर, मोहित मरकाम, बाजार अधिकारी थानसिंह यादव मौजूद थे।

आईआईटी पार्क स्थापना हेतु आबंटन की स्वीकृति

स्वीकृति के परिपालन में नगर पालिक निगम क्षेत्रांर्गत जेल तिराहा के समीप, ठगड़ा बांध के किनारे अटल परिसर निर्माण हेतु निम्नानुसार प्रस्ताव तैयार किया गया हैं। पूर्व से स्थापित स्थानीय उद्योगों को रिसर्च एवं डेवलपमेंट की सुविधा प्राप्त होगी। नलघर शॉपिग काम्पलेक्स के प्रथम तल एवं द्वितीय तल रिक्त है. जिसे उपरोक्तानुसार स्थानीय लाभ को दृष्टिगत रखते हुए आईआईटी पार्क स्थापना हेतु आई आई.टी भिलाई अस्थायी रूप से 3 वर्ष की अवधि के लिए आवंटन किये जाने की स्वीकृति एव किराया दर निर्धारण हेतु विभाग द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया हैं।

गुणवत्तापूर्ण के साथ समयावधि में पूर्ण हो कार्य

समीक्षा बैठक में निर्माण कार्यो में लेट लपेती,आयुक्त हुए सख्त

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विभिन्न विकास कार्यो के विषयों पर विस्तृत चर्चा हेतु समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में मुख्य रूप से अधोसंरचना, राज्यप्रवर्तित, सांसद निधि, विधायक निधि, पार्षद निधि, मूलभूत एवं 15वें वित्त आयोग से कराये जा रहे विकास कार्यो की समीक्षा की गई। आयुक्त ने सभी अधिकारियो को निर्देशित किए है, कि जो भी विकास कार्य कराये जा रहे है, वह गुणवत्तापूर्ण के साथ समय अवधि में पूर्ण की जाए। प्रातः भ्रमण कर अलग-अलग जोन क्षेत्रो का निरीक्षण किए मौके पर अधिकारियो द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यो का मॉनिटरिंग किए थे। अधिकारियो को निर्देशित किए जो भी कमी हो रही है उसका तत्काल निराकरण किया जाए। बैठक में विकास कार्यो के संबंधित अधिकारी से कार्य की प्रगति की स्थिति की जानकारी प्राप्त किए। जो ठेकेदार कार्य में विलम्ब या गुणवत्तापूर्ण या कार्य में लापरवाही बरती जा रही है। उन ठेकेदारो को बैलैक लिस्ट करने के निर्देश आयुक्त ने दिए है। नए कार्यो के लिए प्रस्ताव बनाने से लेकर कार्यादेश होने एवं कार्य पूर्ण होने की प्रक्रिया समय सीमा में होनी चाहिए। बैठक में अधीक्षण अभियंता, जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, राजस्व अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, उद्यान अधिकारी एवं निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

सेकंड हैंड वाहन बेचने वाले दुकानों पर पुलिस का छापा, मची हड़कंप

■ **सशक्त एप से चोरी हुए वाहनों की चेकिंग अभियान**

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। यातायात पुलिस ने आज गुरुवार को सेकंड हैंड बाइक बेचने वाले दुकानों पर छापे मार कर्रवाई की। इस कार्रवाई से पुराने वाहन बेचने वाले व्यापारियों में हड़कंप मच गया। चोरी के वाहनों की पहचान के लिए सुपेला क्षेत्र में ट्रैफिक्र पुलिस ने निरीक्षण किया। वाहन डीलरो के दुकान के 100 से अधिक बाइक के वाहन नंबर, इंजन नंबर, चेसिस नंबर को चेक किया गया। बता दें कि वाहन चोरों द्वारा अक्सर चोरियों के गाड़ियों का नंबर प्लेट बदलकर और ऋष्ट क्भ्शद्म में हेराफेरी कर सेकंड हैंड वाहन बेचने वालों को बेच दिया जाता है। इसलिए जब भी पुरानी वाहन खरीदे तो कागजातों की जांच जरूर करें। वरना चोरी की बाइक खरीदने पर आपको भी जेल जाना पड़ सकता है। जानकारी के अनुसार सुपेला क्षेत्र के सभी वाहन डीलरों के प्रतिष्ठानों की गहन जांच की गई। सुपेला क्षेत्र में सेकंड हैंड दोपहिया वाहन बेचने वाले ऑटो डीलर्स के यहां खड़े वाहनों की जांच की गई। इस जांच के दौरान सशक्त ऐप का उपयोग कर यह सुनिश्चित किया गया कि कहीं वाहन चोरी के तो नहीं हैं। 100 से अधिक वाहनों को जांच सशक्त एप के माध्यम से की गई, जिससे यह सुनिश्चित किया गया कि किसी भी वाहन का संबंध चोरी की घटनाओं से न हो। यह अभियान वाहन चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने और वैध व्यापार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है।इसके साथ ही, सुपेला क्षेत्र के वाहन डीलरों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे सर्विस रोड से अपने वाहनों को तुरंत हटा लें। ऐसा न करने की स्थिति में संबंधित व्यापारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी और इसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। पुलिस प्रशासन की यह पहल क्षेत्र में वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने और व्यापारियों को नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए की गई है। ट्रैफिक्र पुलिस द्वारा यह संदेश दिया गया है कि सभी व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों पर खड़े वाहनों की जांच कर सुनिश्चित करें कि वे वैध हैं। चेकिंग अभियान जारी रहेंगे ताकि चोरी के वाहनों की खरीद-फरोख्त पर पूर्ण विराम लग सके।

संकल्पों में बहुत शक्ति है, इन्हें व्यर्थ न करें : शारदा

भिलाई। भौतिक सुख सुविधाओं का अंबार है, लेकिन फिर भी मनुष्य आत्मशक्तिहीन होकर सच्चे प्यार, शक्ति, प्रेम की तलाश में दर-दर के ठोकरे खा रहे हैं। सच्चा निस्वार्थ प्रेम और साथ परमात्मा के सिवाय कोई नहीं दे सकता। यह बातें अहमदाबाद अंबावाड़ी की निदेशिका राजयोगिनी शारदा दीदी ने सेक्टर-7 पीस ऑडिटोरियम में कही। उन्होंने बताया कि पुण्य कर्मो के बल और स्वयं को दुआओं से भरपूर कर जीवन में दैवीय संस्कारों की धारणा करनी है। जिस तरह हम मोबाइल की चार्जिंग प्रतिदिन हैं, वैसे ही आत्मा की बैटरी को भी हमें परमात्मा रूपी चार्जर से प्रतिदिन कुछ घड़ियां निकालकर चार्ज करना है।

क्वालिटी सर्किल, चैप्टर कन्वेंशन में संयंत्र को मिला सम्मान

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। विगत दिनो 'क्वालिटी सर्किल फोरम ऑफ इण्डिया के तिरुपति चैप्टर द्वारा तमिलनाडु में आयोजित क्वालिटी सर्कल के चैप्टर कन्वेंशन-2024 में महाप्रबंधक (व्यावसायिक उत्कृष्टता विभाग) मनोज दुबे को 'चैम्पियन ऑफएक्सीलेंस' अवार्ड से सम्मानित किया। कन्वेंशन में देशभर के 57 औद्योगिक एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की 300 से अधिक टीमों ने भाग लिया था। जिसमें भिलाई इस्पात संयंत्र की 6 टीमों ने भाग लिया। उक्त अवसर पर 'क्वालिटी सर्किल फोरम ऑफइण्डिया' के भिलाई चैप्टर में क्वालिटी सर्किल मूवमेंट में उत्कृष्ट योगदान एवं समन्वय के लिए विशेष सम्मान 'चैम्पियन ऑफ एक्सीलेंस' अवार्ड मनोज दुबे को प्रदान किया गया। कन्वेंशन में व्यावसायिक उत्कृष्टता विभाग के सीनियर एनालिस्ट सुनील देशमुख को बेस्ट कोऑर्डिनेटर का अवार्ड प्रदान किया गया, जो इन सभी टीमों के साथ समन्वय बनाकर उन्हें उचित मार्गदर्शन करते हुए उनका प्रदर्शन निखारने में अपना योगदान देते हैं। यह प्रतिष्ठित अवार्ड प्राप्त होने पर संयंत्र कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) पवन कुमार ने मनोज दुबे एवं सुनील देशमुख को बधाइयाँ देते हुए संयंत्र की क्वालिटी सर्किल टीमों के प्रयासों की सराहना की। श्री कुमार ने भरोसा जताया कि, क्वालिटी सर्किल टीमों द्वारा किए गए छोटे-छोटे किंतु महत्वपूर्ण मॉडिफिकेशन्स से न केवल हमें टेक्नो-इकोनॉमिक लाभ होता है।

छावनी से ट्रांसपोर्ट नगर मुख्य मार्ग लंबे समय से खस्तहाल : मनीष

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं श्रीराम जन्मोत्सव समिति युवा शाखा अध्यक्ष मनीष पाण्डेय ने आज छावनी क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने छावनी तिरंगा चौक से ट्रांसपोर्ट नगर मुख्य मार्ग तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के नवनिर्मित भवन का अवलोकन किया। छावनी से ट्रांसपोर्ट नगर मुख्य मार्ग की मरम्मत को लेकर विगत लंबे समय से स्थानीय लोगों द्वारा मांग की जा रही थी, जिस पर श्री पाण्डेय ने निगम के अधिकारियों से चर्चा की। इस दौरान 400 मीटर लंबा यह मुख्य मार्ग लंबे समय से खस्ताहाल है, जिसके मरम्मत के संबंध में स्थानीय लोगों द्वारा लगातार मांग की जा रही थी। इस संबंध में श्री पाण्डेय ने आज जोन -4 आयुक्त से जल्द से जल्द रोड के संधारण की चर्चा की। साथ ही उन्होंने नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सकों एवं स्टाफ से भी केंद्र में लोगों को मिलने वाली सुविधाओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र निर्मित होने से यहां लोगों को काफी राहत मिलेगी। इस दौरान पार्षद वीणा चंद्राकर, गिरीजा बंछोर, ईश्वरी नेताम, राकेश बंछोर, निखिल ताठे, आशुतोष पाण्डेय सहित स्थानीय लोग उपस्थित थे।

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./02/अ-20(3)/ वर्ष 2024-25

आवेदक केदार आ. स्व. गुरूप्रसाद निवासी वार्ड कं. 06 ठेठवार पारा दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग में स्थित नजूल भूमि शीट क्रमांक 28 डी भूखंड क्रमांक 25 क्षेत्रफल 161 वर्गमीटर धारकगण कौशिल्या पति स्व. गुरुप्रसाद, केदार, महेश, कु.वर्षा, कु. मोहिनी पिस. स्व. गुरूप्रसाद नि. ठेठवार पारा दुर्ग के संयुक्त नाम पर नजूल अभिलेख मे दर्ज है। धारकगण के मध्य उक्त भूखण्ड का पंजीकृत बटवारानामा दिनांक 20.11.2024 को निष्पादित किया गया है। पंजीकृत बटवारानामा अनुसार पक्षकार कं. 1 कौशल्या पति स्व. गुरूप्रसाद, वर्षा आ. स्व. गुरूप्रसाद, मोहिनी आ स्व. गुरूप्रसाद को उक्त भूखण्ड नजूल भूमि शीट कमांक 28 डी भूखण्ड कमांक 25 क्षेत्रफल 161 का टु क्षेत्रफल 77.39 वर्गमीटर पक्षकार कं.-2 केदार आ. स्व. गुरूप्रसाद को नजूल भूमि शीट कमांक 28 डी भूखंड क्रमांक 25 क्षेत्रफल 161 का टु. क्षेत्रफल 46.45 वर्गमीटर तथा पक्षकार कं.3- महेश आ. स्व. गुरूप्रसाद को नजूल भूमि शीट कमांक 28 डी भूखंड कमांक 25 क्षेत्रफल 161 का टु. क्षेत्रफल 37.37 वर्गमीटर बटवारा / हिस्से में प्राप्त हुआ है। आवेदक द्वारा उक्त पंजीकृत बटवारानामा के आधार पर प्रश्नाधीन भूखण्ड पर नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 26.12.2024 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03.12.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद्रमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./01/अ-20(3)/ वर्ष 2024-25

आवेदक अवध राम आ. स्व. ईश्वरी निवासी वार्ड कं. 32 ढीमरपारा दुर्ग एवं अन्य 17 द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग में स्थित नजूल भूमि शीट कमांक 29 सी भूखंड कमांक 124/1 क्षेत्रफल 227.25 वर्गमीटर धारकगण अवध, गोविंद पिस.स्व. ईश्वरी, दीपक, राकेश, देवेन्द्र, रूपा पिस.स्व.रामजी, उर्मिला पति स्व. रामजी, दादू, आरती पिस.स्व. चेतन, झुन्नी पति स्व. चेतनदेव, केशव, पूनक पिस. स्व. मनहरण, कंचन पति स्व. मनहरण, विनोद, सूरज, संगीता पिस. स्व. लखन, रामबाई पति स्व. लखन नि. ढीमरपारा दुर्ग के संयुक्त नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारकगण के मध्य उक्त भूखण्ड का पंजीकृत बटवारानामा दिनांक 20.11.2024 को निष्पादित किया गया है। पंजीकृत बटवारानामा अनुसार पक्षकार कं.1- अवध राम आ. स्व. ईश्वरी को उक्त नजूल भूमि शीट कमांक 29 सी कमांक 124/1 का टु क्षेत्रफल 36.52 वर्गमीटर पक्षकार कं. 02- गोविंद आ. स्व. ईश्वरी को उक्त भूखण्ड नजूल भूमि शीट कमांक 29 सी कमांक 124/1 का टु क्षेत्रफल 35.03 वर्गमीटर, पक्षकार कं0 03- दीपक आ. राम जी वगैरह को उक्त नजूल भूमि शीट कमांक 29 सी कमांक 124/1 का टु क्षेत्रफल 30.57 वर्गमीटर, पक्षकार कं0 04- दादू आ. स्व. चेतन वगैरह को उक्त नजूल भूमि शीट कमांक 29 सी कमांक 124/1 का टु क्षेत्रफल 34.29 वर्गमीटर तथा पक्षकार कं. 05- विनोद आ. स्व. लखन वगैरह को उक्त नजूल भूमि शीट कमांक 29 सी कमांक 124/1 का टु क्षेत्रफल 36.61 वर्गमीटर बटवारा/हिस्से में प्राप्त हुआ है। आवेदकगण द्वारा उक्त पंजीकृत बटवारानामा के आधार पर प्रश्नाधीन भूखण्ड पर नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 26.12.2024 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 03.12.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद्रमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./22/अ-20(3)/ वर्ष 2024-25

आवेदक मनीष अग्रवाल आ. स्व. मोतीलाल अग्रवाल निवासी ऋषभ ग्रीन सिटी दुर्ग एवं अन्य 01 की ओर से अधिवक्ता श्री संजीव तिवारी द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट कं. 29 ए प्लाट नं. 22 रकबा 227 वर्गमीटर भूमि धारक द्वारका प्रसाद आ. रूढमल अग्रवाल मो. ब्राम्हण पारा दुर्ग के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक द्वारका प्रसाद की मृत्यु हो चुकी है, मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न नहीं। मृतक धारक के वारिसान उनके पुत्र मोतीलाल, मदनलाल है, जिसमें से मोतीलाल की मृत्यु दिनांक 05.08.2023 को एवं मदनलाल की मृत्यु दिनांक 06.01.1988 को हो चुकी है। मृतक मोतीलाल के वारिसान उनके पुत्र-पुत्री शशि, किरण, मनीष, बबीता, रजनीश अग्रवाल है। मृतक मदनलाल के वारिसान उनके पुत्र-पुत्री प्रेम अग्रवाल, प्रमोद, कैलाश, प्रदीप, रेखा है, इसके अलावा अन्य वारिसान नहीं है। मृतक स्व. मोतीलाल द्वारा अपने जीवनकाल में दिनांक 03.05.2019 को अपने पुत्र मनीष अग्रवाल एवं रजनीश अग्रवाल के नाम पर पंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया है। आवेदक द्वारा उक्त भूखण्ड से मृतक धारक का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर उनके वारिसानों/वसीयत उत्तराधिकारियों का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 26.12.2024 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.11.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद्रमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./23/अ-20(3)/ वर्ष 2024-25

आवेदक मनीष अग्रवाल आ. स्व. मोतीलाल अग्रवाल निवासी ऋषभ ग्रीन सिटी दुर्ग एवं अन्य 01 की ओर से अधिवक्ता श्री संजीव तिवारी द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट क. 29 डी प्लाट नं. 123 रकबा 46 वर्गमीटर भूमि धारकगण द्वारका प्रसाद आ. रूढमल, गोपाल प्रसाद आ. बद्रीनारायण, श्रीमती रामबती बाई वि0 बद्रीनारायण निवासी ब्राम्हणपारा दुर्ग के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। सहधारक गोपाल प्रसाद की मृत्यु दिनांक 04.03.2004 को हो चुकी है, मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न है। सहधारक द्वारका प्रसाद एवं श्रीमती रामबती की भी मृत्यु हो चुकी है, किन्तु मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न नहीं है। मृतक सहधारक द्वारका प्रसाद के वारिसान उनके पुत्र मोतीलाल, मदनलाल है, जिसमें से मोतीलाल की मृत्यु दिनांक 05.08.2023 को एवं मदनलाल की मृत्यु दिनांक 06.01.1988 को हो चुकी है। मृतक मोतीलाल वो वारिगान उनके पुत्र-पुत्री शशि, किरण, मनीष, बबीता, रजनीश अग्रवाल है। मृतक मदनलाल के वारिसान उनके पुत्र-पुत्री प्रेम अग्रवाल, प्रमोद, कैलाश, प्रदीप, रेखा है। मृतक सहधारक गोपाल प्रसाद के वारिसान उनकी पति व पुत्र पुत्री एवं मृतक सहधारक रामबती के वारिसान उनकी बहू व पौत्र-पौत्री धापली देवी, सविता अग्रवाल, सतीश, दीपक, प्रीति अग्रवाल है। इसके अलावा अन्य वारिसान नहीं है। मृतक स्व. मोतीलाल द्वारा अपने जीवनकाल में दिनांक 03.05.2019 को अपने पुत्र मनीष अग्रवाल एवं रजनीश अग्रवाल के नाम पर पंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया है। आवेदक द्वारा उक्त भूखण्ड से मृतक धारकों का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर उनके वारिसानों / वसीयत उत्तराधिकारियों का नाग दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 26.12.2024 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 28.11.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद्रमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./21/अ-20(3)/ वर्ष 2024-25

आवेदक मनीष अग्रवाल आ. स्व. मोतीलाल अग्रवाल निवासी ऋषभ ग्रीन सिटी दुर्ग एवं अन्य 01 द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट के 29 ए प्लाट नं. 59 रकबा 413 वर्गमीटर भूमि धारकगण द्वारका प्रसाद आ. रूढमल, गोपाल प्रसाद आ. बद्रीनारायण, श्रीमती रामबती बाई वि0 बद्रीनारायण निवासी ब्राम्हणपारा दुर्ग के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। सहधारक गोपाल प्रसाद की मृत्यु दिनांक 04.03.2004 को हो चुकी है, मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न है। सहधारक द्वारका प्रसाद एवं श्रीमती रामबती की भी मृत्यु हो चुकी है, किन्तु मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न नहीं है। मृतक सहधारक द्वारका प्रसाद के वारिसान उनके पुत्र मोतीलाल, मदनलाल है, जिसमें से मोतीलाल की मृत्यु दिनांक 05.08.2023 को एवं मदनलाल की मृत्यु दिनांक 06.01.1988 को हो चुकी है। मृतक मोतीलाल के वारिसान उनके पुत्र-पुत्री शशि, किरण, मनीष, बबीता, रजनीश अग्रवाल है। मृतक मदनलाल के वारिसान उनके पुत्र-पुत्री प्रेम अग्रवाल, प्रमोद, कैलाश, प्रदीप, रेखा है। मृतक सहधारक गोपाल प्रसाद के वारिसान उनकी पति व पुत्र पुत्री एवं मृतक सहधारक रामबती वो वारिसान उनकी बहु व पौत्र-पौत्री धापली देवी, सविता अग्रवाल, सतीश, दीपक, प्रीति अग्रवाल है। इसके अलावा अन्य वारिसान नहीं है। मृतक स्व. मोतीलाल द्वारा अपने जीवनकाल में दिनांक 03.05.2019 को अपने पुत्र मनीष अग्रवाल एवं रजनीश अग्रवाल के नाम पर पंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया है। आवेदक द्वारा उक्त भूखण्ड से मृतक धारकों का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर उनके वारिसानों/वसीयत उत्तराधिकारियों का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विबाराधीन है। अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 26.12.2024 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।आज दिनांक 28.11.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद्रमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./20/अ-20(3)/ वर्ष 2024-25

आवेदक मनीष अग्रवाल आ. स्व. मोतीलाल अग्रवाल निवासी ऋषभ ग्रीन सिटी दुर्ग एवं अन्य 01 द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट कं. 30 बी प्लाट नं. 47 रकबा 248 वर्गमीटर भूमि धारकगण गोपाल प्रसाद आ. बद्रीनारायण, द्वारिका प्रसाद आ. रूढमल निवासी गंजपारा दुर्ग के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। सहधारक गोपाल प्रसाद की मृत्यु दिनांक 04.03.2004 को हो चुकी है, मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न है। सहधारक द्वारका की भी मृत्यु हो चुकी है, किन्तु मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न नहीं है। मृतक सहधारक गोपाल प्रसाद के वारिसान उनकी पति धापली देवी पुत्र-पुत्री सविता अग्रवाल, सतीश, दीपक, प्रीति अग्रवाल है। मृतक सहधारक द्वारका प्रसाद के वारिसान उनके पुत्र मोतीलाल, मदनलाल है, जिसमें से मोतीलाल की मृत्यु दिनांक 05.08.2023 को एवं मदनलाल की मृत्यु दिनांक 06.01.1988 को हो चुकी है। मृतक मोतीलाल के वारिसान उनके पुत्र-पुत्री शशि, किरण, मनीष, बबीता, रजनीश अग्रवाल है। मृतक मदनलाल के वारिसान उनके पुत्र-पुत्री प्रेम अग्रवाल, प्रमोद, कैलाश, प्रदीप, रेखा है। इसके अलावा अन्य वारिसान नहीं है। मृतक स्व. मोतीलाल द्वारा अपने जीवनकाल में दिनांक 03.05.2019 को अपने पुत्र मनीष अग्रवाल एवं रजनीश अग्रवाल के नाम पर पंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया है। आवेदकगण द्वारा उक्त भूखण्ड से मृतक धारकों का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर उनके वारिसानों/वसीयत उत्तराधिकारियों का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 26.12.2024 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.11.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद्रमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430104800055

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी चिनमोय दास पिता/पति-स्व. मधुसुदन दास पता-मकान नं. 427 ब्लाक-7 गुलमोहर अपार्टमेंट इ ब्लाक तलपुरी गेट-1 पनतीचौक रुआबांधा भिलाई, लाली मोहनती पिता/पति-स्व. मधुसुदन दास पता-मकान नं. 427 ब्लाक-7 गुलमोहर अपार्टमेंट इ ब्लाक तलपुरी गेट-1 पनती चौक रुआबांधा भिलाई, लीता दास पिता/पति-स्व. मधुसुदन दास पता-मकान नं. 427 ब्लाक-7 गुलमोहर अपार्टमेंट इ ब्लाक तलपुरी गेट-1 पनती चौक रुआबांधा भिलाई, दीप्ती दास पिता/पति-स्व. मधुसुदन दास पता-मकान नं. 427 ब्लाक-7 गुलमोहर अपार्टमेंट इ ब्लाक तलपुरी गेट-1 पनती चौक रुआबांधा भिलाई, के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 467/71(0.0300) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता लीता दास पिता/पति-स्व. मधुसुदन दास पता-मकान नं. 427 ब्लाक-7 गुलमोहर अपार्टमेंट इ ब्लाक तलपुरी गेट-1 पनती चौक रुआबांधा भिलाई, लाली मोहनती पिता/पति-स्व. मधुसुदन दास पता-मकान नं. 427 ब्लाक-7 गुलमोहर अपार्टमेंट इ ब्लाक तलपुरी गेट-1 पनती चौक रुआबांधा भिलाई, चिनमोय दास पिता/पति-स्व. मधुसुदन दास पता-मकान नं. 427 ब्लाक-7 गुलमोहर अपार्टमेंट इ ब्लाक तलपुरी गेट-1 पनती चौक रुआबांधा भिलाई के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 02/01/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदारदुर्ग पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10.12.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00039 बोरसी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430104700029

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00039 के अंतर्गत ग्राम बोरसी के वर्तमान भूमिस्वामी जसपाल सिंह आ. लखविंदर सिंह पिता/पति सर्वजीत सिंह आ. कुंदन सिंह पता दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 248/133(0.0040) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता इन्द्रपाल सिंह पिता/पति स्व. सर्वजीत सिंह सोनी पता कादम्बरी नगर दुर्ग, ममता कौर पिता/पति स्व. सर्वजीत सिंह सोनी पता कादम्बरी नगर दुर्ग, पूनम कौर पिता/पति स्व. सर्वजीत सिंह सोनी पता कादम्बरी नगर दुर्ग, जसपाल सिंह पिता/पति स्व. लखविंदर सिंह पता कादम्बरी नगर दुर्ग, श्रीमती रेशम कौर पिता/पति स्व. सर्वजीत सिंह सोनी पता कादम्बरी नगर दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 26.12.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09.12.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

1 वर्ष विश्वास का विकास का

सेवा, समर्पण और सुशासन के एक वर्ष

मा. उप मुख्यमंत्री जी द्वारा छत्तीसगढ़ की जनता के हित में किए गए विभागीय कार्य

1 वर्ष
सुशासन के
जन विश्वास के
विकास के
मोदी की गारंटी पर
जन मुहर के

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग

हर घर जल से शुद्ध पेयजल (राशि- 4500 करोड़)

- नल जल योजनाओं हेतु भू-जल स्रोतों के निर्माण का कार्य-2527
- उच्च स्तरीय जलागार के निर्माण अंतर्गत पूर्ण किये गये टंकी कार्य-2711
- ग्राम सभा के माध्यम से हर घर जल प्रमाणिकरण किये ग्रामों की संख्या-1139
- 100 प्रतिशत एफ.एच.टी.सी. रिपोर्टेड ग्रामों की संख्या-1062
- पंचायतों द्वारा संचालित योजनाओं की संख्या-1874
- जल परीक्षण प्रयोगशालाओं के माध्यम से 1,09,112 केमिकल टेस्ट किये गये।
- जल परीक्षण प्रयोगशालाओं के माध्यम से 68,253 बैक्टिरियल टेस्ट किये गये।
- राज्य के भू-जल प्रभावित ग्रामों के लिये बनाई गई 9 समूह जलप्रदाय योजनाएं लागत रु. 850.00 करोड़ के कार्यों की स्वीकृति जारी कर कार्य प्रारंभ किये गये।

2. पी.एम. जनमन कार्यक्रम के तहत 451 बसाहटों के लिये राशि रु. 19.72 करोड़ के कार्य की स्वीकृति।

लोक निर्माण विभाग

लोक निर्माण से लोक हित तक - (राशि ₹3000 करोड़ की योजनाएं स्वीकृत)

- प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त कार्यों की संख्या 274 लागत राशि रू. 1556.70 करोड़।
- भारत सरकार अंतर्गत सी.आर.एफ. स्वीकृत कार्यों की संख्या 08 लागत राशि रु. 892.00 करोड़।
- राष्ट्रीय राजमार्ग हेतु रु. 529.00 करोड़ के निर्माण कार्य।
- 2537.00 कि.मी. के सड़क कार्य पूर्ण किये गये।
- नवीनीकरण अंतर्गत पूर्ण किये गये 787 कि.मी.।
- भवन निर्माण के पूर्ण कार्यों की संख्या - 116
- वृहद एवं मध्यम सेतु पूर्ण किये गये संख्या- 106
- राष्ट्रीय राजमार्ग पर निर्माण किये गये कि.मी. 120.00 कि.मी.।

विधि एवं विधायी कार्य विभाग

1. बीजापुर में जिला एवं सत्र न्यायालय, राज्य में 10 अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश के न्यायालय, 27 व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 के न्यायालय, 13 व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 के न्यायालय, मुंगेली में फास्ट ट्रेक कोर्ट के न्यायालय एवं कटघोरा में परिवार न्यायालय की स्थापना हेतु पदों के सृजन आदेश जारी किया गया।
2. व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 (एन्ट्री लेवल) के 50 पदों पर भर्ती पूरी की गई।
3. नारायणपुर में जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश का न्यायालय दिनांक 04.11.2024 से, पाटन में जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश का न्यायालय दिनांक 02.09.2024 से, एवं मुंगेली, पेण्ड्रारोड, सक्ती, खैरागढ़ में एक-एक जिला एवं सत्र न्यायाधीश का फास्ट ट्रेक कोर्ट का न्यायालय दिनांक 02.09.2024 से चालू करने की अधिसूचना जारी की गई।
4. दुर्ग में 2, भिलाई-3 में 1, जांजगीर में 1, चांपा में 1, कवर्धा में 1, महासमुंद में 1, रायगढ़ में 2, सारंगढ़ 1, पत्थलगांव में 1 तथा रायपुर में 3 कुल 14 व्यवहार न्यायाधीश (जूनियर डिवीजन) के न्यायालय दिनांक 01.08.2024 एवं आरंग जिला-रायपुर में व्यवहार न्यायाधीश (जूनियर डिवीजन) के न्यायालय दिनांक 02.12.2024 से चालू करने की अधिसूचना जारी की गई।
5. जिला न्यायालयों में न्याय प्रशासन एवं अधोसंरचना विकास कार्य के अंतर्गत लगभग दो सौ चालीस करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग

विकास के पथ पर अग्रसर छत्तीसगढ़ (राशि- 7300 करोड़ से अधिक की योजनाएं स्वीकृत)

1. प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अन्तर्गत कुल 1 लाख 97 हजार 128 आवास का निर्माण पूर्ण किया गया। योजना हेतु राशि रु. 657.21 करोड़ की राशि जारी।
2. PM आवास (शहरी) 2.0 अंतर्गत द्वितीय चरण में अधिक से अधिक लाभार्थी के चयन हेतु हितग्राहियों का सर्वेक्षण -रैपिड असेसमेंट सर्वे का कार्य राज्य के 189 नगरीय निकायों में प्रारंभ किया जा चुका है।
3. स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 अंतर्गत विगत 11 माह में 78 नगरीय निकायों में 141 आकांक्षीय शौचालयों हेतु कुल राशि रु. 28.25 करोड़ की परियोजनाएँ स्वीकृत की गई।
4. अनुपचारित जल प्रबंधन (Used Water Management) घटक अंतर्गत 14 नगरीय निकायों हेतु राशि रु. 73.56 करोड़ की परियोजनाएँ तथा भारत सरकार द्वारा शहरी ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु राशि रु. 230.00 करोड़ के एक्शन प्लान की स्वीकृति।
5. अमृत मिशन 2.0 अंतर्गत शहरी जल प्रदाय योजनाओं के लिए राशि रु. 1675 करोड़ की 33 परियोजनाएं स्वीकृत एवं राशि रु. 1023 करोड़ की 22 परियोजनाएं प्रगतिरत।
6. 05 शहरों में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण हेतु राशि रु. 865.00 करोड़ स्वीकृत। प्रगतिरत योजनाओं हेतु 22 निकायों को रु. 233.90 करोड़ की राशि जारी।
7. दीनदयाल अंत्योदय योजना अंतर्गत शहरी पथ विक्रेताओं के कल्याण हेतु 28,125 आवेदनों पर राशि रु. 48.97 करोड़ की वित्तीय सहायता, बैंकों के माध्यम से पीएम स्व निधि योजना अंतर्गत जारी।
8. दीनदयाल अंत्योदय योजना अंतर्गत 17,376 महिला सदस्यों के साथ 1991 स्व सहायता समूह गठित, 1701 समूहों को राशि रु 1.70 करोड़ की आवर्ती निधि, 2152 शहरी गरीबों को व्यक्तिगत ऋण, 270 समूह ऋण तथा 1945 समूहों को बैंक लिंकेज इस प्रकार राशि रु. 91.83 करोड़ की वित्तीय सहायता प्रदान कराई गई है। उत्कृष्ट कार्य हेतु राष्ट्रीय स्तर पर स्पार्क अवॉर्ड से सम्मानित।
9. प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना अंतर्गत रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई और कोरबा के लिए 240 ई- बसों की स्वीकृति प्राप्त की गयी। साथ ही बस डिपो सिविल इंफ्रास्ट्रक्चर तथा चार्जिंग स्टेशन निर्माण हेतु राशि 40.17 करोड़ जारी।
10. मोर संगवारी सेवा के तहत 2 लाख से अधिक हितग्राहियों ने घर बैठे अपने दस्तावेज प्राप्त किये।
11. मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत 24.57 लाख से अधिक मरीजों का इलाज किया गया है। 22.16 लाख मरीजों को मुफ्त दवा वितरित, 6.85 लाख मरीजों को मुफ्त लैब टेस्ट का लाभ मिला, मुख्यमंत्री दाई दीदी क्लीनिक के तहत में महिला स्पेशल एम.एम.यू में महिला विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा 1.51 लाख से अधिक महिला मरीजों का उपचार किया गया है।
12. श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स योजना अंतर्गत विगत 11 माह में निकायों द्वारा राशि रु. 179.18 करोड़ एमआरपी की दवाइयाँ राशि रु. 70.64 करोड़ में विक्रय से 49.22 लाख नागरिकों को राशि रु. 108.54 करोड़ की बचत का लाभ दिया गया है।
13. शहरों में मूलभूत सुविधाओं के विकास हेतु अधोसंरचना मद अंतर्गत विगत 11 माह में राशि रु 748 करोड़ की नवीन स्वीकृति तथा राशि रु. 854 करोड़ की किश्त राशि जारी की गई तथा अन्य मदों में राशि रु 733.45 करोड़ निकायों को प्रदान की गई।
14. 15वें वित्त आयोग अंतर्गत राशि रु.659.21 करोड़ की परियोजनाओं की स्वीकृति जारी।
15. राज्य प्रवर्तित योजना अंतर्गत राशि रु. 18.90 करोड़ की नवीन स्वीकृति तथा राशि रु. 30.77 करोड़ की किश्त जारी।
16. नगरीय निकायों में प्री-ऑडिट, एनर्जी ऑडिट जैसे शहरी रिफॉर्म लागू किए गए है। इससे शहरों को सालाना 800-1000 करोड़ की बचत संभावित है।
17. नगर पालिकाओं तथा नगर पंचायतों में प्रशासनिक कसावट लाने तथा जवाबदेही बढ़ाने मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को एकल हस्ताक्षर के अधिकार दिए गए है।
18. 22 नवीन नगरीय निकायों का गठन किया गया।

विनीत - समस्त भाजपा कार्यकर्ता, विधानसभा लोरमी

जीपीएम को पर्यटन स्थल के रूप में पहचान दिलाने में जिला प्रशासन की सार्थक पहल





पर्यटन विकास के साथ-साथ स्थानीय लोगों की आजीविका के लिए जिला प्रशासन कर रहा लगातार प्रयास

■ यहां की वादियों में प्राकृतिक सुंदरता का अनुपम नजारा

गौरेला पेंड्रा मरवाही /नवप्रदेश। साल के घने वनों से आच्छादित और नैसर्गिक झरनों, गुफाओं, पहाड़ो-पठारों से युक्त, आठ नदियों-अरपा, सोन, तान, तीपान, बम्हनी, जोहिला, मलनिया एवं ऐलान के उद्गम स्थल के कारण प्राकृति सौन्दर्य से शुमार है गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिला। सत्ता का विकेन्द्रीकरण के तहत 10 फरवरी 2020 को बिलासपुर जिले से अलग कर जीपीएम जिले का गठन किया गया। पृथक जिला बनने के बाद से जीपीएम जिले को पर्यटन जिला के नाम से एक नई पहचान दिलाने जिला प्रशासन द्वारा पर्यटन स्थलों का विकास, पर्यटकों की सुविधा और स्थानीय लोगों को आजीविका उपलब्ध कराने के लिए सार्थक पहल किया जा रहा है।

जीपीएम जिले में पर्यटन की असीम संभावनाओं को देखते हुए जिला प्रशासन ने गगनई नेचर कैंप के विस्तृत जलाशय में नौकायन शुरू करा दिया है। राजमेरगढ़, ठाड़पथरा, लक्ष्मणधारा, माई का मड़वा, झोझा जलप्रपात, जोगी गुफा आदि स्थानों पर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सौंदर्यीकरण के साथ ही पर्यटकों की सुविधा के लिए कैंटीन एवं बैरियर का निर्माण किया गया है। इन स्थानों पर ट्रैकिंग, कैंपिंग व अन्य गतिविधियां कराई जा रही हैं। पर्यटन स्थलों की देखरेख एवं संधारण के लिए स्थानीय पर्यटन समितियों का गठन किया गया है। पर्यटन समितियों को रात्रि भ्रमण के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। स्थानीय युवाओं को ट्रैकिंग, हॉस्पिटैलिटी आदि का प्रशिक्षण दिया गया है।

स्थानीय पर्यटन समितियों के माध्यम से बस्ती बगरा और सोन बचरवार में होम स्टे संचालित किया जा रहा है। झोझा जलप्रपात घूमने आने वाले पर्यटक प्रकृति की वादियों में बसे आदिवासी ग्राम बस्ती बगरा में संचालित होम स्टे का आनंद ले सकते हैं। कम्युनिटी विलेज स्टे भी लमना ग्राम पंचायत में स्थानीय पर्यटन समिती द्वारा संचालित कराया जा रहा है, जिसमें पर्यटकों को पारंपरिक संस्कृति से भी जोड़ा जाता है। सोन बचरवार जहां से सोन नदी का उद्गम स्थल माना जाता है, और पूरे विश्व में सिर्फ एक मात्र मंदिर जहां पर मां नर्मदा और शोणभद्र जी की एक साथ प्रतिमा देखने को मिलती है, यहां पर माघ पूर्णिमा में एक विशाल मेले का भी आयोजन कराया जाता है। यह गांव धार्मिक महत्वता के लिए भी प्रसिद्ध तीर्थ स्थान है यहां पर भी सोन बचारवार होम स्टे है, जो कि पर्यटन समिति द्वारा संचालित कराए जा रहे हैं। पर्यटन स्थल ठाड़पथरा में मड हाउस बनाया जा रहा है, इसका भी संचालन स्थानीय पर्यटन समिति द्वारा किया जाएगा।

जिले में धनपुर एक पुरातत्विक् स्थल है, जहां पर पर्यटन समिति के द्वारा विशालकाय पत्थर पर उभरी हुई मूर्ति बेनीबाई को संरक्षित किया जा रहा है। यहां खुदाई से प्राप्त मूर्तियों एवं अवशेषों का संरक्षण भी किया जा रहा है। धनपुर में मूर्ति संग्रहालय का निर्माण कराया जा रहा है। पर्यटन विकास के तहत मलनिया डैम में खनिज न्यास मद से एक्वा टूरिज्म एवं वाटर स्पोर्ट्स की स्वीकृति दी गई है, जिसका संचालन मछुआ सहकारी समिति द्वारा किया जाना है। प्राकृतिक सौन्दर्य से परिपूर्ण जिले का पर्यटन स्थल स्थानीय पर्यअकों को ही नही बल्कि विदेशी पर्यटकों को भी खूब भा रहा है। जिला प्रशासन जिले के सभी दुर्लभ एवं आकर्षक पर्यटन क्षेत्रों के विकास के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है। कबीर चबूतरा से लेकर समुदलई तक प्रत्येक पर्यटन स्थल की जीवंतता एवं सुरम्यता आने वाले दिनों में पूरे देश में जिले की ख्याति बढ़ाएगी।

जिले के पर्यटन स्थलों के प्रचार प्रसार के लिए जिला प्रशासन द्वारा कॉफी टेबल बुक बनाई गई है तथा जिले की पर्यटन स्थलों को इंटरनेट के माध्यम से लोगो तक पहुंचाने के लिए www.gpmtourism.com ववेबसाइट बनाई गई है। इस वेबसाइट के माध्यम से पर्यटन

> गौरेला पेण्ड्रा मरवाही जिले की प्राकृतिक सुन्दरता और पर्यटन की भरपूर संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन के द्वारा पर्यटन क्षेत्रों के विकास के साथ-साथ स्थानीय जनजीवन के लिए भी कार्य किया जा रहा है।
>
> **- लीना कमलेश मंडावी**
> **कलेक्टर, जीपीएम**

न्यूज़ गैलरी

थार गाड़ी को किया आग के हवाले

मुंगेली/नवप्रदेश। पुरानी रंजिश और विवाद के चलते बदले की भावना से एक थार गाड़ी को आग लगाकर जलाने वाले आरोपियों को मुंगेली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान सिद्धू उर्फ सिद्धांत ठाकुर और योगेश्वर सिंह आर्मो के रूप में हुई है। इन दोनों ने प्रार्थी आयुष ठाकुर के साथ के पूर्व विवाद के कारण गाड़ी को जलाया था। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने इस मामले की जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपियों का पता चला और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने बदले की भावना से आयुष ठाकुर की महिंद्रा थार गाड़ी को आग के हवाले किया था। यह घटना 26 नवंबर 2024 की रात 2:00 बजे के आसपास हुई, जब आयुष ठाकुर की गाड़ी एस. एन. जी. कॉलेज के सामने उनके मकान के पास रोड के किनारे खड़ी थी और किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसे आग लगा दी। इस सूचना के बाद, थाना सिटी कोतवाली मुंगेली पुलिस ने अपराध क्रमांक 490/24 धारा 326(द्ध)बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

क्राइम कंट्रोल ही प्राथमिकता : एसपी

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य सरकार ने पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल किया है। लाल उमेद सिंह को रायपुर एसपी बनाया गया है वहीं रायपुर एसपी संतोष सिंह को सहायक पुलिस महानिरीक्षक पुलिस मुख्यालय में पदस्थ किया गया है। इसके अलावा एसपी कोरिया आईपीएस सूरज सिंह परिहार को 14 वीं बटालियन बालोद भेज गया है। वहीं आईपीएस रवि कुर्रे को कोरिया का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। जारी आदेश में राज्य पुलिस सेवा के अधिकारी हरीश राठौर को एसपी सीएम सिक्योरिटी बनाया गया है।

सड़क हादसे में युवक की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम पारागांव मेनरोड में बाइक सवार युवक हादसे का शिकार हो गया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में आरंग थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक चंदूलाल धृतलहरे 31 वर्ष ग्राम छटेरा का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 06 जीजे 4413 से कहीं जा रहा था, तभी ग्राम पारागांव मेनरोड में वह अनियंत्रित होकर गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकीर मौत हो गई। मामले में आरंग पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। मौदहापारा पुलिस ने नवभारत प्रेस के पीछे चाकू लहराते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार मौदहापारा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि नवभारत प्रेस के पीछे एक युवक चाकू लेकर आम लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी मोहम्मद असफाक 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से चाकू जब्त किया है।

प्रेमीजोड़े ने फांसी लगाकर दी जान

कोरबा/नवप्रदेश। एक प्रेमी जोड़े की खेत में पेड़ पर लटकी लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। सुबह खेत पर काम करने आए लोगों ने पेड़ पर लटकी लाश की सूचना पुलिस को दी। उरगा थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घटना की जांच में जुटी है। यह घटना उरगा थाना क्षेत्र ग्राम सुपातराई के आश्रित मोहल्ला तिहलापताई की है। प्रेमी जोड़े की अब तक पहचान नहीं हो सकी है। घटना स्थल से पर्स, रुमाल और एक बाइक मिली है, इसके आधार पर मृतकों की पहचान करने में पुलिस जुटी है। आसपास गांवों में मुनादी भी कराई जा रही है।

कालोनी की पार्किंग से एक्टिवा पार

रायपुर/नवप्रदेश। हिमालयन हाईट देवपुरी स्थित कालोनी के पार्किंग से अज्ञात चोर ने एक्टिवा पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रंजीत सिंह 50 वर्ष ब्लॉक 2 हिमालयन हाईट देवपुरी की रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 केसी 9249 को कालोनी के पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दी। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

सड़क निर्माण से उड़ रही धूल, हजारों लोग हो रहे सांस, फेफडों की बीमार से पीड़ित

■ हजारों लोगों के गले और आंखों में संक्रमण

■ निर्माण के दौरान नहीं हो रहा पानी छिड़काव,

■ निर्माण सामग्री ढोने वाले वाहनों की लापरवाही

■ डीएवी स्कूल के बच्चों की जान खतरे में

■ कलेक्टर और जनप्रतिनिधि शिकायत के बावजूद बने लापरवाह

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। किरंदुल से दंतेवाड़ा तक लगभग 40 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण नाहर कंस्ट्रक्शन कंपनी दुर्ग द्वारा लोगों की सुविधा के लिए किया जा रहा है लेकिन ठेकेदार की लापरवाही से गाड़ी चलते ही धूल का घना गुब्बार उड़ता हैं, जो राहगीरों के लिए जी का जंजाल बन गया है। क्षेत्र में दिनभर धूल और मिट्टी से स्कूल आने जाने वाले बच्चे, कर्मचारी, अधिकारी, आम जनता, सड़क किनारे स्थित दुकान व घर के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस कारण लोग खांसी, दमा के मरीज बन गए हैं। स्थानीय लोगों ने निर्माणाधीन सड़क पर पानी डालने की मांग करते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है।

गौरतलब है कि सड़क पर उडऩे वाली धूल कुछ साल से स्थानीय लोगों की मुख्य समस्या में शुमार हो चुकी है। हवा में धूल का स्तर बढऩे से लोग परेशान हैं। धूल के कारण लोग और वाहन चालकों का सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। सेहत के नजरिए से भी लोगों की मुश्किल बढ़ रही है। सांस के जरिए शरीर में जा रही धूल से स्वास्थ्य संबंधी मामले भी बढ़ रहे हैं। धूल की समस्या की वजह से लोग कई सालों से परेशानी का सामना कर रहे हैं। इस संबंध में स्थानीय लोगों ने कलेक्टर से लेकर विधायक से शिकायत की है, लेकिन इसके बाद भी समस्या का निराकरण नहीं किया जा रहा है।

अनियमितताओं को लेकर ग्रामीण दे चुके हैं ज्ञापन

संबंधित कंपनी द्वारा रोड निर्माण के दौरान बरती जा रही अनियमितताओं को लेकर स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा एसडीएम , कलेक्टर और निर्माण कंपनी के अधिकारियों को ज्ञापन दिया गया है। लेकिन उसके बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है।

भारी वाहन निकलने से सड़क जर्जर, लगता है जाम

रेत-गिट्टी से भरे हाईवे, ट्रक लोहा गिट्टी निकलने से वह पूरी तरह से जर्जर हो गया है। स्थिति यह है कि सड़क के कई स्थानों पर गहरे गड्ढे हो गए हैं। बुधवार को मार्ग के सुबह 9.30 बजे एक नाले में एक ट्रक फंस गया। जिससे उस रोड पर ट्रैफिक जाम हो गया।

ये कहा अधिकारी ने

दंतेवाड़ा लोकनिर्माण विभाग के एसडीओ भौरिया ने इस समस्या पर कहा कि मैं अभी ठेकेदार से बात कर पानी डालने के लिए बोलता हूं

कंपनी के अधिकारियों को निर्देश दिए जाएं

दंतेवाडा से किरंदुल मार्ग पर संबंधित कंपनी द्वारा उड़ते धूल रोकने के लिए नियमित पानी का छिड़काव नहीं किया जा रहा है।

एलर्जी के साथ खांसी, दमा और सांस की समस्या

दंतेवाडा से किरंदुल मार्ग से हर रोज 1 हजार से अधिक छोटे-बड़े वाहनों का जगदलपुर रायपुर ओडिशा आंध्र प्रदेश महाराष्ट्र आदि स्थानों पर आना जाना होता है। इसके अलावा इस मार्ग गीदम बालूद दंतेवाडा आदि के लोगों का कहना है कि इस रोड पर उड़ती धूल से खांसी, दमा, सांस, एलर्जी खुजली और फेफड़ों में इंफेक्शन की समस्या गांव के लोगों को होने लगी है। स्थिति यह है कि मुंह पर कपड़ा बांधकर चलने के बाद भी धूल के बारीक कण नाक और आंख में घुस जाते हैं।

नागरिकों ने बयां की दुश्वारियां

स्थानीय निवासी रमेश कागदेलवार ईश्वर उईके महेश कुमार ठाकुर गोविंद देवागन शैलेश धीरेन्द्र पिंटू चिंटू आदि का कहना है कि रोड का निर्माण कर रही नाहर कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा रोड पर धूल दबाने के लिए पानी का छिड़काव नहीं किया जा रहा है। इस कारण से जब कोई बड़ा वाहन सड़क से निकलता है तो धूल की वजह से पीछे अन्य वाहन चालकों को आगे का कुछ दिखाई नहीं देता है। इस कारण से पिछले दो वर्षों में कई एक्सीडेंट भी हो चुके हैं। इसके अलावा रोड के किनारे बसे वार्ड के हजार ग्रामीण लोग धूल के कारण परेशान हैं।

सिर्फ कुछ दिन डाला गया था पानी

स्थानीय लोगों ने बताया कि कुछ दिन पहले खबर छपने पर दंतेवाड़ा से करजेनार मार्ग पर पानी डालकर सड़क निर्माण करने वाली एजेंसी द्वारा अपने जिम्मेदारी से इतिश्री कर ली गई। उसके बाद फिर सड़क पर धूल ही धूल नजर आ रही है। जबकि सड़क निर्माण करने वाले को सुबह-शाम व दोपहर तीन समय सड़क पर पानी डालना अनिवार्य है। लेकिन निर्माण एजेंसी द्वारा ऐसा नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है।

नल कनेक्शन से मिलने लगा शुद्ध पेयजल

■ सुखमती बाई के घर में लगा नल का कनेक्शन. मिल रहा सुबह-शाम पानी

कोरबा/नवप्रदेश। कुछ महीने पहले तक घर से बाहर के हैंडपंप में जाकर सुबह-शाम पानी भरकर घर लाना कोथारी गांव की महिला सुखमती बाई की दिनचर्या थी। वह रोज सबेरे उठ जाती, गांव की अन्य महिलाओं के बीच अपनी बारी आने पर हैंडपम्प के नीचे अपना बर्तन रखती और हाथों से हैंडपम्प चलाती, फिर पानी घर लाती। कई सालों तक इसी तरह घर में पानी का इंतजाम करती आईं सुखमती बाई को पानी तो मिल जाता था, लेकिन वह इस पानी से खुश नहीं थी। इतनी मेहनत करने के बाद पानी लाने वाली सुखमती बाई जब कभी पानी पीती तो उन्हें इसका स्वाद बिल्कुल भी नहीं भाता था, क्योंकि पानी में लोहे का स्वाद आता था। घर के अन्य सदस्यों को भी पानी का स्वाद पसंद नहीं था। हैंडपंप के अलावा पानी का कोई विकल्प नहीं होने की वजह से सभी मजबूरी में लोहे का स्वाद वाला पानी पी जाते थे। अब जबकि जल जीवन मिशन से गांव के घरों में नल लग गया है तो सुखमती बाई सहित परिवार के अन्य सदस्यों और गांव के लोगों को पानी का स्वाद बढ़िया लगता है। उन्हें पानी लोहा-लोहा नहीं लगता।

सीएम साय को ग्रामीणों ने दिया धन्यवाद

उनहोंने बताया कि पानी का नल लगने के बाद पानी से जुड़ी सभी समस्याएं दूर हो गई है। न तो उन्हें पानी निकालने के लिए मेहनत करनी पड़ती है और न ही घर लाना पडता है। घर में जरूरत के हिसाब से पानी को इक्_ा करते हैं और उपयोग में लाते हैं। उन्होंने जल जीवन मिशन के माध्यम से घरों में नल कनेक्शन देने की पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे पानी की समस्या से जूझ रहे सभी लोगों को राहत मिली है। पानी आज सबसे पहली जरूरत है और इसके बिना कुछ भी काम संभव नहीं है। गौरतलब है कि केन्द्र एवं राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से जल जीवन मिशन योजना के तहत ग्रामीणजनों को हर घर तक शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

एसयूवी वाहन से मादक पदार्थ बरामद

■ आरोपी वाहन चालक ने गाड़ी एक्सीडेंट के बाद मादक पदार्थों को झाड़ियों में रखा था

धमतरी/नवप्रदेश। दिनांक 11-12-24 को धमतरी पुलिस थाना केरेगांव को यह सूचना मिली की ग्राम माड़मसिल्ली सियारीनाला पुलिया के पास एक वाहन एक्सीडेंट होकर पलट गया है जिसकी की सूचना पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची। जहां पर पुलिया के नीचे एक वाहन महिन्द्रा कंपनी का एक्सयूवी 500 क्रमांक एचआर 2620 यू 9823 गिरा पड़ा था। जिसके पास एक व्यक्ति खड़ा था जिससे नाम पता पूछने पर अपना नाम प्रदीप कुमार पिता सुभाषचन्द्र उम्र 31 वर्ष निवासी ग्राम कानो थाना अग्रोहा जिला हिसार (हरियाणा) का रहने वाला बताया। जिसके बाद एक्सीडेंट हुये वाहन की तलाशी लेने पर उसमें 04 पैकेट गांजा मिला। जिसके बाद आरोपी को कड़ाई से पूछताछ करने पर बताया कि और गांजा का पैकेट नाला में झाड़ियों के बीच में छुपा कर रखा हूँ। जिसके बाद झाड़ी के पास जाकर तलाशी लिया गया जहां पर 63 पैकेट गांजा मिला।

ठंड का कहर... *मैनपाट में जमी ओस, नशे में सड़क पर सोए युवक की मौत*

ठंड से ठिठुरा छत्तीसगढ़ : 24 घंटे में 4 डिग्री गिरा पारा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट का दौर जारी है, जिससे कड़ाके की ठंड पड़ रही है। बलरामपुर में ठंड से युवक की मौत हो गई। राजेंद्र पंडो पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने गया था। जहां वो शराब पीकर सड़क किनारे सो गया था, जिससे उसकी जान चली गई।

बता दें पिछले 24 घंटे में कई जिलों में रात का पारा सामान्य से 4 डिग्री तक गिरा है। मैनपाट में घास और पत्तों पर ओस की बूंदें जमने लगी हैं। रायपुर में करीब 10 साल बाद दिसंबर के दूसरे सप्ताह में पारा 11 डिग्री से नीचे पहुंचा है। बुधवार को माना में रात का तापमान 10 डिग्री रहा। रायपुर और दुर्ग में पिछले 2 दिनों में नाइट टेंपरेचर 5 से 7 डिग्री तक कम हुआ है।

मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक मौसम साफ होने और वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर खत्म होने के बाद न्यूनतम तापमान में गिरावट हो रही है। अगले 4 दिनों तक रात के तापमान में कोई विशेष बदलाव होने की संभावना नहीं है।

सरगुजा संभाग में ऐसा रहा तापमान: यहां न्यूनतम तापमान सामान्य से 3 से 5 डिग्री कम बना हुआ है। बुधवार को बलरामपुर में रात का पारा 6.3 डिग्री रिकॉर्ड हुआ, वहीं सरगुजा में 6.9, जशपुर 11.3 और कोरिया में 7 डिग्री तापमान रहा।

बिलासपुर संभाग में जीपीएम सबसे ठंडा

बिलासपुर संभाग में सबसे ठंडा गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिला रहा। यहां रात का तापमान 7.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से 4.8 डिग्री कम था। वहीं दिन का तापमान 23.9 डिग्री रहा, जो औसत से 2.8 डिग्री कम रहा। बिलासपुर में न्यूनतम तापमान 12.9, कोरबा 9.6 और मुंगेली में 9 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया ।

दुर्ग संभाग में भी लगातार गिर रहा पारा: दुर्ग संभाग में भी रात के तापमान में लगातार गिरावट जारी है। रात का तापमान 9.5 डिग्री रिकॉर्ड दर्ज किया, जो सामान्य से करीब 4 डिग्री कम रहा। वहीं दिन का तापमान 29.4 डिग्री रहा, जो औसत से 1.8 डिग्री अधिक था। राजनांदगांव में 12.5 डिग्री, बालोद में 11.8 डिग्री न्यूनतम तापमान रहा।

बस्तर संभाग में ऐसा रहा मौसम: बस्तर संभाग के जिलों में भी रात का तापमान सामान्य से 3 से 5 डिग्री कम है। बुधवार को नारायणपुर में रात का तापमान 10.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। कांकेर में 15.2, बस्तर, 14.5, दंतेवाड़ा 13.6 और बीजापुर में 13.5 डिग्री न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया।

नशीली दवाएं बेचने वाले मेडिकल संचालकों पर गिरी गाज

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर में बड़े पैमाने पर नशीली दावों के कारोबार को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थी। राज्य के गृह मंत्री व स्वास्थ्य मंत्री द्वारा विभागीय समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देश के परिपालन में तथा नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन के मार्गदर्शन में बुधवार को औषधि विभाग एवं बिलासपुर पुलिस विभाग के लगभग 60 अधिकारियों की 15 संयुक्त टीमों ने बिलासपुर जिले के विभिन्न क्षेत्र पुराना बस स्टैण्ड, तोरवा, मोपका, लिगियाडीह, चिगराजपारा, चॉटीडीह, सरकण्डा, यदुनंदन नगर, तारबहार, जरहाभाठा, बहतराई, सकरी, मंगला, मंगला चौक, विद्या नगर, आदि में संचालित 45 मेडिकल स्टोर्स में छापा मारा। इस दौरान टेस्ट परचेस किया गया। मंगला स्थित जेके मेडिकल स्टोर में बिना प्रिस्किपशन के नारकोटिक्स दवाओं का विक्रय पाया गया, जिसमें विभाग द्वारा कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा, 15 दुकानों मां गायत्री मेडिकल, महराणा प्रताप चौक, जोया मेडिकल सीएमडी चौक, आनंद मेडिकल स्टोर बस स्टैण्ड, प्रतीक मेडिकल स्टोर चिगराजपारा, श्रीराम मेडिकल स्टोर अशोक नगर, सारिका मेडिकल स्टोर मोंपका, मों मेडिसीन कॉर्नर लिगियाडीह, शुक्ला मेडिकल चिगराजपारा, मॉ गौरी मेडिकल, जैन मेडिकल मंगला, ओम शिव मेडिकल मंगला चौक, शिव ओम मेडिकल स्टोर सकरी, पराग मेडिकोज तारबाहर, चंद्रा मेडिकोज जरहाभाठा, अनिल मेडिकल जरहाभाटा में नारकोटिक्स दवाएं बरामद की गई हैं। जिनका क्रय-विक्रय अभिलेख फर्म द्वारा मौके पर प्रस्तुत नहीं किया जा सका।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, फोन : 0771-3526755, 6262188999